ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 10 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 157 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

# सावन का पहला सोमवार आज, जमकर बरसेगी महादेव की कृपा



**शशि भूषण शर्मा। रांची**

देवों के देव महादेव को सावन मास समर्पित है। इस महीने की शुरूआत से पहले भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि का संचालन भोलेनाथ करते हैं। सावन महीने में भगवान शिव की पूजा के साथ सोमवार व्रत का विशेष महत्व है। इस महीने में भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए उनका जलाभिषेक किया जाता है। इस साल सावन मास का महत्व और अधिक बढ़ रहा है क्योंकि इस साल सावन एक महीने नहीं बल्कि दो महीने रहेगा। इस पवित्र महीने के दौरान, भक्त उपवास रखते हैं, जिसे सावन सोमवार व्रत के रूप में जाना जाता है, जहां वे सूर्योदय से सूर्यास्त तक भोजन और पानी का सेवन करने से परहेज करते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित बासुदेव तिवारी ने बताया कि सावन माह 4 जुलाई से आरंभ होकर 31 अगस्त तक रहेगा। सावन के महीने में 59 दिन रहेंगे। 18 जुलाई से लेकर 16 अगस्त तक सावन अधिकमास रहेगा। इस बार 18 जुलाई से 16 अगस्त तक मलमास रहेगा। श्रावण मास के दौरान अधिकमास पड़ रहा है, इसलिए उस दौरान पूजा-अर्चना करने से भगवान हरि के साथ ही भोलेनाथ की भी जमकर कृपा बरसेगी। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, इस साल सावन और अधिकमास का एक साथ पड़ना शुभ योग माना जा रहा है। मान्यता है कि अधिकमास और सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ के साथ विष्णुजी की पूजा की जाती है। कहा जाता है ऐसा करने से व्यक्ति को इन दोनों देवताओं की कृपा बरसती है। हिंदू मान्यता के अनुसार यदि किसी के विवाह में बाधा आ रही हो तो उस जातक को सावन के सभी सोमवार का व्रत करना चाहिए। ऐसा करने से शादी में आ रही सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। इसके साथ ही यदि घर में धन की कमी है तो सावन के सोमवार को शमी के पेड़ की जड़ शिवलिंग पर चढ़ाएं फिर उसे अपनी तिजोरी में लाकर रख दें। इस उपाय को करने से धन से जुड़ी परेशानियों से निजात मिलेगी।

### सावन सोमवार की तिथियां

- **10 जुलाई**- सावन का पहला सोमवार
- **17 जुलाई**- सावन का दूसरा सोमवार
- **24 जुलाई**- सावन का तीसरा सोमवार
- **31 जुलाई**- सावन का चौथा सोमवार
- **07 अगस्त** - सावन का पांचवा सोमवार
- **14 अगस्त**- सावन का छठा सोमवार
- **21 अगस्त**- सावन का सातवां सोमवार
- **28 अगस्त**- सावन का आठवां सोमवार
- **31 अगस्त**- सावन समाप्त

### अधिकमास की तिथि

- **18 जुलाई**- सावन का अधिकमास शुरू
- **16 अगस्त**- सावन के अधिकमास समाप्त

### सावन महीने पूजा-विधि

- सुबह जल्दी उठ जाएं और स्नान आदि से निवृत्त होने के बाद साफ वस्त्र धारण करें।
- घर के मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित करें।
- सभी देवी- देवताओं का गंगा जल से अभिषेक करें।
- शिवलिंग में गंगा जल और दूध चढ़ाएं।
- भगवान शिव को पुष्प अर्पित करें।
- भगवान शिव को बेल पत्र अर्पित करें।
- भगवान शिव की आरती करें और भोग भी लगाएं। इस बात का ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है। भगवान शिव का अधिक से अधिक ध्यान करें।

### सोमवती अमावस्या व सर्वार्थ सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग

**सोमवती** अमावस्या एक बहुत दुर्लभ योग है। साल 2023 में कुल तीन सोमवती अमावस्या के योग बने हैं। साल की पहली सोमवती अमावस्या 20 फरवरी को फाल्गुन मास में पड़ी थी, जबकि इस साल की दूसरी सोमवती अमावस्या सावन मास में आगामी 17 जुलाई को है, जो बहुत ही विशेष और फलदायिनी है। इन दिन सर्वार्थ सिद्धि का भी दुर्लभ संयोग बन रहा है।

## रांची में सावन की पहली सोमवारी पर गुलजार होगा पहाड़ी शिव मंदिर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज सावन की पहली सोमवारी है और राजधानी के विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। श्रद्धालुओं से शिव मंदिर गुलजार होंगे। रांची के पहाड़ी शिव मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं में असीम श्रद्धा और भक्ति है। सावन के महीने में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते हैं।

**मंदिर की साफ-सफाई कराई गई :** विभिन्न इलाकों के कावंरियां भी कांवर लेकर बाबा को जल चढ़ाने आते हैं। सावन को लेकर कमेटी द्वारा मंदिर की साफ-सफाई कराई गई है। कांवर रखने के लिए बांस का स्टैंड भी बनाया गया है। इसी तरह पहाड़ी शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर भगवान शंकर का जलाभिषेक करते हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड विस का मानसून सत्र 28 से

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू होगा जो कि चार अगस्त तक चलेगा। सत्र को लेकर जो भी औपचारिकता है उन्हें पूरा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इसका प्रस्ताव 11 जुलाई को निर्धारित कैबिनेट में लाया जाएगा। इसको लेकर सरकार और विपक्ष ने तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्रीय विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को चिन्हित करना शुरू कर दिया है, ताकि प्रमुखता से सदन में उठा सकें। सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 का प्रथम अनुपूरक बजट आएगा। इसके लिए 11 जुलाई को होने वाली कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा।

### दंपती हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत बड़ी झरना स्थित भावानाथ कॉलोनी में दंपति हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो स्मार्टफोन मोबाइल बरामद किया गया है। घटना का कारण पारिवारिक विवाद रहा है। एसडीपीओ राजेंद्र दूबे ने रविवार को जिरवाबाड़ी ओपी में बताया कि सुमित यादव उर्फ पप्पू यादव और उसकी पत्नी मिली सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित पुत्र गोलू यादव उर्फ विष्णु यादव उर्फ लालू यादव व उसके दोस्त नीतेश यादव को गिरफ्तार किया है।

## गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की

# कक्षपाल होंगे नियुक्त

### भूतपूर्व सैनिकों को 20 हजार रुपये प्रति माह मानदेय दिया जायेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के चार केंद्रीय कारा में 600 भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति होगी। इनमें रांची बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, केंद्रीय कारा दुमका, केंद्रीय कारा हजारीबाग और केंद्रीय कारा घाघीडीह जमशेदपुर शामिल हैं। ये नियुक्ति संविदा के आधार पर एक साल के लिए होगी। हालांकि, आवश्यकता अनुसार अनुबंध की अवधि को विस्तारित किया जायेगा और नियमित नियुक्ति होने पर अनुबंध पर रखे गये भूतपूर्व सैनिकों की सेवा समाप्त कर दी जायेगी। इसको लेकर गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को 20 हजार रुपये प्रति माह मानदेय दिया जायेगा। प्रत्येक वर्ष सेवा अवधि के उपरांत निर्धारित मानदेय में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी की जायेगी। अनुबंध पर रखे गये इन कर्मियों को एक वर्ष में केवल 20 दिन का क्षतिपूर्ति अवकाश देय होगा। सरकारी ड्यूटी के दौरान नियमानुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता देय होगा। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर राज्य पुलिस कर्मियों को जो अनुग्रह अनुदान देय है, वह उन्हें भी देय होगा लेकिन आश्रितों को नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं होगा। झारखंड के चार जेलों में 624 पदों पर कक्षपालों की नियुक्ति होने वाली थी, जिसे पिछले महीने रद्द कर दिया गया था। इसको लेकर गृह कारा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया था। जारी आदेश में कहा गया था कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार, केंद्रीय कारा दुमका और केंद्रीय कारा घाघीडीह में 624 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों का कक्षपाल के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया की गयी थी।

# अमन साव गिरोह के रडार पर एक दर्जन कोयला कारोबारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता पर फायरिंग के बाद अमन साव के गुर्गो ने कई कारोबारियों को फोन पर धमकाना शुरू कर दिया है। रांची, लातेहार व चतरा के कोयला कारोबारियों को अमन साव का गुर्गा बताने वाले मयंक सिंह ने फोन करना शुरू कर दिया है। मयंक सिंह ने फोन कर कई लोगों से रंगदारी की मांग की है, साथ ही पैसे नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी मयंक के द्वारा दी जा रही है।

### रंजीत गुप्ता को बताया था गिरोह के निशाने पर

**मई** महीने में अमन साव को लातेहार पुलिस ने रिमांड पर लिया था। रिमांड पर लिए जाने के बाद अमन साव ने बताया था कि चंदवा का रंजीत गुप्ता गिरोह के निशाने पर है। इसके ठीक दो माह के बाद रंजीत गुप्ता को अरगोड़ा में गोली मार दी गई। अमन साव ने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में बताया था कि वह मौका मिलते ही बालूमाथ के राजेंद्र साहू को गोली मार देगा। उसने लातेहार के विकास कुमार तिवारी, खलारी के अब्दुला अंसारी, आदि निशाने पर रखने की बात पुलिस को बतायी थी।

### किन-किन लोगों से मांगी जा रही रंगदारी

**राजेंद्र** साहू, टीटीआईपीएल के विकास तिवारी, कोयला ट्रांसपोर्टर मुजम्मिल खान, बालूमाथ के डीओ होल्डर मनोज यादव, अंबे कंपनी शिवपुर रेलवे साइडिंग के सुमित चटर्जी, कोयला ट्रांसपोर्टर विपिन मिश्रा, रांची के ट्रांसपोर्टर विष्णु अग्रवाल, चतरा के ट्रांसपोर्टर व गणनायक कोल एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के अमित सिंह, रामगढ़ के लिफ्टर नेपाल यादव, सिकनी ट्रक ऑनर एसोसिएशन के रंजन लाल शाहदेव, सहित अन्य से रंगदारी की मांग की है।

## रिम्स में बना विश्राम गृह 15 से होगी शुरुआत

### 20 करोड़ की लागत से बना विश्राम गृह बनकर तैयार हो गया है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स के मरीजों के तीमारदारों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें रात बिताने के लिए रैन बसेरा या फिर किसी निजी होटल में नहीं जाना पड़ेगा। लगभग 20 करोड़ की लागत से बना विश्राम गृह अब बनकर तैयार हो गया है। अब कुछ ही दिनों में एनटीपीसी और ऊर्जा विभाग के सहयोग से बन रहे विश्राम गृह की शुरूआत हो जाएगी। रिम्स के अधीक्षक डॉ हीरेन बिरुआ और उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि विश्राम गृह को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा और रिम्स में आने वाले तीमारदारों को राहत मिलेगी। 15 जुलाई से शुरू हो रहे विश्राम गृह को लेकर रिम्स के पीआरओ डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि एनटीपीसी के सीएसआर फंड से रिम्स में आने वाले गरीब परिजनों के लिए यह विश्राम गृह बनाया जा रहा है। रिम्स में विश्राम गृह का भवन बनकर पूरी तरह से तैयार है। अब भवन के अंदर इलेक्ट्रिसिटी और पानी की कनेक्शन को लेकर संबंधित विभाग के लोगों को निर्देश दे दिया गया है।

# टमाटर की सुरक्षा के लिए दो बाउंसर तैनात

**आरएनएम। वाराणसी**

टमाटर इतना ज्यादा महंगा हो गया है कि बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में एक सब्जी बेचने वाले ने अपने दुकान व टमाटर की सुरक्षा के लिए दो बाउंसर नियुक्त कर लिया है। यहां टमाटर 160 रुपये प्रति किलो के भाव से मिल रहा है। इसके कारण लंका क्षेत्र के नगवां में सब्जी बेचने वाले अजय फौजी ने अपनी दुकान पर बाउंसर को तैनात किया है। उसने पोस्टर भी लगाया है। जिसमें लिखा है कि पहले पैसे तब टमाटर। कृपया टमाटर को न छुएं। इस बारे में सब्जी दुकानदार अजय फौजी ने बताया कि टमाटर काफी महंगा हो गया है। आम लोगों के पहुंच से बाहर हो गया है। महंगाई की मार के चलते एक तो कम ही लोग टमाटर खरीद रहे हैं, जो खरीद रहे हैं उनमें भी लोग 100 और 50 ग्राम ही टमाटर ले रहे हैं। कई जगह से खबर आई है कि टमाटर को लेकर मारपीट हो रही है। तो कहीं टमाटर लूट लिया जा रहा है। हर जगह टमाटर के कारण विवाद की स्थिति हो गई है। विवाद से बचने के लिए दुकान पर अपनी और टमाटर की सुरक्षा के लिए दो बाउंसर को तैनात किया है। जब सारे टमाटर बिक जाएंगे तो इन बाउंसर की छुट्टी कर देंगे। दुकान के बाहर बाउंसर खड़े हैं। कोई भी ग्राहक जब सब्जी छूकर मोल भाव करता है तो बाउंसर उसे रोक दे रहे हैं। कहते हैं कि आपको जो चाहिए मांग कर लीजिए। पहले पैसा दीजिए फिर टमाटर लीजिए। इस दुकान की चर्चा पूरे शहर में होने लगी है। टमाटर की बढ़ी कीमतों के बीच होटल और रेस्तरां के सलाद में टमाटर का प्रयोग कम हो गया है। सलाद में जहां टमाटर मिल भी रहा है वहां उसकी कीमत बढ़ा दी गई है। होटल और रेस्तरां टमाटर के बजाए सब्जियों में टमाटर की प्यूरी का प्रयोग कर रहे हैं। बीते दो सप्ताह में टमाटर की कीमत 35 रुपये से बढ़कर 160 रुपये तक पहुंच गई है। ऐसे में आम लोगों के किचन से पूरी तरह टमाटर गायब हो गया है। लोग टमाटर को देख दूर से ही नमस्कार कर ले रहे हैं।



## राज्य में औसत से कम हुई बारिश

**रांची।** झारखंड में मानसून पहुंचे 20 दिन से ज्यादा हो गया है। लेकिन राज्य में अब तक मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार मानसून में औसत से कम वर्षा हुई है। साहिबगंज में सबसे अत्यधिक तथा गढ़वा, सिमडेगा, देवघर, गोड्डा में सामान्य बारिश दर्ज की गई। वहीं 19 जिले ऐसे हैं जहां सामान्य से कम वर्षापात रिकॉर्ड किया गया है। चतरा, लातेहार, धनबाद और जामताड़ा जिले में 60 से 73 प्रतिशत तक कम वर्षा हुई है। अब तक के मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार जून और जुलाई महीने में सामान्य से 44 प्रतिशत कम वर्षा रांची में भी हुई है। पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी मानसून के प्रारंभ से ही बारिश कम हो रही है।

## अयोध्या : जल्द समाप्त होगी भारतवासियों की 500 साल की प्रतीक्षा

# 2024 में भगवान श्रीराम के दर्शन करेंगे भक्त

### श्रीराम तीर्थ ट्रस्ट क्षेत्र ने मीडिया को कराया मंदिर का अवलोकन

### तय समय सीमा से पहले बनकर तैयार होगा राम मंदिर

**एजेंसी। अयोध्या**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण तेज गति से रातों दिन किया जा रहा है। ट्रस्ट के अनुसार अगले साल यानी जनवरी 2024 में मंदिर के गर्भ गृह में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। अगले साल श्रद्धालुओं को विश्व के सबसे दिव्य और भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन हो सकेंगे। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अपनी तय समय सीमा से पहले बनकर तैयार होगा। मंदिर का निर्माण तेज गति के साथ चल रहा है। 2024 तक भगवान रामलला की मंदिर के गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट क्षेत्र द्वारा मीडिया को आमंत्रित किया गया।



### राम मंदिर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा मंडप

"श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने बताया, " ग्राउंड फ्लोर में पांच मंडप है। मंडप राम मंदिर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। मुख्य मंडप से हमेशा भगवान की पताका फहराएगी। ग्राउंड फ्लोर का ढांचा बनकर तैयार हो चुका है। मंदिर के गर्भगृह की दीवार और छत बन चुकी है। फर्श और बाहर का काम बाकी है। मंदिर के ग्राउंड फ्लोर में 166 खंभों पर मूर्तियों को उकेरने का काम चल रहा है। इसके साथ ही मंदिर के गर्भ गृह में लगे 6 खंभे श्वेत संगमरमर के हैं। जबकि बाहरी खंभे पिंक सैंडस्टोन से बनाए गए हैं।

### भगवान के ललाट पर पड़ेंगी सूर्य की किरणें

**अयोध्या** में बन रहे राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आई हैं। पहले फ्लोर के निर्माण कार्य की है। मंदिर के बाहर 8 एकड़ में परकोटा बनाया जा रहा है। जिसका आयताकार 800 गुने 800 मीटर का बताया जा रहा है। गर्भगृह के बाहर मंडप की नक्काशी की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया, साल 2024 में मकर संक्रांति के बाद शुभ मुहूर्त पर प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद भक्त भगवान का दर्शन कर सकेंगे। पहली चैत्र राम नवमी पर सूर्य की किरण भगवान के ललाट पर पड़ेगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। राम लला के सामने 300 से 400 लोग आकर एक साथ दर्शन कर सकते है। ये मंदिर पूरी तरह से खास है। 500 सालों की प्रतीक्षा के बाद मंदिर का निर्माण हो रहा है।"

### राममंदिर के ग्राउंड फ्लोर का कार्य दिसंबर में तैयार हो जाएगा

ट्रस्ट के सदस्य ने बताया कि राममंदिर के ग्राउंड फ्लोर का काम पूरी तरह दिसंबर में तैयार हो जाएगा। इस दौरान फर्स्ट फ्लोर का ढांचा भी बहुत कुछ बनकर तैयार हो जाएगा। दिसंबर 2024 तक राम मंदिर का ढांचा पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। शेष नक्काशी का काम साल 2025 में पूरा कर लिया जाएगा।" साल 2024 में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पहली चैत्र रामनवमी के दिन भगवान का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। राम मंदिर में विराजमान रामलला के ऊपर भगवान राम के जन्म के समय ठीक 12:00 बजे रामनवमी के दिन सूर्य की किरण कुछ देर के लिए रामलला की मूर्ति पर पड़ेगी। इससे जन्म के समय रामलला का दर्शन बहुत ही दिव्य और भव्य होगा। भगवान श्री राम ने सूर्य वंश में जन्म लिया है। उनके जन्म के बाद सूर्य इस धरा धाम पर श्री राम लला का स्वागत करेंगे।

## अर्धसैनिक बलों के जवानों को लगा झटका

# पुरानी पेंशन पर लगी रोक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू की जाएगी। शीर्ष कोर्ट के इस फैसले से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के लाखों जवानों का सपना टूट गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। साथ ही पीठ ने उच्च न्यायालय के 11 जनवरी, 2023 के फैसले को चुनौती देने वाली केंद्र की याचिका पर फरवरी 2024 तक जवाब देने को कहा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 में तय की है। पीठ ने कहा, 'उस सीमा तक आक्षेपित फैसले के क्रियान्वयन पर रोक रहेगी, जिसमें यह निर्देश दिया गया है कि पुरानी पेंशन योजना अर्ध-सैन्य बलों पर लागू होगी।' याचिकाकर्ताओं का मुख्य तर्क यह था कि उन्हें सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के अनुसार अक्टूबर 2004 से 2005 तक सहायक कमांडेंट के पद पर नियुक्ति की पेशकश की गई थी। सरकार दिसंबर 2003 में एक अधिसूचना लेकर आई और जनवरी 2004 से नई अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की गई। हालांकि, उक्त योजना सशस्त्र बलों पर लागू नहीं थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि जो लोग सरकार की प्रशासनिक देरी के कारण एनपीएस लागू होने के बाद नियुक्त हुए, उन्हें ओपीएस का लाभ मिलना चाहिए। इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि केवल वे लोग जिनके परिणाम 1.1.2004 से पहले घोषित किए गए थे, ओपीएस के अंतर्गत आते हैं। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा जारी 17 फरवरी 2020 को जारी पत्र में उल्लेख किया गया है।

## महादानी मंदिर में श्रृंगार पूजा महोत्सव है आकर्षण का केंद्र

# शाम होते ही बाबा के दरबार में भक्तों की उमड़ती है भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में श्रावण मास में प्रत्येक दिन होने वाले बाबा भोलेनाथ महादानी का भव्य श्रृंगार हजारों लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सावन के महीने में प्रत्येक दिन शाम से रात तक श्रद्धालु पूजा अर्चना का शुभारंभ सत्यनारायण व्रत कथा से करते हैं। इसके बाद विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया जाता है। बेडो. के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में पिछले 22 वर्षों से बेड़ो के समाजसेवी विजय टंडन के नेतृत्व में श्रृंगार पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2001 में भगवान भोलेनाथ महादानी का श्रृंगार पूजा आरंभ किया गया। वर्ष 2001 में महादानी



सेवा सत्संग समिति और बेड़ो गांव के निवासियों में विजय टंडन, राजेंद्र तिवारी, बाणी कुमार राय, प्रदीप राय व हरि सोनी तथा अशोक पंडा के संयुक्त प्रयासों से सामूहिक रूप से पहली बार बेड़ो महादानी बाबा का श्रावण मास में श्रृंगार पूजा किया गया। वर्ष 2001 से लेकर 2005 तक लगातार 3 से 4 वर्षों तक दो दो रुपए सभी ग्राम वासियों से चंदा कर श्रावण मास के प्रत्येक दिन भगवान भोलेनाथ महादानी का श्रृंगार पूजा किया जाता था। भगवान भोलेनाथ महादानी बाबा का श्रृंगार पूजा मात्र पांच से सात सौ रुपए के बीच बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार पूजा आरंभ किया गया था। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के श्रृंगार पूजा अर्चना करने वालों में मुरारी सेन गुप्ता ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से महादानी मंदिर में भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार पूजा करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार पूजा करने से उन्हें आत्मा की शांति के साथ मन में उत्पन्न हुए मनोकामना भी पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि महादानी भगवान भोलेनाथ का पूरी निष्ठा भाव के साथ पूजा अर्चना करने से उन्हें आत्म शक्ति मिलती है। जिससे वे अपने किसी भी काम को सफलतापूर्वक कर पाते हैं। उन्होंने महादानी मंदिर के भोलेनाथ को दानियों के दानी महादानी बताया। उधर महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा से श्रृंगार पूजा की जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि भोले बाबा महादानी का वर्ष 2001 से लगातार श्रृंगार पूजा होता आ रहा है।

## भाजपा जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य की स्थापना भाजपा की देन है। उनके शासन काल में पहली बार 26 जनजाति छात्र छात्रा को पायलट ट्रेनिंग दी गई जो आज देश की सेवा कर रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबसे ज्यादा जनजातीय समाज के आठ सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया।

## 13वीं जूनियर, सब जूनियर झारखंड तैराकी प्रतियोगिता का समापन

# झारखंड में प्रतिभाओं की फौज, सिर्फ तराशने की जरूरत : बरखा सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एक्वेटिक स्टेडियम में रविवार को दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह कि मुख्य अतिथि श्रीमति बरखा सिन्हा,(अध्यक्ष), झारखंड तैराकी संघ) थी।दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 250 से ज्यादा तैराकों ने भाग लिया। इस अवसर पर के अवसर पर डॉ. दिव्या एवं अर्चित आनंद (उपाध्यक्ष) झारखंड ओलंपिक संघ ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अर्चित आनंद ने संबोधित करते हुए कहा कि तैराकी में झारखंड के बच्चे




भी आगे बढ़ें इस पर संघ लगातार प्रयास कर रहा है। इस आयोजन की सफलता में जेएसएसपीएस सहित सभी तकनीकी पदाधिकारियों, अभिभावकों एवं संघ के लोगों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बरखा सिन्हा ने आयोजन की प्रशंसा की साथ ही खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और ओवरऑल विजेता टाटा स्टील सहित अन्य विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किया।उक्त जानकारी झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी ने दी। विजेताओं की सूची संलग्न है।

## झारखंड के मानस ने नेशनल कैडेट जूडो चैंपियनशिप में दिलाया रजत पदक

**रांची।** कर्नाटक में पांच जुलाई से चल रही नेशनल कैडेट जूडो चैंपियनशिप 2023 में झारखंड को रविवार को एक रजत पदक मिला। इस प्रतियोगिता में 81 किग्रा वर्ग में मानस ने फाइनल बाउट में राजस्थान के प्लेयर को हरा कर यह मेडल जीता। इससे पूर्व उसने हरियाणा, मणिपुर और दिल्ली के प्लेयर को परास्त कर फाइनल का सफर तय किया था। प्रतियोगिता का समापन 10 जुलाई को होगा। मानस के प्रदर्शन पर झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष केएन त्रिपाठी एवं महासचिव परीक्षित तिवारी ने शुभकामनाएं दी हैं। उम्मीद जताते कहा कि इससे भविष्य में झारखंड के लिए दूसरे और भी बच्चे पदक लाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। परीक्षित तिवारी के मुताबिक झारखण्ड जूडो संघ के निरंतर प्रयासों से झारखंड के प्लेयर नेशनल लेवल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य को मेडल दिलवा रहे हैं।

# एनएच पर नाली के गंदे पानी के जमाव को लेकर लोगों का फूटा गुस्सा, प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के देवी मंडप स्थित एन एच सड़क पर नाली के गंदा पानी के जलजमाव और सड़क के बदहाल स्थिति को लेकर रविवार को आसपास के दुकानदारों ने प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दुकानदारों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि इस सड़क के रास्ते प्रत्येक दिन हजारों हजार वाहन की आवागमन होती है और यही नहीं इसी जर्जर और जलजमाव की सड़क पर स्थानीय सांसद, विधायक, मुखिया, सरपंच, प्रखंड प्रशासन समेत कई जनप्रतिनिधि चलते हैं, लेकिन अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि में ना विधायक और ना सांसद इस



सड़क की मरम्मति का पहल किए हैं। चुनाव के समय में सभी राजनेता बड़े-बड़े वादे और दावे कर तो देते हैं लेकिन समय पर वह काम ही नहीं आते। यह सड़क लगातार पिछले तीन, चार माह से जर्जर और नाली के गंदा पानी का जलजमाव हो रहा है। जिससे आसपास के दुकानदारों के ग्राहक जर्जर सड़क और गंदा नाली के पानी के जलजमाव से दुकानों पर खरीदारी करने आने वाले ग्राहक खरीददारी करने में संकोच कर रहे हैं। इसके पूर्व प्रखंड प्रशासन समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जर्जर सड़क और नाली से निकलने वाले गंदे पानी का निरीक्षण किए थे और आसपास के दुकानदारों को अस्वास्थ्य किए थे कि जर्जर सड़क और जलजमाव की समस्या बहुत ही जल्द दूर कर दी जाएगी, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी सड़क की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। सड़क की जर्जर स्थिति और सड़क पर बहने वाले नाली के गंदे पानी से बचने के कारण आए दिन इस स्थान पर दुर्घटनाएं भी होती रहती है, जिससे अबतक कई राहगीर चोटिल होकर घायल भी हो गए हैं।

## पहल संस्था ने 406 छात्राओं को किया सम्मानित




**रांची।** पहल स्वयंसेवी संस्था के द्वारा रांची प्रेस क्लब में रविवार को हमारे होनहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 406 छात्राओं को मेडल में मिंटू और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एक पहल स्वयंसेवी संस्था की निर्देशिका अंकिता वर्मा ने बच्चों को सम्मानित किया। इसके साथ ही झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और प्रवक्ता ज्योति कुमारी और संस्था के सचिव शकील खान ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की निदेशक अंकिता वर्मा ने कहा कि हमारी संस्था लगातार ऐसे कार्य करती है जिससे समाज में लोगों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो सके, ऐसे कई कार्यक्रम हम लोग ग्रामीण क्षेत्र में भी करते हैं ताकि वहां के लोग भी आगे आएं और इस तरह के कार्यक्रम में भागीदारी करें। संस्था के सचिव शकील ने कहा कि हमारी संस्था हमेशा कोशिश करती है कि उन लोगों के साथ खड़ा हो जिनको हमारी जरूरत हो साथ ही ऐसे बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं जो कि अपने बलबूते पर जैक बोर्ड में इतना अच्छे मास्क लाकर हमारे कार्यक्रम में उपस्थित हुए और कार्यक्रम की शान बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन शाहिद रामायण ने किया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से साहिल शमशेर सनी ऋषभ शाहिद रहमान और कई सदस्य मौजूद थे।

## पश्चिम बंगाल में तैलिक साहू का 45वां स्थापना दिवस आयोजित



**रातू।** तैलिक साहू सभा का 45 वां स्थापना दिवस पश्चिम बंगाल में मनाया गया। जिसमें झरखंड़ प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रधान महासचिव मदन कुमार,युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू,युवा प्रधान महसचिव राज किशोर साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त सागर, महामंत्री रामलाल गुप्ता, अपर महामंत्री डॉक्टर अरुण बस विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुये। पश्चिम बंगाल कोलकता स्थित धन धना ऑडिटोरियम में तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष रूपलाल प्रसाद साहू की अध्यक्षता में आयोजित 45 वां स्थापना दिवस समारोह में झारखंड प्रदेश तैलिक साहू के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो को बुके और मोमेंटो देकर सम्मनित किया गया। श्री महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की दिल्ली मे साहु धर्मशाला का निर्माण हो ताकि समाज के पढ़ाई या परीक्षा देने के लिए गये हुए समाज के बच्चों को महानगर दिल्ली में रुकने की समस्या ना हो।

# 'मीडिया को नकारात्मक व शिकायती न होकर समाधानपरक बनना होगा'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरीबगान हरमू रोड में राजयोग प्रशिक्षण एवं अनुशंधान संस्थान के मीडिया प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में समाजपरक पत्रकारिता से समृद्ध भारत की ओर विषय पर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस मौके पर चंदन मिश्र ने कहा वर्तमान समय मीडिया मानव मन पर हावी है। मीडिया को नकारात्मक एवं शिकायती न होकर समाधानपरक बनना होगा। यदि सकारात्मक सोच के साथ पत्रकारिता की जाय तो आजादी का अमृत महोत्सव मनाना सार्थक हो जायेगा। उन्होंने पुराने समय के संस्कार और मौजूदा दौर में हावी पाश्चात्य संस्कृति का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए इसके कई उदाहरण भी स्थानीय पत्रकारों के सामने रखे। समाज की उन्नति के लिए काम एक अकेला पत्रकार नहीं




कर सकता इसके लिए पूरे समाज में आज परिवर्तन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जनतंत्र टीवी के कुणाल सिंह ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि हम पत्रकार अनेक मंचों पर जाते हैं परंतु आज हमारे लिए ब्रह्माकुमारी संस्था ने एक मंच उपलब्ध कराया है। पत्रकारिता समाज के उत्थान के लिए होती है। हमारी पत्रकारिता से यदि समाज का भला होता है तो यह हमारी पत्रकारिता और समृद्ध भारत का समाधान है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वदेशी ब्यूरो के ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा मौजूदा हालातों में समाज का दर्पण कहलाने वाला लोकतंत्र का चौथा स्तंभ अपनी रिपोटिंग को लेकर हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है। आजादी के लड़ाई के समय अपने कर्तव्यों को सफल निर्वहन करने वाले साहित्यकारों और पत्रकारों की भूमिका की भी मंच से सराहना करते हुए कहा कि समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए गम्भीरता और ईमानदारी से काम करने की जरूरत है।

## जिला रग्बी एसोसिएशन ने लगाया प्रशिक्षण शिविर

खूंटी। जिला रग्बी एसोसिएशन खूंटी ने गेट इन टू रग्बी कार्यक्रम के तहत रविवार को कैथरिन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल बिचना में शिविर आयोजित कर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को रग्बी खेल का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय के लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों को रग्बी अंडर 14 वर्ग के खेल नियमों से अवगत कराया गया। झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव हेजाज असदक ने बताया कि सितंबर माह में इंटर स्कूल रग्बी टूनार्मेंट का आयोजन खूंटी में किया जाएगा। सभी खिलाड़ियों को रग्बी इंडिया के लेवल वन कोच संजय हेरेंज एवं अभिषेक टूटी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर हेजाज असदक ने विद्यालय की प्रचार्या सिस्टर शरीन को रग्बी झारखंड की ओर से मोमेंटो और रग्बी बॉल प्रदान कर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# 'विद्यार्थी परिषद युवाओं को सही दिशा प्रदान कर रहा है'

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय बेड़ो में रविवार को अभाविप इकाई के परिषद का 75 वां स्थापना दिवस अमृत महोत्सव के रूप में मनाया साथ ही ग्रामीण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड से झारखंड बोर्ड व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह,मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मा सरस्वती व स्वामी स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि अभाविप 75 वर्षों से देश,समाज व छात्र हित के लिए सदैव तत्परता से कार्य करने वाला संगठन है। अभाविप की अपनी पहचान है। यह ज्ञान शील एकता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि अभाविप ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को सम्मानित कर उन्हें अपने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर रहे है। यहां के विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में भी बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है।उन्होंने कहा कि मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाना जहां मेधावी छात्रों में और अच्छा करने की उर्जा का संचार करता है वहीं अन्य छात्र छात्राएं इससे प्रेरणा लेकर अच्छा करने का प्रयास करते हैं। उन्होंन छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सन्नी टोप्पो ने कहा अभाविप समाज व छात्र हित में कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। प्रतिभा सम्मान के माध्यम से अभाविप समस्त प्रतिभाओं को सम्मानित कर उन्हें अपने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है।

## मुरी जीआरपी ने डायन बिसाही को लेकर जागरूकता अभियान चलाया




**मुरी।** राजकीय रेल थाना मुरी के थाना प्रभारी जमादार मुंडा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच सामाजिक कुरीति डायन बिसाही को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को सामाजिक कुरीति से दूर रहने का अपील किया गया तथा मौके पर बताया गया कि डायन प्रथा एक अंधविश्वास है ओझा गुणी के झांसे में ना आए। डायन प्रथा के नाम पर महिलाओं की हत्या तथा प्रताड़ित करना एक दंडनीय अपराध है। अभियान में शामिल अन्य पुलिसकर्मी हाथ में स्लोगन लिखे हुए तख्ती जन जन का एक ही नारा डायन प्रथा को मिटाना कर्तव्य हमारा, तंत्र मंत्र सब झूठ है ओझा का करतूत है, हमने ठाना है डायन प्रथा मुक्त झारखंड बनाना है इत्यादि स्लोगन के साथ यात्रियों को जागरूक कर रहे थे। इस मौके पर राजकीय रेल थाना के अवर निरीक्षक शिव परशन राम, रेलवे सुरक्षा बल के अवर निरीक्षक पवन कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## खूंटी से 19 साल पहले नाबालिग हुई थी तस्करी की शिकार

**खूंटी।** उग्रवाद प्रभावित रनिया थाना क्षेत्र से लगभग 19 वर्ष पूर्व मानव तस्करी की शिकार हुई मरसा कंडुलना को जिला बाल संरक्षण इकाई और और खूंटी पुलिस की टीम ने नोयडा के एक्सप्रेस वे थाना क्षेत्र के सेक्टर 168 के अरिस्टा सनवर्ल्ड के एक मकान से सकुशल बरामद कर लिया है। नोएडा से रेस्क्यू की गई उक्त बच्ची को लेकर खूंटी से गई टीम गरीब रथ ट्रेन से वापस लौट रही है। सोमवार को बच्ची को खूंटी लाने के बाद उसे समाज कल्याण विभाग में प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार रेस्क्यू की गई बच्ची जब 12 वर्ष की थी, तब उसे मानव तस्करों ने दिल्ली में बेच दिया था। पिछले माह रनिया थाना क्षेत्र की डाहु पंचायत के रहने वाले इलियास कंडुलना ने बताया कि 19 वर्ष पूर्व राजाडेरा गांव के अगस्तीन सुरीन बहला फुसलाकर कर उसकी 12 वर्षीय बेटी मरसा कंडुलना को दिल्ली ले जाकर वहां बेच दिया है। इस संबंध में इलियास ने थाने में मामला दर्ज कराया। मरसा को बेचे जाने के मामले को बचपन बचाओ आंदोलन से जुड़े लोगों ने गंभीरता से लिया और डीसी तथा एसपी के पास बच्ची के पिता के दिए गए आवेदन को भेजकर उचित कार्यवाही की मांग की थी।

**व्यवस्था**

## पहली सोमवारी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# भक्तों को नहीं होगी परेशानी : एसएसपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सावन की पहली सोमवारी को लेकर एक तरफ जहां शिव भक्तों में जोरदार उल्लास देखा जा रहा है वहीं दूसरी तरफ शिव भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए रांची जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा सहित सभी उपायों को मुकम्मल किया गया है। रांची के स्वर्ण रेखा नदी से लेकर ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर तक सुरक्षा सहित तमाम बंदोबस्त प्रशासन के द्वारा किए गए हैं ताकि शिव भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। रविवार को रांची एसएसपी किशोर कौशल और डीसी राहुल सिन्हा स्वर्णरेखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक शिव भक्तों के लिए किए जा रहे हैं इंतजाम का जायजा भी लिया। दरअसल राजधानी रांची में यह परंपरा रही है कि शिवभक्त स्वर्णरेखा नदी से जल भरकर अहले सुबह पहाड़ी मंदिर पहुंचकर



भगवान शिव को जल अर्पण करते हैं। ऐसे में रांची पुलिस की पहल पर स्वर्णरेखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक सुरक्षा के हर तरह के इंतजाम किए गए हैं। रास्ते में पड़ने वाले सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है वहीं नगर निगम के द्वारा अंधेरे रास्तों पर लाइट की व्यवस्था भी की गई है। रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि राजधानी के तमाम शिवालय की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर कर दी गई है। वैसे शिवालय जहां भक्तों की भीड़ बहुत ज्यादा उमड़ती है वहां पर महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। बड़े मन्दिरो पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों का भी सहारा लिया जा रहा है। रांची एसएसपी के अनुसार सावन के पहली सोमवारी में हजारों की संख्या में लोग रांची के विभिन्न शिवालय पहुंचते हैं , सबसे ज्यादा भीड़ रांची के पहाड़ी मंदिर और नामकुम स्थित शिव मंदिर में होगा। ऐसे में इन दोनों मंदिरों पर रांची पुलिस कि विशेष नजर है। पुलिसकर्मियों और अफसरों को

### भीड़ पर नियंत्रण सबसे प्रमुख काम, रविवार रात से ही पुलिस बल तैनात

यह स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि वह मंदिर परिसर में बहुत ज्यादा भीड़ ना होने दें बहुत ज्यादा भीड़ होने पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिसे संभालना काफी मुश्किल होगा।एसएसपी ने बताया कि पूरे राजधानी में करीब डेढ़ हजार अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं। डीएसपी स्तर के अधिकारी सोमवार सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। इलाके के थानेदार और बाइक पेट्रोलिंग दस्ता नियमित रूप से पेट्रोलिंग करेंगे। पिछले साल सोमवारी के दौरान पॉकेटमारो और चेन स्नैचर्स ने पुलिस के नाक में दम कर दिया था। हर सोमवारी में भीड़ का फायदा उठाकर उच्चको ने सोने की चेन और मोबाइल इत्यादि गायब किए थे।

## बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़


**खूंटी।** आम्रेश्वर धाम में रविवार को बाबा का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के साढ़े तीन बजे जैसे ही बाबा मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा धाम परिसर बोल बम, हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। बाबा के जलार्पण और पूजा-अर्चना के लिए रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा सहित अन्य जिलों के भक्त भारी संख्या में आम्रेश्वर धाम पहुंचे। भक्तों ने मंदिर परिसर से दो किलोमीटर दूर बनई नदी से पवित्र जल उठाकर अंगराबारी पहंचे और बाबा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना की। सैकड़ों भक्त नामकुम और हटिया स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर 50 किलोमीटर की दूरी तय कर पैदल पांव आम्रेश्वर धाम पहुंचे। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि लगभग 15 हजार भक्तों ने छोटानागपुर के इस मिनी बाबाधाम में जलार्पण किया। दो महीने तक लगने वाले श्रावणी मेले और भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है।

## एसपीएल मैच सिल्ली सुपर किंग्स ने जीता




**सिल्ली।** मुरी हिंडाल्को मैदान में चल रहे 8वां एसपीएल प्रतियोगिता में हिडांलको वारियर्स एवं सिल्ली सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जिसमे सिल्ली सुपर किंग्स ने हिडांलको वारियर्स को 2 रन से हरा दिया। हिडांलको वारियर्स ने टॉस जीतकर बल्ले बाजी करने का फैसला लिया। हिडांलको वारियर्स ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओभर में 9 विकेट खोकर कुल 114 रन बनाया वहीं सिल्ली सुपर किंग्स ने जवाबी पारी खेलते हुए 10.5 ओभर में 8 विकेट खोकर कुल 116 रन बना लिया। जिससे सिल्ली सुपर किंग्स 2 रन से मैच जीत लिया! खेल में मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बॉलर के रुप मे सिल्ली सुपर किंग्स के निर्मल को दिया गया। बेस्ट कैच का पुरस्कार सिल्ली सुपर किंग्स का महेंद्र को दिया गया।

# राज्य में 2019 से अब तक साइबर अपराध की संख्या 5103



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में वर्ष 2019 से वर्ष 2023 में अब तक 5103 साइबर क्राइम की वारदातें हुई हैं। वर्ष 2023 में अब तक सबसे अधिक 102 साइबर क्राइम की वारदात राजधानी रांची में हुई है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में अब तक की तुलना में साइबर अपराध की घटनाएं कम हुई है। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में साइबर अपराधियों ने 1343 वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें धनबाद में 143, गिरिडीह में 41, हजारीबाग में 79, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 78, पलामू में 49, रांची में 478, साहिबगंज में 23, दुमका में 13, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 20, बोकारो में 42, लातेहार में 22, जामताड़ा में 68, सरायकेला में 43, सिमडेगा में नौ, रेल जमशेदपुर में एक, देवघर में 71, गोड्डा में 29,गुमला में 10, लोहरदगा में 10, चतरा में 32, गढ़वा में 20,कोडरमा में चार,खूंटी में 15, रामगढ़ में 30 और पाकुड़ में 13 शामिल है। वर्ष 2019 में साइबर क्राइम की सबसे अधिक 478 घटनाएं राजधानी रांची में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 1242 साइबर क्राइम की वारदात हुई है। इनमें धनबाद में 77, गिरिडीह में 61, हजारीबाग में 93, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 64, पलामू में 44, रांची में 286, साहिबगंज में 18, दुमका में 36, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 28, बोकारो में 38 ,लातेहार में 38, जामताड़ा में 74,सरायकेला में 47, सिमडेगा में छह, देवघर में 94, गोड्डा में 27,गुमला में 27,लोहरदगा में 16,चतरा में 28,गढ़वा में 23,कोडरमा में आठ, खूंटी में 12, रामगढ़ में 67 और पाकुड़ में 30 शामिल है। वर्ष 2020 में सबसे अधिक राजधानी रांची में 286 साइबर क्राइम की घटनाएं हुई हैं। वर्ष 2021 में साइबर क्राइम की 10 51 घटनाएं हुई है। इनमें धनबाद में 74, गिरिडीह में 35, हजारीबाग में 93, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर )में 70, पलामू 33, रांची में 211, साहिबगंज में 20, दुमका में 33, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 16, बोकारो में 29, लातेहार में 39 ,जामताड़ा में 76 , सरायकेला में 32, सिमडेगा में चार, रेल धनबाद एक, देवघर में 118, गोड्डा में 19 , गुमला में 23, लोहरदगा में चार, चतरा में 17 , गढ़वा में 17, कोडरमा में 25, खूंटी में सात, रामगढ़ में 41 और पाकुड़ में 14 शामिल है। वर्ष 2021 में सबसे अधिक राजधानी रांची में 211 साइबर क्राइम की वारदात हुई है। इसी प्रकार 2022 में पूरे राज्य में 1030 साइबर क्राइम की वारदात हुई है। इनमें धनबाद में 54, गिरिडीह में 54 , रामगढ़ में 19 और पाकुड़ में 12 शामिल है। वर्ष 2022 में राजधानी रांची में सबसे अधिक 255 साइबरक्राइम की वारदात हुई है।

### रांची में सबसे ज्यादा घटनाएं हुई

इनमें धनबाद में 43, गिरिडीह 23, हजारीबाग 18, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) से 50, पलामू में 10, रांची में 102, साहिबगंज से छह, दुमका में 11, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में छह, बोकारो में सात, लातेहार में 23, जामताड़ा में 24, सरायकेला में 13, सिमडेगा में छह, रेल जमशेदपुर एक, देवघर में 12,गोड्डा में नौ , गुमला में 11, लोहरदगा में चार, चतरा में नौ, गढ़वा में 11, कोडरमा में छह, खूंटी में दो, रामगढ़ में 17 और पाकुड़ में 13 शामिल है।

## स्कूली शिक्षा की सुविधा में बिहार-यूपी से झारखंड बेहतर

**रांची।** स्कूली शिक्षा में सुविधा और लर्निंग आउटकम के मामले में झारखंड की स्थिति पड़ोसी राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश से बेहतर है। इसके बावजूद झारखंड की स्थिति बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मिलाकर झारखंड 27 प्रदेशों से पीछे है। यह खुलासा भारत सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से कराए गए परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) रिपोर्ट में हुआ है। इसमें झारखंड को 503.7 अंक मिले हैं, जबकि बिहार को 465 और उत्तर प्रदेश को 501.9 अंक मिले हैं। 2021-22 की इस रिपोर्ट के अनुसार झारखंड को आकांक्षी टू ग्रेड में रखा गया है। इस ग्रेड में झारखंड सहित अन्य 11 राज्य हैं। इस ग्रेड में 461 से 520 तक स्कोर मानक रखा गया था। यह सर्वे आधारभूत संरचना, सुविधा, टीचर ट्रेनिंग, एसेसिबिलिटी, गवर्नेंस, इक्विटी और लर्निंग के आधार पर किया गया था।

# सरकारी स्कूलों में बच्चों के मध्याह्न भोजन में शामिल होगा मुनगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत मध्याह्न भोजन दिया जाता है। बच्चों को प्रतिदिन परोसे जाने वाले व्यंजन का मेन्यू तैयार है। बच्चों की सेहत का ख्याल रखते हुए इस बार बच्चों के भोजन के मुनगा भी शामिल होगा। इसकी जानकारी झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत छात्र-छात्रा को दोपहर का भोजन उपलब्ध जाता है। भोजन में पोषक तत्वों की प्रचुरता को ध्यान में रखते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गये हैं।बच्चों को दोपहर के भोजन में मुनगा भी दिया जायेगा। यह उत्पाद भारत सरकार द्वारा दिये गए निर्देश के बाद शामिल किया गया है। यही नहीं, स्कूलों में मुनगा का पौधा भी लगाया जायेगा, ताकि बच्चे प्रचुर मात्रा में मुनगा का सेवन कर सकें। जुलाई से सितंबर माह मुनगा का पौधा विद्यालयों में लगाने के लिए अनुकूल समय है।झारखंड में मुनगा को स्थानीय भाषा में मुनगा कहा जाता है। निदेशक ने निर्देश दिया है कि विद्यालयों में मुनगा का पौधा लगाने और उसके उत्पाद (फल, फूल एवं पत्ता) का मध्याह्न भोजन में सर्वाधिक उपयोग के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जाये। साथ ही दिये गये निर्देश के आलोक में जिले में वर्तमान विद्यालयों में मुनगा के पौधे की उपलब्धता रहे।

## थाना प्रभारी ने बाइक चोरी के मामले को रोकने के लिए पम्फलेट और पोस्टर बांटे



**रांची।** डेली मार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने बाइक चोरी रोकने के लिए रविवार को सुरक्षा उपाय संबंधी पम्फलेट और पोस्टर को टैक्सी स्टैंड के आसपास में जगह-जगह चिपकाया और बांटा। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि जब तक जनता जागरूक नहीं होगी तब तक कोई भी घटना को पूर्ण रूप से नहीं रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक घटनाएं और बाइक चोरी रोकने के लिए जनता को जागरूक होना होगा। पम्फलेट-पोस्टर में लिखा है कि बाइक तथा गाड़ियों को निर्धारित स्टैंड में रखने, हैंडल लॉक करने, वाहनों को जहां तहां खड़ा नहीं करने, वाहनों की सुरक्षा खुद करने, गाड़ी में चाबी छोड़कर चोरों को मदद नहीं करने, गाड़ी रखने की जगह स्टैंड है सड़क नहीं, आपके एक सुरक्षित कदम से चोरी की घटनाओं को रोका जा सकता है। लापरवाही ही आपके बाइक चोरी का मुख्य कारण है। सतर्कता ही बचाव है जैसी बातें लिखी हैं।

## मारपीट और लूटपाट का मामला दर्ज



**रांची।** लोअर बाजार थाना कर्बला चौक तालाब के समीप मारपीट और लूटपाट का मामला गुमला निवासी हारुन अंसारी ने मोहम्मद कासिम सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ रविवार को दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि हारुन अंसारी अपनी पुत्री का मंगनी करने रांची स्थित कर्बला चौक तालाब के पास मारुति वैन में बैठकर जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मद कासिम कुछ अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचा और गाड़ी रुकवा कर गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर मोहम्मद कासिम ने रॉड से सिर पर वार किया, जिससे हारुन अंसारी का सिर फट गया। इसके बाद मोहम्मद कासिम ने हारुन अंसारी का सोने का चेन, कलाई घड़ी और पॉकेट में रखे सात हजार रुपये लूट लिया। गाड़ी में बैठी महिलाओं के साथ गाली-गलौच और छेड़छाड़ भी मोहम्मद कासिम और अन्य अज्ञात लोगों ने की। जब आसपास के लोग वहां जमा होने लगे तब वे लोग वहां से भाग गए। थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।


## ओबीसी आरक्षण के लिए खड़गे को सौंपा ज्ञापन



**रांची/ दिल्ली।** दिल्ली के कांस्टीट्यूशन हॉल में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के नाम 3 सूत्री मांग पत्र भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के कामगार कर्मचारी यूनियन के चेयरमैन डॉ उदित राज को सौंपा। जिसमें झारखंड प्रदेश के अधिसूचित 7 जिले में जिला स्तरीय नौकरियों में ओबीसी का आरक्षण देने तथा राज्य में 14% से बढ़ाकर जनसंख्या अनुपात 50% आरक्षण देने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित बहुजन संसद में भाग लिया; जिसमें जातीय जनगणना कराने, निजीकरण पर रोक लगाने, देश के संसद को डॉक्टर अंबेडकर के नाम करने, एबीएम बैन करने, मंडल कमीशन की सभी सिफारिशों को लागू करना आदि विषय पर चर्चा हुई।

### इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार होगा झारखंड का 'शाकाहारी मटन' रुगड़ा

# मांसाहारियों का पसंदीदा विकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन में लोग नॉन वेज से परहेज करते हैं और हर सब्जियां भी आसमान छू रही हैं। ऐसे में झारखंड के प्रसिद्ध रुगड़ा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ गया है। यह स्वाद के साथ सेहत के लिए भी लाभकारी है। मानसून के दौरान सखुआ के जंगलों में मिलने वाला 'शाकाहारी मटन' रुगड़ा सावन के महीने में मांसाहारियों का पसंदीदा विकल्प होता है। यहां के बाजारों में रुगड़ा मिलना शुरू हो गया है। शुरूआती दौर में इसकी कीमत काफी ज्यादा रहती है। बरसात के दिनों में वायरल और फंगल इंफेक्शन तेजी से फैलते हैं। इससे सबसे ज्यादा नुकसान कमजोर इम्युनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) वाले लोगों को होता है। इस मौसम में खुखड़ी या रुगड़ा का इस्तेमाल इम्युनिटी बढ़ाने में किया जा सकता है। इसमें औषधीय गुणों की भरमार होती है। यह हृदय रोग, कैंसर, किडनी के

### ग्रामीणों के प्राकृतिक आजीविका का साधन है

रुगड़ा को ग्रामीणों का प्राकृतिक आजीविका का साधन माना जाता है। इसे ज्यादातर सखुआ के जंगलों के आस पास बसे गांवों में पाया जाता है। ग्रामीण द्वारा इसको ढूंढने और निकलने का प्रोसेस काफी मेहनत और मशक्कत भरा होता है। बारिश के बाद सखुआ के जंगलों में जमीन में कुछ कुछ भाग उठा सा नजर आता है , जिसे डंठल से खोदने पर रुगडा मिलता है, जिसके बाद इसकी काफी साफ-सफाई भी करनी पड़ती है। रुगड़ा में कई तरह के पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। उच्च स्तर के प्रोटीन और विटामिन इसमें पाए जाते है।मसलन विटामिन-बी, विटामिन-सी, विटामिन-बी, कॉम्प्लेक्स, राइबोलेनिन, थाईमिन, विटामिन-बी12, फोलिक एसिड और लवण, कैल्शियम, फास्फोरस, पोटाशियम तथा ताम्बा पाए जाते हैं। इसमें प्रोटीन ज्यादा और कैलोरी कम होती है, जिससे कारण ये काफी हेल्दी भी माना जाता है। यह सुपाच्य होने के साथ-साथ स्वादिष्ट भी होता है। हाई ब्लड प्रेशर और हाईपरटेंशन के रोगियों के लिए यह बहुत उपयुक्त माना जाता है। शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी यह बहुत सहायक है। इसके अलावा मोटापा कम करने में भी इसका उपयोग किया जाता है। यह आदिवासियों के भोजन में प्राचीन काल से सम्मिलित है। सामान्यतः यह दो प्रकार का होता है सफेद और काला, जिसमें काला रुगड़ा का टेस्ट कुछ अलग ही होता है और बारिश के सीजन के हिसाब से ये भी बढ़ता रहता है। जैसे-जैसे बारिश का सीजन खत्म होने लगता है वैसे-वैसे ये भी बुढ़ा होने लगता है।

### हजारों घरों में लहराया सदानी झंडा

# सदानों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं : राजेन्द्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से सदानों की अधिकार को लेकर लगातार महापंचायत, सम्मेलन और सेमिनार पुरे झारखंड में किया जा रहा है। अधिकार आस्था और पहचान को लेकर सदानी झण्डा लगाओ अभियान का भव्य आयोजन आज बेड़ों के -++मैदान में किया गया। सदानी झण्डा को अपने घरों में लगाने को लेकर मूलवासी सदान काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया और अब हमारी पहचान को मिटाने का साजिश हो रही है। प्रसाद ने कहा राजनेताओं को सदान शब्द कहने से इन्हें शर्म आती है। प्रसाद ने कहा कि सदान झारखण्ड की सबसे पुराना वाशिंदे है। इस बात की पुष्टि इतिहासकारों और लेखकों ने भी की है। उन्होंने कहा राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में भी बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदनों के अधिकार को छीनने का काम कर रहे हैं उसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रसाद ने कहा कि सदान अपने अधिकार को समझें यदि कोई राजनीतिक दल बाहरी प्रत्याशी देता है तो उससे हराना हर मूलवासी सदनों का कर्तव्य बताया।उन्होंने कहा कि राजनेता मूलवासी तो कहते हैं लेकिन मूलवासी सदान कहने में उन्हें कष्ट होता है। उन्होंने कहा कि सदानी झंडा हमारे पहचान और आस्था का प्रतीक है।

# सत्यापन नहीं कराना चाह रहे झारखंड के वकील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने वकीलों की प्रैक्टिस और सत्यापन को अनिवार्य कर दिया है। फिर भी राज्य के वकील सत्यापन नहीं करा रहे हैं। इसके लिए वकील अलग-अलग दलीलें दे रहे हैं। प्रमाण-पत्र फट जाने और नहीं मिलने की दलील कर सत्यापन से छूट चाह रहे हैं। प्रैक्टिस की अवधि को आधार मानकर ही सत्यापन करने का आग्रह बार कौंसिल से कर रहे हैं। इसके लिए कुछ वकीलों ने आवेदन दिए हैं, तो कुछ संबंधित बार संघ से छूट देने का आग्रह कर रहे हैं। लेकिन झारखंड बार कौंसिल ने वकीलों को आगाह किया है। राज्य के वकीलों का सत्यापन कार्य पूरा नहीं होने पर बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने झारखंड बार कौंसिल को छह माह का अवधि विस्तार दिया है और स्पष्ट किया है कि इसके बाद अवधि विस्तार नहीं दिया जाएगा। सत्यापन के बाद अगले साल चार जनवरी तक बार कौंसिल का चुनाव कराने का निर्देश दिया है। चुनाव नहीं होने पर बार कौंसिल की वर्तमान कमेटी भंग कर विशेष कमेटी का गठन करने की बात बार कौंसिल ने कही है। झारखंड बार कौंसिल का कार्यकाल 28 जुलाई को समाप्त हो रहा था। झारखंड बार कौंसिल की दो जुलाई को हुई बैठक में सभी वकीलों को एक माह के अंदर सत्यापन कराने का अंतिम मौका दिया है।

## मैट्रिक-इंटरमीडिएट के 103 विद्यार्थी किए गए सम्मानित

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची जिला ग्रामीण के मांडर इकाई द्वारा रविवार को ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मांडर, चान्हो और रातू के मैट्रिक और इंटर में टॉपर 103 विद्यार्थियों को शील्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, समाजसेवी बाबू पाठक मौजूद थे। सन्नी टोप्पो और बाबू पाठक ने एबीवीपी के 75वें स्थापना दिवस पर सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए आयोजन की सराहना की। जिला ग्रामीण संयोजक उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उन्हें राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना है।

# पश्चिम बंगाल की तरह झारखंड में भी सत्ता पुलिस गठजोड़ का मामला : बाबूलाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को हेमंत सरकार पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की तर्ज पर सत्ता पुलिस गठजोड़ के जरिए राज्य को आतंकित करने का आरोप लगाया। मरांडी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की दुर्गति में सत्ताधारियों के साथ वहां के कुछ अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस-सत्ता गठजोड़ से किये गये अत्याचार एवं आतंक से जुड़े छोटे-बड़े एक दर्जन मामलों की जांच उच्च न्यायालय के आदेश से सीबीआई कर रही है। झारखंड भी इसी रास्ते पर है। उन्होंने झारखंड के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि आपने सत्ता के शह पर पाप करने वाले अधिकारियों का हश्र देख लिया है। कोई जमानत को तरस रहा है तो कोई जेल में तड़प रहा है। उनके परिवारवालों की क्या हालत होगी? यह बताने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गर्दन बचाने की चिंता से डरे हैं। उनमें इतनी भी हिम्मत नहीं बची कि वे अबतक पकड़े गये अपने उनलोगों के प्रति संवेदना का एक शब्द भी अपने मुंह से निकाल सकें जो उनके हिसाब से गलत काम करने के चलते जेल में हैं। मरांडी ने कर्मठ अधिकारियों से निवेदन करते हुए कहा कि आप राज्य के सत्ताधारियों की चोरी, डकैती, अपराध, घोटाले और षड्यंत्र के काम में साझेदार न बनें। क्योंकि, जब जांच स्वतंत्र एजेंसियां गर्दन पकड़ती हैं तो बचाने वाला कोई नहीं होता।

**मौत का खतरा** बरसात के मौसम में बढ़ जाती है सर्पदंश की आशंका

# हफ्ता भर के अंदर रिम्स में शिकायत लेकर आये 60 से ज्यादा मरीज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बारिश आते के साथ ही झारखंड में सर्पदंश के मामले भी बढ़ने लगे हैं। झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सर्पदंश के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। आंकड़े देखें तो बारिश का मौसम शुरू होने के बाद सिर्फ जुलाई महीने में अब तक 60 मरीज सर्पदंश की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच चुके हैं, जो डॉक्टरों की निगरानी में इलाज भी करा रहे हैं। रिम्स के मेडिसिन और सर्जरी वार्ड में ऐसे मरीजों की भीड़ पहुंचने लगी है। बारिश के मौसम में जहरीले जानवरों के काटने का खतरा लोगों पर मंडराने लगा है। बिलों और मांदो में रहने वाले सांप और बिच्छू जमीन पर आ जाते हैं, जो इंसानों के संपर्क में आते ही हानि पहुंचाने लगते हैं। झारखंड में जंगल और पहाड़ होने के कारण यहां पर सांपों की भी संख्या अत्यधिक है, जिस वजह से लोग सर्पदंश के आए दिन शिकार हो जाते हैं। सर्पदंश के शिकार सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग होते हैं। जिसका नजारा राजधानी के रिम्स में देखने को मिल रहा है। रिम्स के मेडिसिन और सर्जरी वार्ड में कई ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं, जो सर्पदंश के शिकार हैं।

### डॉक्टर के पास पहुंचने में देरी से बढ़ जाता है खतरा

वहीं कई बार मरीज ज्ञान के अभाव में डॉक्टर के पास आने में विलंब कर देते हैं। जिस वजह से जहर का असर शरीर के अन्य हिस्सों तक पहुंच जाता है और डॉक्टरों को भी ऐसी हालत में इलाज करना मुश्किल होने लगता है। इसीलिए सांप काटने के बाद सबसे जरूरी ये है कि अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत पहुंचे और डॉक्टर को सांप की प्रजाति बताते हुए इलाज कराएं। ताकि डॉक्टर भी उसी हिसाब से एंटी वेनम की दवा दे सकें।वहीं कई बार लोग सांप की प्रजाति की पहचान नहीं कर पाते हैं। ऐसे में डॉक्टर कॉमन एंटी वेनम की दवा लगाते हैं और लगातार निगरानी करते रहते हैं कि शरीर में जहर का असर कितना है। यदि जहर का असर बाकि रहता है तो फिर आवश्यकता अनुसार अत्यधिक डोज भी लगाने पड़ते हैं।

रिम्स में पहुंचे मरीजों ने बताई सर्पदंश की कहानीः हजारीबाग से पहुंचे मरीज बुद्धू बताते हैं कि अपने बगीचे में सब्जी काटने के दौरान एक सांप ने उन्हें काट लिया। जैसे ही सांप ने उन्हें काटा वह तुरंत ही हजारीबाग के सदर अस्पताल पहुंचें। लेकिन सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज की बिगड़ती हालत को देख रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स पहुंचने के बाद मरीज को एंटी वेनम की लगातार कई डोज दिए गए, जिसके बाद बुद्धू के स्वास्थ्य में सुधार होता दिख रहा है।वहीं, चतरा जिले से पहुंचे एक मरीज ने बताया कि खेत में काम करने के दौरान गेंहूमन प्रजाति के सांप ने उन्हें डस लिया। जिसके बाद वह सेंसलेस हो गए। सांप के काटने के बाद वह स्थानीय ओझा गुनी के पास गए, जहां पर उसकी स्थिति और बिगड़ती चली गई। फिर जाकर स्थानीय लोगों की सुझाव के बाद वह सीधा रिम्स पहुंचे, जहां उन्हें एंटी वेनम की दवा मिली और फिलहाल वह राहत की सांस ले रहे हैं। मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय सिंह बताते हैं कि मानसून में सर्पदंश के शिकार मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि अभी तक जितने भी मरीज पहुंचे हैं। सभी की स्थिति सामान्य है। किसी की भी सर्पदंश की वजह से मौत नहीं हुई है। अस्पताल से मिले आंकड़े के अनुसार जुलाई महीने के 1 से 9 तारीख तक 60 से ज्यादा सर्पदंश के मरीज सिर्फ रिम्स पहुंचे हैं। 1 जुलाई को स्नेक बाइट के सात मरीज, 2 जुलाई को पांच मरीज, 3 जुलाई को ग्यारह मरीज, 4 जुलाई को चौदह मरीज, 5 जुलाई को आठ मरीज, 6 जुलाई को दो मरीज, 7 और 8 जुलाई को छह-छह मरीज रिम्स पहुंचे हैं। वहीं मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। सर्जरी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ निशित एक्का बताते हैं कि बारिश के मौसम में हर वर्ष सांप काटने की वजह से कई मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। लेकिन वैसे मरीजों को ही तुरंत राहत मिल पाती है जो मरीज साधारण चीजों को समझ पाते हैं। जैसे कई बार सांप काटने के बाद मरीज अपने शरीर के उस हिस्से को कपड़े से बांध देते हैं, जो कि बिल्कुल गलत है।

## छोटे व सीमांत किसानों के उपयुक्त कृषि तकनीक अपनाने पर जोर

**रांची।** झारखंड और बिहार के 68 जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन रविवार को आईसीएआर- एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट (अटारी), पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार ने छोटे व सीमांत किसानों के उपयुक्त कृषि तकनीकी हस्तांतरण को विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने केवीके की ओर से स्थानीय उपयुक्त चिन्हित 150 एकीकृत कृषि प्रणाली (आईएफएस) मॉडल, द्वितीयक कृषि अधीन लाभकारी कृषि तकनीकी व किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को प्राथमिकता देने को कहा। डॉ कुमार ने कहा कि किसानों की सबसे बड़ी समस्या फसल अवशेष (पराली) का प्रबंधन है। कहा कि कोम्फेड कंपनी से पराली गट्ठर खरीदने से किसानों को 7-8 हजार प्रति एकड़ अतिरिक्त लाभ मिलने लगा है। बताया कि केवीके आरके मिशन, रांची ने नामकुम क्षेत्र में 20-25 वर्षों से खोई हुई चावल की सुगन्धित किस्म भूटकी को चिन्हित किया है। इस स्थानीय सुगंधित किस्म का पीपीभीआरवी के अधीन पंजीयन कराया गया है।

### एबीवीपी ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

# राजनीति, पत्रकारिता व शिक्षा में बेहतर काम कर रही है : डॉ. पंकज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने रविवार को झारखंड प्रान्त कार्यालय में 75वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रांत कार्यालय में ध्वजारोहण एवं विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर मंत्री रोहित शेखर ने की। झारखंड प्रांत प्रमुख डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि एबीवीपी ने अपने स्थापना काल से छात्रों तथा राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते आ रही है। अपनी 75 वर्षों की यात्रा में एबीवीपी ने एक लंबा रास्ता तय करते हुए देश को राजनीति, पत्रकारिता, शिक्षा आदि क्षेत्रों में कार्य कर रही चरित्रवान तथा देश के बारे में सोचने वाली पीढ़ी तैयार की है। हम आने वाले वर्षों में देश और मनुष्यता के लिए नई पीढ़ी के साथ नई ऊर्जा के जरिये अच्छा कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि परिषद बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ का मामला हो, जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाने की बात हो, सभी में परिषद समय-समय पर आन्दोलन चलाता रहा है।

NEWS इन ब्रीफ

## युवती से दुष्कर्म का प्रयास, गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा थाना अंतर्गत हाथीबिंधा निवासी 19 वर्षीय युवती के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी 45 वर्षीय योगेंद्र कर्मकार गांव का ही रहने वाला है. इस संबंध में पीड़िता के पिता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है. पिता ने पुलिस को बताया कि 7 जुलाई की सुबह घर में घुसकर योगेंद्र उसकी 19 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था. इसी दौरान घर वालों ने उसे देख लिया. हालांकि उस बीच मौका पाकर योगेंद्र वहां से भाग गया. शनिवार रात को वह बस्ती में ही घूम रहा था तभी उसे पकड़ लिया गया. फिलहाल पुलिस आरोपी को जेल भेजने की तैयारी कर रही है.

## बिष्टुपुर थाना के दरोगा विवेक बने थाना प्रभारी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना प्रभारी प्रभात कुमार और एसआई दीपक को अनुशासनहीनता के आरोपी में एसएसपी प्रभात कुमार ने निलंबित कर दिया था. इधर, बिष्टुपुर थाना के एसआई विवेक कुमार माथुरी को बिरसानगर थाना का नया थानेदार बनाया गया है. इसे लेकर एसएसपी प्रभात कुमार ने सर्कुलर भी जारी कर दिया है. बता दे कि बिरसानगर थाना प्रभारी प्रभात कुमार पर रुपये लेकर आरोपियों को छोड़ने का आरोप लगा था. एसएसपी ने मामले की जांच का जिम्मा ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत को दिया था. जांच में आरोप सही पाया गया इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था.

## जरीडीह पहाड़ी के पास मिला शव

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के पचंबा थाना स्थित गोशाला के समीप जरीडीह पहाड़ी के नीचे झाड़ियों में नौ जुलाई की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला. शव का सिर बुरी तरह से कुचला हुआ था, जिससे चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था. उसके दाएं हाथ की कलाई भी हाथ से अलग थी. घटना की सूचना मिलने पर पचंबा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई. खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस इसे हत्या का मामला मान रही है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. वहीं शव के साथ हुई दरिंदगी देख कर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई है।

## पर्यावरण बचाने को किया गया पौधरोपण

**बोकारो।** कौटिल्य महापरिवार बेरमो की ओर से करगली बाजार एसबीआई के समीप पौधरोपण किया गया. कौटिल्य परिवार के संरक्षक गिरिजाशंकर पांडेय व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने कहा कि मौजूदा समय में पौधरोपण करना महान कार्य है. इस भौतिकवादी युग में चंद स्वार्थ के लिए प्रकृति को भूल रहे हैं. हम प्रकृति से सिर्फ लेने का काम कर रहे हैं।

# पथराव व फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार, हथियार-गोली बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया के बस्ताकोला कोल डंप में मैनुअल ट्रक लोडिंग में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच पत्थरबाजी और फायरिंग मामले में पुलिस ने दो युवकों बुधन मंडल और जावेद अख्तर उर्फ रिंकू खान को गिरफ्तार कर लिया. दोनों युवकों का फायरिंग करते वीडिओ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. यह जानकारी डीएसपी (विधि व्यवस्था) अरविंद कुमार बिन्हा ने 9 जुलाई को अपने कार्यलाय में प्रेसवार्ता में दी. डीएसपी ने बताया कि 5 जुलाई को संयुक्त मोर्चा मजदूर संघ और जनता श्रमिक संघ के बीच टकराव के बाद झड़प हुई थी. दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी व गोलीबारी हुई थी. फायरिंग करने वाले युवकों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया गया. उनके पास से 7.65 बोर की अवैध देसी पिस्टल, एक जिंदा गोली, एक अवैध देसी कट्टा व 315 बोर की जिंदा गोली बरामद की गई है. डीएसपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवकों का पहले से अपराधिक इतिहास रहा है. बुधन मंडल के खिलाफ विभिन्न थानों में 16 व रिंकू खान के खिलाफ 4 केस दर्ज हैं. मामले में पुलिस का अनुसंधान जारी है. बाकी बचे आरोपी जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे. ज्ञात हो कि 5 जुलाई को बस्ताकोला डंप में वर्चस्व को लेकर दोनों गुटों में एक दर्जन से अधिक राउंड फायरिंग हुई थी. गोलीबारी से पूरा क्षेत्र दहल उठा था. जमकर पत्थरबाजी भी हुई थी, जिसमें महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे. दोनों गुटों में पिछले कई महीनों से ट्रक लोडिंग को लेकर विवाद चल रहा था. प्रेसवार्ता में धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह, जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार ओझा, केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह मौजूद थे.

## होटवार जेल में बंद सोनू सिंह के नाम पर रंगदारी मांगने वाला कोलकाता से गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** शहर के कारोबारियों से रांची के होटवार जेल में बंद उपेंद्र सिंह हत्याकांड के सजायाफ्ता सोनू सिंह के नाम पर रंगदारी मांगने के आरोपी परसुडीह निवासी बंटी गुहा को पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया है. इस मामले में सिदगोड़ा निवासी अमित चावला ने 5 जुलाई को सिदगोड़ा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी. अमित ने पुलिस को बताया कि उनसे फोन पर सोनू सिंह के नाम पर रंगदारी की मांग की जा रही है. शिकायत दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की जिसके बाद पुलिस ने बंटी को कोलकाता के गोल्फ ग्रीन से गिरफ्तार किया है. बंटी पर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई मामले दर्ज है.पूछताछ में बंटी ने पुलिस को बताया कि जेल में रहने के दौरान वह कई अपराधियों के संपर्क में आया था. इसी बीच उसे सोनू सिंह के नाम पर रंगदारी मांगने का आइडिया आया. वह 23 मार्च को जमानत पर जेल से बाहर आया. जेल से आने के बाद वह दुकानों के बाहर लगे बोर्ड से संचालक का नंबर निकालता था और फिर उस नंबर पर फोन कर रंगदारी की मांग करता था. बंटी ने अमित चावला से रंगदारी की मांग की थी. इस दौरान अखबारों में खबर छपने के बाद वह कोलकाता भाग गया था जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.

# पुण्यतिथि पर याद किए गए वीर शहीद किशन दुबे



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड के लाल वीर शहीद किशन दुबे के आठवें पुण्यतिथि पर रविवार को पूर्व सैनिक सेवा परिषद् के सदस्य एवं नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर झारखंड के लाल को उनकी वीरता एवं देश प्रेम के लिए नमन किया एवं उनकी माता से मिलकर उनका हाल चाल जाना. इस दौरान पूर्व सैनिकों द्वारा लगाए गए भारत माता की जय एवं शहीद किशन दुबे अमर रहे के नारे से वातावरण गूंजायमान हो गया. ज्ञात हो वीर शहीद कॉन्स्टेबल किशन कुमार दुबे कश्मीर के कुपवाड़ा करम पोस्ट नौगांव में तैनात थे. 9 जुलाई 2015 को वीर गति को प्राप्त हुए थे. श्रीनगर के बारामूला सेक्टर की लीपा घाटी में नौ जुलाई 2015 को पाकिस्तानी फौज और रेंजर की गोलीबारी में जमशेदपुर के परसुडीह कीताडीह त्रिमूर्ति चौक निवासी सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवान किशन दुबे शहीद हो गए थे. उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करने के लिए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के सदस्य की टीम एवं परशुराम शक्ति सेना ने सयुंक्त रूप से जुगसलाई में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. सैन्य समाज ने शहीद के फोटो पर माल्यार्पण कर सभी ने उनकी वीरता एवं अदम्य साहस को याद करते हुए उन्हें नमन किया. इस अवसर पर वीर शहीद के बड़े भाई कन्हैया दुबे, जिला अध्यक्ष विनय कुमार यादव एवं जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह, हवलदार मनोज सिंह, पेट्टी अफसर शैलेंद्र कुमार सिंह, हवलदार सतेंद्र सिंह, पेट्टी ऑफिसर संजय कुमार सिंह, सीपीओ आरपी ठाकुर, हवलदार कमल कुमार सिंह, हवलदार बी के यादव, किशन दुबे की माता सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## भाजयुमो ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**जमशेदपुर।** जादूगोड़ा मंडल भाजपा जनता युवा मोर्चा ने रविवार को पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी की उपस्थिति में जादूगोड़ा बाजार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया. पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने दुकानदारों और लोगों से मिलकर मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताया. कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में नेशनल हाइवे का निर्माण तेज गति से हुई है, जिसके कारण व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है. इसके अलावा डाइरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई. मौके पर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित सिंह परमार, मंडल अध्यक्ष दिलीप पुराण, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा विक्रम सिंह, जिला उपाध्यक्ष चंचल दास, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकेश भगत, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष वरुण सिंह, रूपाली सवैया, तुल्लू कर्मकार, रघुनाथ लोहार, उज्वल गुप्ता, राहुल अग्रवाल, विमल गोप, फूफा बारिक आदि उपस्थित थे.

## बेरमो : बेरमो को जिला बनाने की मांग लेकर समिति करेगी पदयात्रा

**बोकारो।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक गोमिया प्रखंड के दक्षिणी पंचायत भवन में हुई. बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया धनंजय सिंह ने की. बैठक में मुख्य अतिथि जिला परिषद के सदस्य आकाश लाल सिंह, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता कामेश्वर मिश्रा व महासचिव वकील महतो मौजूद थे. समिति के संयोजक संतोष नायक व कुलदीप प्रजापति ने कहा कि झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर पदयात्रा की जाएगी. इसमें बेरमो अनुमंडल से सैकड़ों लोग रांची कूच करेंगे और विधानसभा परिसर में पहुंचकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराएंगे. मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह के दिली इच्छा थी कि बेरमो अनुमंडल बने. उन्होंने कई बार झारखंड विधानसभा में यह मांग रखी, लेकिन सरकार ने जिला नहीं बनाया. अपने चाचा के इस सपना को साकार करने को वे आंदोलन में तन-मन-धन से सहयोग देंगे.

## गिरिडीह : पारस विद्या योजना के तहत 36 शिक्षकों की हुई नियुक्ति

**गिरिडीह।** जैन समाज के उत्तर प्रदेश प्रकाश भवन की ओर से संचालित पारस विद्या योजना के तहत मधुबन पंचायत के विभिन्न गांवों के 36 युवाओं को शिक्षक का नियुक्ति पत्र सौंपा गया. मालूम हो कि उत्तर प्रदेश प्रकाश भवन ने मधुवन के निकटवर्ती 14 गांवों को गोद लिया है. ये नवनियुक्त शिक्षक इन्हीं गांवों के सरकारी विद्यालयों में अपनी सेवा देंगे. इनके मानदेय का भुगतान उत्तर प्रदेश प्रकाश भवन की ओर से किया जाएगा. उपमुखिया झरीलाल महतो व संस्था के प्रबंधक सुजीत सिन्हा ने संयुक्त रूप से शिक्षकों की नियुक्ति दिया. संस्था के प्रबंधक श्री सिन्हा ने बताया कि पारस विद्या योजना के तहत कुल 28 विद्यालयों में 36 शिक्षकों की नियुक्ति की गई है. इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देना है. इसी उद्देश्य से गांव के लड़के-लड़कियों को 4 माह का ऑनलाइन प्रशिक्षण देने के बाद स्कूल में शिक्षण के लिए नियुक्त किया जाता है.

# कोयला खनन को कतरास आए गिरिडीह के युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** कतरास के लकड़का में कोयला खनन के दौरान गिरिडीह के हरलाडीह निवासी युवक जालो कोल्हो की करंट लगने से मौत हो गई. घटना 8 जुलाई शनिवार की रात की है. सूचना मिलते ही रविवार की सुबह करीब 10 बजे परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे दर्जनों लोगों ने शव को लेकर कतरास थाने में जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया. मुआवजा की मांग को लेकर थाना परिसर में धरना पर बैठ गए. पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया. परिजनों के अनुसार, जालो कोल्हो की मौत करंट लगने से हुई है. मृतक की पत्नी अनीता देवी ने बताया कि पति लकड़का में बीते मंगलवार को हाजरी में काम करने आया था. किसी ने उसकी हत्या कर शव लकड़का के जंगल में फेंक दिया. मृतक के साथी विनोद टुडू ने बताया कि कोयला कटाई करने 6 मजदूर हरलाडीह से आये थे. उन लोगों को प्रति बोरा 18 रुपया मजदूरी का भुगतान किया जाता था. हरलाडीह पंचायत के मुखिया जगदीश सोरेन ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की.

## मुख्य सड़क चौड़ीकरण को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**चाईबासा।** रविवार को नोवामुंडी के बलिझोर पंचायत भवन में डीवीसी डूकासाई ग्राम के मुंडा गसवा बारजो की अध्यक्षता में बैठक की गई. बैठक में नोवामुंडी से बड़ाजामदा जाने वाले मुख्य सड़क के चौड़ीकरण को लेकर विचार विमर्श किया गया. बैठक में सभी ग्रामीणों ने विचार विमर्श करते हुए नोवामुंडी से बड़ाजामदा जाने वाले मुख्य सड़क के चौड़ीकरण के मामले में कई बिन्दुओं पर निर्णय लिया. सड़क के चौड़ीकरण से सड़क के दोनों किनारे बनाए घरों को काफी क्षति पहुंचेगी. इसलिए सड़क का चौड़ीकरण पुराने पुल की ओर कराने पर सहमति बनी, ताकि पुरखों से बसें ग्रामीणों के घरों को किसी प्रकार की क्षति न हो.

# जेएमएम नेता स्व धनेश्वर मंडल की पुण्यतिथि मनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के गांडेय प्रखंड के मरगोडीह में 9 जुलाई रविवार को जेएमएम नेता स्व धनेश्वर मंडल की पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई. मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा का संचालन पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी ने किया. सर्वप्रथम धनेश्वर मंडल के पुत्र दिलीप मंडल ने पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. मौके पर मुख्य अतिथि गांडेय विधायक सरफराज अहमद, पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा, जिलाध्यक्ष संजय सिंह आदि ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. सरफराज अहमद ने कहा कि धनेश्वर मंडल झारखंड मुक्ति मोर्चा के सच्चे सिपाही थे. झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं को उनके बताए रास्ते पर चलाना चाहिए. पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि धनेश्वर मंडल झारखंड आंदोलनकारी के अगुआ साथी थे. धनेश्वर मंडल हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती रहे. कार्यक्रम में स्व धनेश्वर मंडल स्मरण समिति ने 200 लोगों को पौधा वितरित किया. श्रद्धांजलि सभा में महालाल सोरेन, फरदीन इम्तियाज अहमद, बबली मरांडी, राजकुमार पाठक, हीरालाल मुर्मू, जितेंद्र मंडल, दिनेश वर्मा, देवराज, हरी मंडल आदि उपस्थित थे.

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन, विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स में धनबाद डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के द्वारा आयोजित की गई टेबल टेनिस प्रतियोगिता 9 जुलाई को संपन्न हो गई. दूसरे दिन महिला एवं पुरुष वर्ग का सिंगल और डबल का फाइनल खेला गया. सिंगल में मनोज कुमार ने सूरज सिंह को सीधे सेटों में हराकर खिताब अपने नाम किया. वही वूमेन सिंगल में स्नेहलता ने सृजनी चटर्जी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर खिताब जीता. अंडर-19 में सत्यम ने सूरज सिंह को हराया. डबल मेंस में मनोज एवं सत्यम की जोड़ी ने साहिल और अमितेश की जोड़ी को पराजित किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएन महापात्रा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया.

## सदर अस्पताल में लगेगा ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट

चाईबासा। सदर अस्पताल चाईबासा का अपना ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट होगा. झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोक्योरमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से इसे सदर अस्पताल में इंस्टॉल किया जा रहा है. इसको स्थापित करने के लिए एमडीडी मेडिकल इंडिया प्राइवेट के अभियंताओं की देखरेख में इसे स्थापित किया जाएगा. इस प्लांट में कंपनी द्वारा लिक्विड ऑक्सीजन आपूर्ति की जाएगी और इसके साथ आए वेपोराइजिंग मशीन के द्वारा इस लिक्विड ऑक्सीजन को गैस में बदल कर इस गैस को रोगी के उपयोग लायक बनाया जाएगा. इसके साथ आए अभियंता विकास विश्वकर्मा ने बताया कि इस प्लांट के साथ-साथ 40 जंबो सिलेंडर का एक मेनिफोल्ड होगा।

# कोयला मंत्री 12 को धनबाद आएंगे क्षेत्र का करेंगे निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी 12 जुलाई को अग्नि प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने धनबाद आएंगे. उनके दौरे को देखते हुए बीसीसीएल ने तैयारी तेज कर दी है. बीसीसीएल के निदेशक (तकनीकी) उदय ए कावले ने 9 जुलाई को लोदना क्षेत्र संख्या 10 के अग्नि प्रभावित लिलोरी पथरा पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. डीटी के साथ लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक बीके सिन्हा, परियोजना पदाधिकारी अरुण पांडेय, लोडिंग ऑफिसर केके सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल थे. बड़े अधिकारियों के आने की सूचना जैसे ही आसपास के लोगों को मिली, उससे पहले ही अधिकारी वापस लौट गए.

आस्था

महंत विद्यानंद सरस्वती ने सभी शिवभक्तों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी

# नवयुवक कांवरियां संघ का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना



जमशेदपुर : नवयुवक कांवरिया संघ का जत्था बाबाधाम के लिए हुआ रवाना

2

जमशेदपुर। नवयुवक कांवरिया संघ टाटानगर का एक बड़ा जत्था रविवार को काली मंदिर, पारडीह से देवघर के लिए रवाना हुआ. मंहत विद्यानंद सरस्वती व हर हर महादेव सेवा संघ परिवार ने सभी कांवरियों को अंगवस्त्र प्रदान कर व सम्मानित करके धर्म नगरी के लिए रवाना किया. इस मौके पर महंत विद्यानंद सरस्वती ने सभी शिवभक्तों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो लोग बाबा भोलेनाथ के दरबार जाते हैं वो कभी खाली हाथ नहीं लौटते. उन्होंने सभी कांवरियों से आग्रह किया कि सभी जमशेदपुर सहित समूचे विश्व में सुख शांति की कामना बाबा भोलेनाथ से करें. संस्था के संरक्षक भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि प्रतिवर्ष कांवरियों का यह जत्था बाबा बैजनाथ धाम जलाभिषेक के लिए जाता है व विश्व कल्याण की कामना करता है. बोल बम, हर हर महादेव के जयघोष के साथ कांवरियों का जत्था सुल्तान गंज के लिए रवाना हुआ. जहां से शिव भक्त कांवर में जल भरकर 105 किमी की पैदल यात्रा कर अपने आराध्य बाबा बैजनाथ को जलाभिषेक करेंगे. बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है और बाबा का आशीर्वाद हमेशा शिव भक्तों के साथ रहता है. सभी कांवरियों को अपनी शुभकामनाओं के साथ उनके मंगलमय यात्रा की कामना की.

## चक्रधरपुर : शीतला मंदिर कांवरियां संघ देवघर व काशी विश्वनाथ के लिए हुआ रवाना



**चाईबासा।** बोल बम के जयकारें के साथ रविवार को चक्रधरपुर की शीतला मंदिर कांवरियां संघ देवघर व काशी विश्वनाथ दर्शन व जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ. चक्रधरपुर के शीतला मंदिर परिसर से लगभग एक सौ से अधिक कांवरियां रवाना हुये. शीतला मंदिर में पूजा अर्चना के बाद चक्रधरपुर के सोनुवा बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर में सभी कांवरियों ने पूजा अर्चना किया. इसके बाद बस व अन्य वाहन से सभी रवाना हुये. जहां मुख्य रुप से भाजपा के मौजूद भाजपा के वरीष्ठ नेता सुरेश साव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सावन के महीने में शीतला मंदिर कांवरियां संघ देवघर व हिन्दुओं के अन्य धार्मिक स्थल जाती है. इस वर्ष देवघर, बासुकीनाथ मंदिर के बाद वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर बस से भी सभी श्रद्धालु जाएंगे. वापसी में झारखंड के रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालु माता के दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे. सभी कांवरियों को रवाना करने के लिए भाजपा के नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भाजपा नेता संजय मिश्रा,पूर्व पार्षद अनुप दूबे, शहर के अन्य गणमान्य लोग पहुंचे थे.

# झारखंड विस की आश्वासन समिति ने किया रामगढ़ का दौरा



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति ने रविवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरुवा, सदस्य वैद्यनाथ राम एवं सदस्य अंबा प्रसाद ने समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सभापति एवं सदस्यों द्वारा आश्वासन समिति के समक्ष रामगढ़ जिले से संबंधित मामलों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान उनके द्वारा राजस्व व भूमि निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग एवं रामगढ़ जिले में प्रदूषण नियंत्रण संबंधित मामलों पर विधानसभा में दिए गए आश्वासन के तहत अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभापति एवं सदस्यों द्वारा रामगढ़ जिले में चल रहे अन्य विकास कार्यों को लेकर जिले के अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद ने उनके क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों सहित अन्य मामलों को बैठक में समिति के समक्ष रखा। जिस पर सभापति व सदस्य द्वारा संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## दामाद, समधी समेत कई पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नवादा के टेकवादडीह में ब्याही सीमा परवीन के पिता इसराफिल अंसारी ने दामाद हसनैन अंसारी, समधी नूर आलम व अन्य के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है. थाने में दिए गए आवेदन में बोकारो जिला के कसमार थाना क्षेत्र स्थित सूरजूडीह निवासी इसराफिल अंसारी ने बताया है कि 15 जुलाई 2022 को उनकी बेटी सीमा परवीन की शादी टेकवाडीह के हसनैन अंसारी से हुई थी. आरोप है कि कुछ महीनों बाद सीमा परवीन को दो लाख रुपए की मांग को लेकर ससुराल में यातना दी जाने लगी. इसी क्रम में बीते 15 जून को उसे रॉड से पीटकर उसके हाथ-पैर तोड़ दिए गए. आरोप यह भी है कि पिटाई के बाद उसे कुंए में डाल दिया गया. जानकारी मिलने के बाद इसराफिल कुछ लोगों के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे. वहां उनकी बेटी मरणासन्न स्थिति में थी. आगे कहा गया है कि बेटी के ससुराल वालों ने उन्हें थाना जाने से यह कहकर मना कर दिया कि वे उसका इलाज कराएंगे।

# सदर अस्पताल रामगढ़ के 11 विभागों को मिला एनकास सर्टिफिकेशन




नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत सदर अस्पताल रामगढ़ को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनकास) कार्यक्रम अंतर्गत क्वालिटी सर्टिफिकेशन से नवाजा गया है। वहीं, अस्पताल के लेबर रूम एवं मैटरनिटी ओटी को एनकास के साथ साथ लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत भी क्वालिटी सर्टिफिकेशन से नवाजा गया है। सदर अस्पताल रामगढ़ के 11 विभागों जिनमें ओपीडी, लैब, एनआरसी, फार्मेसी, मेटरनिटी वार्ड, रेडियोलॉजी, स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट, ब्लड बैंक, मोर्चरी व जनरल एडमिन आदि को क्वालिटी सर्टिफिकेशन में 86% अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं, लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत सदर अस्पताल रामगढ़ के लेबर रूम को 92% एवं मैटरनिटी ओटी को 90% अंक प्राप्त हुए हैं। इसके लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम एवं सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी है। साथ ही उपायुक्त ने कहा है कि जिला प्रशासन रामगढ़ का यह प्रयास है कि सदर अस्पताल रामगढ़ के माध्यम से जिले वासियों को सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं मिले एवं आकस्मिक परिस्थितियों में अस्पताल रामगढ़ जिले वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरे।

### क्या है एनकास सर्टिफिकेशन

अस्पतालों के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनकास) का हर साल असेसमेंट किया जाता है। इसमें अलग-अलग प्वाइंट्स पर जांच की जाती है। इसमें पिछले साल की तुलना में संकेतकों में शामिल सुविधाओं में क्या सुधार किया गया है और सुविधाओं का कितना विस्तार किया गया है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण कार्यप्रणाली को भी देखा जाता है। मरीजों और परिजनों से भी फीडबैक लिया गया है।

# सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के सौदागर मुहल्ला प्राचीन चैती दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को चट्टी बाजार से सौदागर मोहल्ला न्यू कॉलोनी की सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजेश ठाकुर ने किया । मौके पर उन्होंने बताया कि सौदागर मुहल्ला की सड़क एवं नाली की स्थिति बहुत ही जर्जर हो चुकी है और बरसात का पानी गड्ढों में भर जाता है । जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कहा की सड़क के जर्जर होने से आने जाने के क्रम में कई लोग दुर्घटना का भी शिकार हो चुके हैं। बताया की लगभग 20 वर्षों से यह सड़क बनाया नही गया है। बताया की इस संबंध में उपायुक्त कार्यालय और छावनी परिषद कार्यालय को ज्ञापन भी दिया गया बावजूद इसके सड़क की स्थिति नही सुधरी। श्री ठाकुर ने बताया की सड़क को बनाये जाने की मांग को लेकर मंगलवार 11:00 बजे प्राचीन चैती दुर्गा मंदिर सौदागर मुहल्ला से उपायुक्त कार्यालय तक पदयात्रा का आयोजन कर जर्जर सड़क को बनाने के लिए एक बार पुनः ज्ञापन सौंपा जाएगा। कहा की इसके बाद भी यदि सड़क नही बना तो हम सभी आंदोलन को विवश होंगे। मौके पर मुख्य रूप से सुरेश वर्मा ,संजय अग्रवाल ,आनंद जायसवाल, अमित ठाकुर ,चंदन ठाकुर, विक्की जायसवाल, विक्की ठाकुर ,सोनू जायसवाल, विकास ठाकुर, अनूप कुमार, राजेंद्र अग्रवाल ,सुभाष ठाकुर, पवन महतो ,बंटी मनीष कुमार, मनोज सोनी ,ऋषि कुमार, सचिन कुमार कुशवाहा ,पिंटू जायसवाल, गुड्डू सोनी ,विकास कुमार आदि मौजूद थे।

## तिसरी : प्रवासी मजदूर का शव घर आते ही पसरा मातम

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी प्रखंड के बरदौनी गांव के प्रवासी मजदूर सुरेश हेंब्रम (20 वर्ष) का शव घर पहुँचते ही पूरे गांव में मातम पसर गया. परिजनों के चीत्कार से पूरा गांव दहल गया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी के प्रतिनिधि के रुप में सोनू हेम्ब्रम मृतक के घर पहुँचे. उन्होंने परिजनों को मामले की जांच का आश्वाशन देते हुए कहा कि बाबूलाल सूरत के डीआईजी से मामले की जांच के लिए बात करेंगे. मृतक विजय हेमब्रम का पुत्र है. परिजनों ने बताया कि वह सूरत के होटल विनायक मंदिर में डेढ़ वर्षों से काम करता था. 10 जुलाई को वह घर आने वाला था. लेकिन इसके पूर्व सुरेश का शव पंखे से फंदे के सहारे लटकता हुआ मिला था. स्थानीय पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने के बाद परिजन सूरत पहुँचे थे. जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. खबर लिखे जाने तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है. परिजनों ने बताया कि मृतक और उसके पिता विजय मजदूरी कर परिवार चलाते थे. सुरेश की मौत के बाद पूरे परिवार के समक्ष आर्थिक तंगी की स्थिति पैदा हो गई है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के संज्ञान लेने के बाद जांच की उम्मीद है.

# भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव-2024 को लेकर भरी हुंकार

### लोकसभा व विस चुनाव को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता हुए एकजुट



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक दिब्य कल्याण आश्रम में की गई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिपक प्रकाश, विधायक अमित कुमार यादव, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी एवं बटेश्वर मेहता उपस्थित थे। मौके पर दिपक प्रकाश ने कहा कि बरकट्ठा की धरती महान है जहां खगेन्द्र प्रसाद जैसे विधायक की कर्मभूमि रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 में लोकसभा का चुनाव होना है। जहां झारखंड प्रदेश के 14 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करना है। इसके लिए सभी कार्यकताओं को मजबूती के साथ मिलकर भाजपा के नीति और सिद्धान्तों को घर घर पहूंचाना है। कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र को जीत कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनने में सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा नीति और सिद्धान्तों की पार्टी है जबकि विपक्ष में सभी दल एक विशेष परिवारों की पार्टी है। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि मैं निर्दलीय विधायक हूं और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को नैतिक समर्थन देने का काम किया हूं। नरेन्द्र मोदी देश के लिए सबसे बेहतर प्रधानमंत्री है। इसलिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने का काम करूंगा। मौके पर सुनील मेहता, रमेश ठाकुर, बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, केदार साव, रामदेव मोदी, पप्पू मोदी, अनील आजाद, बिन्दु सोनी, मनोहर मोदी, अशोक मोदी, सुशील पांडेय, पवन प्रसाद, मिथलेश भारती, जय प्रकाश राम, महेन्द्र प्रसाद, श्याम सिंह, बालेश्वर ठाकुर, सुरेन्द्र साव, राजकुमार यादव, बिरेंद्र मेहता, बिरेंद्र ठाकुर, जागेश्वर प्रसाद, संजय गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अलग हुआ पदमा और बरकट्ठा का विद्युत फीडर



**बरही ।** रविवार को कोनरा नहर पर स्थित पदमा - बरकट्ठा रूट के विद्युत कनेक्शन को अलग कर दिया गया. इससे अब एक साथ दोनो रूट की विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी. विदित हो कि अब तक पदमा और बरकट्ठा दोनो एक ही फीडर से जुड़े थे. दोनो रूट का फीडर एक होने के कारण पदमा, बरकट्ठा और चलकुसा प्रखंड में कही भी बिजली बाधित होने पर बनाने के लिए तीनो प्रखंडों में एक साथ विद्युतापूर्ति बाधित करने पड़ते थे. इसके अलग होने से यह समस्या का समाधान हो गया है. उक्त जानकारी कार्य करवा रहे संवेदक सीताराम महतो ने दी. इस कार्य में रामचंद्र कुमार, भुनेश्वर प्रसाद, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, राजू, छोटी लाल, उमेश प्रसाद, मोहन आदि बिजली मिस्त्रियों ने जोखिम भरे कार्य को करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## बरही में प्रशासन ने जीटी रोड के बगल में स्थित पुराने और खुले कुएं को भरवाया



**बरही ।** जीटी रोड करियातपुर के समीप खुला पड़ा पुराने कुआं को भरवा दिया गया है. उक्त जानकारी बीडीओ सी आर इंदीवर ने दिया. उन्होंने लोगो से अपील किया कि प्रखंड के अन्य जगहों पर भी कोई के खतरनाक खुला कुआं हो तो उसकी सूचना प्रशासन को अवश्य दें. विदित हो की बीते सप्ताह पदमा के रोमी में एनएच के बगल में स्थित कुएं में टाटा सूमो गाड़ी गिरने से छः लोगो की जाने चली गई थी. जो की एनएचएआई की उदासीनता और लापरवाही का परिणाम है. सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा चुका है, कई स्थानों पर चल रहा है बाबजूद सड़क किनारे खुला कुआं होना एनएचएआई के कार्यों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है. करियातपुर स्थित कुएं के संबंध में धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने प्रशासन को इतलाह करते यथाशीघ्र भरने की मांग किया था. उन्होंने यह भी कहा कि रोमी की घटना से सबक लेते हुए एनएचएआई को सड़क किनारे बने कुएं या अन्य गहरे गड्ढे को भी ढूंढकर भरने का कार्य किया जाना चाहिए. जिससे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति नही हो सके.

# हजारीबाग में अभाविप का मना स्थापना दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग इकाई की ओर से रविवार को स्थानीय जिला कार्यालय में झंडोत्तोलन और पौधारोपण कर बाबू गांव में संगठन का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया. इस दौरान संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यकताओं ने स्थापना दिवस को राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाया. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया. कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन ने कहा कि अखिल भारतीय भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना नौ जुलाई 1949 को हुई थी. विद्यार्थी परिषद को अनुशासित कार्यकताओं का संगठन बताते हुए उसके इतिहास पर प्रकाश डाला. विभाग प्रमुख प्रो मनोज कुमार ने बताया कि विद्यार्थी परिषद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करता है. प्रदेश एसएफएस प्रमुख नवलेश सिंह ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद न केवल भारत, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो छात्र हित के साथ समाज व राष्ट्र हित में भी कार्य करता आ रहा है.

## गावां : विद्यालयों में तड़ित चालक नहीं, खतरे में बच्चों की जान

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों की जान खतरे में है. क्योंकि इन विद्यालयों में लगाए गए तड़ित चालक नाकाम हो गए हैं. क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में तड़ित चालक या तो चोरी हो गए हैं या टूट-फूट गए हैं. विद्यालय प्रबंधन और सरकार इस दिशा में पूरी तरह से उदासीन है. विद्यालय प्रबंधन तड़ित चालक चोरी की सूचना बीआरसी कार्यालय को देकर अपनी जिम्मेवारी से मुक्त हो जाता है. बताते चलें कि बरसात का मौसम शुरू हो गया है. वज्रपात की घटना बढ़ गई है. इससे भी बुरा हाल प्राईवेट स्कूलों का है. सरकार इन स्कूलों को तड़ित चालक लगाने के लिए बाध्य भी नहीं करती है. पिछले सप्ताह गावां प्रखंड के पछियारीडीह में वज्रपात से दो महिलाओं की मौत हो गई थी. वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय महेशपुर के समीप वज्रपात के झटके से एक महिला बेहोश हो गई थी.

**अपील** भाजपा का विधानसभा स्तरीय सांगठनिक पदाधिकारियों का एक दिवसीय बैठक

# पीएम मोदी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं : दीपक प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** होटल ए के पैलेस में भाजपा का विधानसभा स्तरीय संगठन पदाधिकारियों का एकदिवसीय बैठक संपन्न हुआ. जिसमें बतौर मुख्यातिथी राज्यसभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव, योगेंद्र प्रताप सिंह आदि संगठन में कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए. बैठक का मुख्य उद्देश्य सांगठनिक शक्ति को मजबूत बनाना तथा आगामी लोकसभा और विधानसभा में भाजपा को विजय बनना था. बैठक में चौपारण, चंदवारा, बरही और पदमा से सैकड़ों की संख्या में भाजपा के समर्पित सिपाही शामिल हुए. उपस्थिति लोगो का मनोबल बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि ने पीएम मोदी के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही. धारा 270, ट्रिपल तलाक, राम मंदिर निर्माण आदि कई कार्यों के साथ केंद्र सरकार के जनहित के योजनाओ और कार्यों को आम जनों तक बताने का अपील किया. उन्होंने बताया कि वर्तमान परिस्थिति में पीएम मोदी की कोई विकल्प नहीं है. इनके शासनकाल में देश ने बुलंदियों को छुआ है, अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश की पहचान बढ़ी है. अभी से ही लोकसभा चुनाव के लिए लगते हुए हर घर और बूथ तक संदेश फैलाने को कहा. पूर्व विधायक ने भी पीएम मोदी के नेतृत्व में ही देश सुरक्षित रहने की बात बताया. उन्होंने भी पार्टी के सभी पदाधिकारियों से देश हित में लोगो को भाजपा के प्रति सकारात्मक ऊर्जा भरने की अपील किया. राज्यसभा सांसद को यह भी आश्वस्त किया कि उनके विधानसभा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूर्ण समर्पित है और पूरी निष्ठापूर्वक आलाकमान के निर्देशों का पालन करते हुए संगठन की ताकत बढ़ाने में लगे है. बैठक को उपस्थिति कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संजीव कटरियार, अर्जुन साहू, डोमन पांडेय, गणेश यादव, अमित साहू, बंधन यादव, अंबिका सिंह, शैलेंद्र सिन्हा, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया विजय यादव, मोतीलाल चौधरी, दामोदर सिंह, विवेकानंद सिंह, दिनेश यादव, इंद्रदेव यादव, मणिलाल यादव, नागेश्वर रजक, द्वारिका राणा, राजेंद्र चंद्रवंशी आदि सहित कई लोग मौजूद थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक यादव और संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने किया. धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया. अन्य कई नेताओं ने भी संबोधित किया.



# मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों का संयुक्त कन्वेंशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** केंद्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी जनविरोधी व राष्ट्रविरोधी विनाशकारी सरकारी नीतियों के खिलाफ तथा वैकल्पिक नीतियों के लिए ट्रेड यूनियनों सीटू, एटक, एक्टू और इंटक का संयुक्त जिला स्तरीय कन्वेंशन रविवार को साहू भवन झुमरीतिलैया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश प्रजापति, विजय पासवान, अनिल यादव, बिनोद पासवान की संयुक्त अध्यक्ष मंडल किया। कन्वेंशन का उदघाटन एक्टू के राज्य महासचिव शुभेन्दु सेन ने करते हुए कहा कि आज जनता के साथ साथ हमारे देश की स्थिति काफी चिंताजनक एवं गंभीर है। जिसके लिए केन्द्र की भाजपानीत मोदी सरकार की नीतियां जिम्मेदार है. एटक के राज्य महासचिव अशोक कुमार यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार न केवल मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और जनविरोधी है, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी है। ये नीतियां न केवल हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है। गरीबों और मजदूरों पर लगातार बोझ डाला जा रहा है। इसके खिलाफ हमें मजदूरों को सड़कों पर लामबंद करना होगा। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि देश में बेरोजगारी प्रचंड रूप ले चूका है। स्थायी नौकरी की जगह अनुबंध, ठेका और आउटसोर्सिंग लाया जा रहा है, जहां मजदूरों का शोषण जारी है। नौकरी की सुरक्षा नहीं है। महंगाई से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। एक किलो चिकन का दाम से ज्यादा एक किलो टमाटर का दाम हो गया है. हरा मिर्च, अदरक लहसुन का दाम भी आसमान पर है। जीरा गोलमिर्च सहित सभी मशालें, दाल, आटा-चावल आदि सभी खाने पकाने का दाम बेतहाशा बढ़ने से आम आदमी के थाली से दूर हो रहा है. इंटक के अध्यक्ष राजकिशोर सिहं ने कहा कि मौजूदा श्रम कानूनों को कमजोर कर कॉरपोरेट परस्त मालिक पक्षीय चार लेबर कोड लाया गया है। केंद्र सरकार अक्रामक तरीके से राष्ट्रीय संपत्ति, सार्वजनिक उपक्रमों, वित्तीय संस्थानों का निजीकरण कर रही है। राष्ट्रीय मौद्रिक पाइपलाइन के माध्यम से राष्ट्रीय सम्पत्तियों को कॉरपोरेट घरानों को औने पौने दामों में बेचा जा रहा है। पूंजीपतियों के



टैक्स माफ कर लाखों करोड़ों का कर्जा माफ किया जा रहा है। कन्वेंशन को जिला परिषद सदस्य और एटक नेता महादेव राम, इंटक के महासचिव शुभम वर्णवाल, एटक की उपाध्यक्ष सोनिया देवी, सीटू नेत्री और आंगनबाड़ी यूनियन की अध्यक्ष मीरा देवी, एक्टू के राजेन्द्र यादव, एटक के उदय द्विवेदी ने भी सम्बोधित किया। कन्वेंशन में कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मांगों के समर्थन में भारत छोड़ो दिवस पर 9 अगस्त को धनबाद में होने वाले मजदूर कर्मचारियों का महापड़ाव में सैकड़ों की संख्या में में शामिल होने का प्रस्ताव पारित गया।

# आदिवासी छात्र संघ मनाया अपना 23वां स्थापना दिवस




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में आदिवासी छात्र संघ का 23वाँ स्थापना दिवस आदिवासी छात्र संघ जिला समिति एवं जिला समिति के अध्यक्ष रोशन डुंगडुंग की अध्यक्षता मे दीप प्रज्वलित करके एवं काटकर करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञात हो कि आदिवासी छात्र -छात्राओं को संगठित एवं एकजुट करने के उद्देश्य से जुलाई 2000 में आदिवासी छात्र संघ की स्थापना किया गया था। मौके पर सिमडेगा थाना प्रभारी गोविंद कुमार गुप्ता स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होकर सिमडेगा जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए छात्र छात्राओं को संबोधित किया और सिमडेगा जिला में समस्याओं से छात्र छात्राओं को समस्याओं से अवगत कराया उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला में हो रहे सड़क दुर्घटना ,पलायन डायन बिसाही, साइबर क्राइम, जैसे गंभीर मुद्दों पर छात्रों को जागरूक किया , साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में आए पश्चिमी ठेठईटांगर जिला परिषद सदस्य अजय एक्का विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने तमाम छात्रों का अभिवादन किया और कहा कि समाज में राजनीतिक जागरूकता लाने में आदिवासी छात्र संघ सिमडेगा की अहम भूमिका है समाज और युवाओं के विभिन्न मुद्दों के प्रति समाज को जागरूक करते हुए युवाओं को एक नई दिशा देने का काम कर रही है मौके पर उपस्थित आदिवासी छात्र संघ जिला के उपाध्यक्ष अमन नियेल सोरेंग जिला से आए तमाम छात्रों का अभिवादन किया एवं केंद्र सरकार के द्वारा लाए जा रहें यूसीसी यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में आदिवासी छात्र संघ यूसीसी के खिलाफ आंदोलन और जागरूकता अभियान चलाएगा इस आयोजन के साथ ही जिला सचिव अनमोल तिर्की ने आह्वान किया है कि आने वाले दिनों में इस आयोजन को और बृहद तरीके से मनाया जाएगा ।मौके पर आदिवासी छात्र संघ जिला सचिव, जिला उपाध्यक्ष अमन नियेल सोरेंग, जिला संरक्षक संरक्षक प्रदीप टोप्पो, मिडिया प्रभारी, पूर्व सिमडेगा कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष बीरेंद्र बाड़ा, अमित मिंज, सामाजिक कार्यकर्ता अगुस्टीना सोरेंग,खुशबू किंडो उपस्थित थे।

# विहिप प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** विश्व हिंदू परिषद के 3 दिवसीय प्रांत कार्यसमिति की बैठक 9 जुलाई को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में केंद्रीय,क्षेत्रीय, प्रांतीय एवं झारखंड प्रांत से आए हुए विभिन्न जिले के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। केंद्रीय महामंत्री माननीय मिलिंद परांदे जी ने अपने उद्बोधन में कहां की आने वाले समय में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं को और अधिक परिश्रम और पुरुषार्थ से काम करना होगा,आगे वाले समय में धर्मांतरण को बढ़ावा देने वाली मानसिकता,लव जिहाद को बढ़ावा देने वाला इस्लामीकरण, देश के जड़ों को अंदर से खोखला करने वाली वाम विचारधारा और पूंजीवादी व्यवस्था से दो-दो हाथ करने होंगे। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा,जब हम सभी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र का कार्य करेंगे।आने वाले समय में विश्व हिंदू परिषद के साथ अनुषांगिक इकाइयां गांव-गांव तक जाएगी और संस्कारशाला,बाल संस्कार केंद्र के माध्यम से समाज में समरूपता और एकजुटता लाएगी,सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि गांव में मिलन कार्यक्रम आयोजन कर समाज में बढ़ रही खाई को पाटा जा सकता है। कार्यकताओं से कहा कि हम तेरा- मेरा भूलकर एक हो जाएं तभी हिंदू संस्कृति सनातन धर्म और राष्ट्र सुरक्षित रह पाएगी। बैठक के अंतिम सत्र में नवीन दायित्वों का घोषणा क्षेत्र मंत्री माननीय वीरेंद्र विमल जी एवं प्रांत मंत्री वीरेंद्र साहू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## झुमरी तिलैया : गांधी स्कूल के सामने की जमीन पर बनेगा मार्केट, मैदान और पार्क

**झुमरी तिलैया।** गांधी स्कूल के सामने पड़ी खाली जमीन पर ईंटा रखने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। एक सप्ताह के अंदर यदि ईंट नहीं हटाया गया तो इसे जप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यह जानकारी झुमरी तिलैया नगर परिषद के सिटी मिशन मैनेजर नीलम कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि पहले भी लोगों को नोटिस दिया गया था, जिस पर मैदान से इंटा को हटा लिया गया था। किंतु पिछले कुछ महीनों से फिर से यहां ईंटा रखकर व्यापार किया जा रहा है और सरकारी जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है। इस खाली जमीन पर नगर विकास विभाग के द्वारा टू बीएचके का मार्केट बनाया जाएगा। यहां खेल का मैदान भी रहेगा। पार्क बनेगा जिसमें बुजुर्गों के बैठने के लिए स्थान भी बनेंगे। उन्होंने बताया कि डीपीआर तैयार कर प्रस्ताव के लिए भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। इस बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां लगभग एक करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से इन चीजों का निर्माण होना है। इन चीजों का निर्माण होने से कई लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। शहर के विकास को गति मिलेगी।

## मेरिडियन एकेडमी में जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता

**झुमरी तिलैया।** कोडरमा जुडो संघ के तत्वाधान में दसवीं कोडरमा जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 10 और 11 जुलाई को गुमो स्थित मेरिडियन एकेडमी में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कोडरमा जिला जूडो संघ के मुख्य संरक्षक कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव मुख्य अतिथि एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस प्रतियोगिता में जिला के 12 विद्यालयों के 200 खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। प्रतियोगिता का संचालन जिला जूडो संघ के सचिव प्रिंस मिश्रा एवं मेरिडियन एकेडमी के प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडेय के देखरेख में होगा। विद्यालय के निर्देशक डॉक्टर श्रीनिवास कुमार ने बताया कि जूडो ओलंपिक खेल है। इस खेल को छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ साथ अपना भविष्य भी इस खेल में बना सकते हैं। इस दो दिवसीय जूडो प्रतियोगिता में पहला दिन बालक वर्ग के एवं दूसरे दिन बालिका वर्ग के प्रतियोगिता आयोजित किए गए हैं। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विजेता खिलाड़ियों को अगले माह आयोजित रामगढ़ में राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा।

## 15 वां अरदास कीर्तन कल

**झुमरी तिलैया।** श्याम शरण में आ जा रे ....का 15वां अरदास कीर्तन सावन माह के अंतर्गत 11 जुलाई को झुमरी तिलैया के श्याम बाबा पथ स्थित प्रदीप कंदाई के निवास स्थल पर आयोजित होगा। यह जानकारी रवि दाहिमा पप्पु सिंह ने दी। उन्होने बताया कि इस अवसर बाबा श्याम का श्रृंगार के साथ-साथ अंखड ज्योत संगीतमय भजनों का आयोजन किया जायेगाा। उन्होनें कार्यक्रम में सेवा दार श्रद्धालु भक्तों को शाामिल होने की अपील की है।

## बारिश में बचने के लिए बच्चों के बीच बांटे छत्तरी



**सिमडेगा।** समाज सेवी प्रेम कुमार ने बीरु मे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को बारिश से बचने के लिए बच्चों के बीच छतरी का वितरण किया। बारिश होने के कारण बहुत से बच्चे रोज स्कूल नही जा पाते थे और प्रेम के निशुल्क पाठशाला मे भी नही आ पाते थे। इसको देखते हुए की बच्चों की शिक्षा ना रुके इसके लिए आज इनको छाता दिया कार्यक्रम मे प्रेम ने बताया की पगरिया वेल्फेयर फॉउण्डेशन के मदद से बीरु मे एक पाठशाला चलता है और बहुत जल्द हम सिलाई सेंटर भी खोलने वाले है ताकि यहाँ की महिलाएं भी रोजगार मे आगे बाद सके बच्चे छाता पाकर बहुत खुश थे पगरिया वेल्फेयर फाउंडेशन व प्रेम को धन्यवाद दिया मौके पर ट्विकल कुमारी सीमा कुमारी राज अंकित खुशी व बच्चों के अभी भावक मजूद थे।

# मोदी जी के कार्यों को जन जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : शैलेन्द्र सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी निमित्त भाजपा सिमडेगा जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह आज कोलेबिरा लचरागढ़ जलडेगा ठेठईटांगर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर डोर टू डोर जाकर लोगों से मिलकर मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को बताया और पुनः मोदी जी के लिए समर्थन मांगा साथ ही भाजपा के 9 साल की उपलब्धि का पत्रक लोगों के बीच वितरण किया एवं 9090902024 में लोगो से मिस्डकॉल करवाया। संगठन प्रभारी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 वर्ष का कार्यकाल से



वास्तु शास्त्र और गरीब कल्याण के लिए रहा है संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के माध्यम से समाज में प्रसिद्ध लोगों से मिलकर उनको सम्मान देकर आने वाले आम चुनाव में अपना योगदान देकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथ को मजबूत करने का आह्वान किया। संगठन प्रभारी ने समाज विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक लोगो सेवानिवृत्त प्रोफेसर रमेश प्रसाद बजरंग दल के धनंजय झा भोको लोहरा शशि शेखर ओहदार जी कालिया साहू हेमशन जी रामवतार अग्रवाल राजेश साहू सहित कइयों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## विभाग की लापरवाही से हो रही हादसा, अब तक नहीं हुई सुधार

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के झिरकामुंडा बस्ती में बिजली विभाग की लापरवाही से अब तक तीन बार हादसा हो चुका है। हालांकि अब तक कोई भी ग्रामीण करंट की चपेट में नहीं आए हैं। लेकिन तीन मवेशी की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी विभाग इस दिशा में कोई कारवाई नहीं किए जाने से लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश पनप रहा है। शुक्रवार को भी गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। शमीम अंसारी का गाय गांव के दिनेश सोनी के घर के पास स्थित करंट की चपेट में आ गया था। इधर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में लगे अर्थि तार में बिजली का करंट गुजरता है। इस संबंध में विभाग को कई बार सूचना देकर दुरुस्त कराने की मांग की गई है।

## श्रद्धानंद बेसरा ने ठेसुटोली में हुए घटना से प्रदेश के नेताओं को कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव जी के अध्यक्षता में हुई। इस बैठक के उपरांत भाजपा नेता पुर्व प्रत्याशी सह प्रदेश जनजातीय मोर्चा सदस्य श्री श्रद्धानंद बेसरा जी ने जनजातीय प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव जी से मुलाकात कर केरसई प्रखंड के ठेसु टोली ग्राम में विगत मंगलवार को हुई घटना से पीड़ित विधवा महिला को केरसई थाना प्रभारी के द्वारा मारपीट किया गया था और जिसके कारण ग्रामीणों के बीच भय का माहौल व्याप्त है, के संबंध में उससे संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय सिमडेगा जी से मुलाकात एवं आवेदन देकर सम्पूर्ण जानकारी पीड़ित महिला के द्वारा भी दी गई । इस संदर्भ में भी बात चीत हुई , बात चीत सकारात्मक रही। आगे गांव में प्रशासन के द्वारा ग्रामीण लोगों में भय का माहौल बन गया है और थाना प्रभारी केरसई के द्वारा मारपीट की गई है उक्त बातों को लेकर जनजातीय मोर्चा पैदल मार्च एवं न्याय के लिए सभी प्रकार के वर्गो के समर्थन से न्याय की मांग करेगी। साथ में जनजातीय जिला अध्यक्ष बसंत नारायण मांझी ने भी कहा कि पीड़ित महिला को न्याय मिलना चाहिए, और हम सभी मोर्चों के लोग पीड़ित विधवा महिला के साथ हैं।

## झामुमो नेत्री फुलकुमारी समद ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का से की मुलाकात



**कोलेबिरा।** अगर पार्टी हमें विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं देती है तो आने वाले 2024 विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी का साथ दूंगी उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा नेत्री सह कोलेबिरा के पूर्व जिला परिषद सदस्य फुल कुमारी समद ने कहा. झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का से कोलेबिरा में मुलाकात होने के बाद कहीं उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों के द्वारा हमेशा उन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा है जिससे वह आहत में है बार-बार टिकट देने की बात कही जाती है किंतु टिकट नहीं मिलती इस बार भी उन्हें टिकट देने की बात कही गई है. अगर इस बार भी उन्हें झूठा आश्वासन मिलता है तो विधानसभा चुनाव 2024 में उनके द्वारा झारखंड पार्टी के प्रत्याशी को पूरे जोर-शोर से समर्थन किया जाएगा इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमासोरेंग, कोलेबिरा प्रखंड प्रमुख दुतामी हेंब्रोम, झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का,बदरुद्दीन अहमद, शुगर जरिया, अभिषेक कुमार, बाबूलाल प्रसाद, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

**सराहा** | ऑटोनोमी पर्व के मौके पर बंगरु के जीईएल चर्च पोटेसेरा में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित

# प्रेम, एकता और समर्पण का पर्व है ऑटोनोमी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ऑटोनोमी पर्व के मौके पर बंगरु के जीईएल चर्च पोटेसेरा में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने किया। प्रतियोगिता में देवगांव ने स्टार क्लब डीपाटोली सिमडेगा को 2-1 से हराया। विजेता और उपविजेता को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विधायक भूषण बाड़ा ने अपने संदेश में कहा कि हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम ऑटोनॉमी प्राप्त कलीसिया के अंग है। उन्होंने कहा कि ऑटोनोमी प्रेम, एकता और समर्पण का पर्व है। ऑटोनोमी पर्व का अर्थ आत्मशासित है। यह स्वायत्तता हमारे कलीसिया को 10 जुलाई 1919 में प्राप्त हुआ। यह दिवस हमारे लिए एतिहासिक है और इसी के उपलक्ष्य में यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे कलीसिया के पूर्वजों ने जिस विपरीत परिस्थिति में चर्च को स्वायत्तता मिलने के बाद कलीसिया के दायित्वों को बखूबी निभाया, जो हमारे लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि ऑटोनोमी पर्व के मौके पर इस तरह का आयोजन सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन समाज के लोग एकजुट होते हैं। साथ हमारे समाज के युवा प्रतिभागियों की प्रतिभा में निखार आता है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, वरीय सह विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, 20 सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, मुखिया पूनम एक्का, मंडल अध्यक्ष निमरोड एक्का, महिला अध्यक्ष प्रमिला कुमारी, निरंजन उरांव, कमला लकड़ा, मोजेस एक्का आदि उपाथित थे।

**हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम ऑटोनॉमी प्राप्त कलीसिया के अंग है: जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने ऑटोनोमस दिवस के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम ऑटोनॉमी प्राप्त कलीसिया के अंग है। 10 जुलाई 1919 को हमारी कलीसिया को ऑटोनॉमी घोषित किया गया। हमें ज्ञात है कि 1914 को प्रथम विश्वयुद्ध के समय जर्मन मशीनरियों को देश छोड़ने पर बाध्य कर दिया गया। कलीसिया की देखरेख का भार छोटानागपुर के बिशप वेस्टकॉट को सौंपा गया। जर्मन मिशनरियों के चले जाने से कलीसिया



अनाथ सी हो गई कलीसिया के समक्ष जो शर्तें रखी गई, उस आधार पर उसके सामने दो ही विकल्प थे। अर्थात एसपीजी कलीसिया में विलय हो जाए या कलीसिया का संपूर्ण भार अपने कंधे पर लेने को तैयार हो जाए। दोनों विकल्पों को नहीं चुनने पर सारी संपत्ति कमीशन को चली जाती। इस पर विचार करने के लिए नेशनल मशीनरी काउंसिल की कार्यकारिणी की ओर से एक जांच कमीशन गठित कर जीईएल कलीसिया छोटानागपुर एवं असम के लोगों का विचार जानने को भेजा गया। कलीसिया के लोगों ने अपने विचार में स्पष्ट कर दिया कि वह कलीसिया का कठिन भार अपने ऊपर लेने को तैयार हैं।

## रेलवे के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो, ग्रामीणों ने खुद बनाया सड़क



**जलडेगा।** ओडगा रेलवे स्टेशन के अंतर्गत ढेलसेरा के पास नवनिर्मित फाटक की स्थिति काफी खराब होने के कारण बरसात में राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस सड़क को बनाने की जिम्मेदारी रेलवे की है, फिर भी रेलवे का या निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों का इससे कोई मतलब नहीं है। अधिकारियों और ठेकेदारों की उदासीनता को देखते हुए नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को खाद हाथ में फावड़ा, कुदाल आदि लेकर बारिश में सड़क को बनाने निकल पड़े और श्रमदान कर सड़क को बना दिया। जानकारी के अनुसार ओडगा नुआगां के बिच पोल संख्या 555 का 13-14 में नवनिर्मित फाटक बना है परंतु काम पूर्ण और सही तरीके से नहीं होने के कारण अक्सर राहगीर साइकिल या मोटरसाइकिल से आने जाने के क्रम में गिर जाते थे। यह देखकर ग्रामीणों में श्रमदान करके रोड को मरम्मत कर दिया। इस मौके पर सुदर्शन सिंह, सुरेश जोजो, दिलबर बड़ाईक, जॉर्ज लोमगा, प्रदीप बडाईक, राजेश जोजो सहित ढेलसेरा के कई अन्य ग्रामीणों की अहम भूमिका रही।

# राशन वितरण मामले में प्रखंड उप प्रमुख की दोहरी नीति हुई उजागर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड उप प्रमुख अंजली देवी की दोहरी नीति उस समय जगजाहिर हुआ जब कटौती कर लाभुकों के बीच राशन वितरण कर रहे दो दुकानदारों में एक दुकानदार के वितरण कार्य पर रोक लगा दी, जबकि दूसरे दुकान पर न तो वह गई और ना ही वहां वितरण कार्य पर रोक लगाई। उसके घंटा दो घंटा बाद उक्त दुकानदार के देखा देखी वितरण कार्य पर रोक लगाए दुकानदार ने भी पुनः वितरण कार्य शुरू कर दिया। मामला प्रखंड के डंडाई गांव से जुड़ा है।

डंडई गांव के जन वितरण दुकानदार रामगुलाम साह व पारसनाथ प्रसाद के द्वारा रविवार अहले सुबह लाभुकों के बीच राशन का वितरण किया जा रहा था। इसी बीच रामगुलाम साह के दुकान पर पहुंची उपप्रमुख अंजलि ने वितरण कार्य पर रोक लगा दी। साथ ही दुकानदार से राशन नहीं वितरण करने की बात कह कर वह अपने घर लौट

### लाभुकों ने कहा, सबके लिए नियम एक जैसा होना चाहिए न कि अलग-अलग

आई। उधर पारसनाथ प्रसाद के द्वारा कटौती कर लाभुकों के बीच राशन का वितरण होता रहा। उक्त दुकान पर राशन वितरण होता देख रामगुलाम साह के द्वारा भी राशन का वितरण करना शुरू कर दिया गया। इसी बीच पुनः उक्त दुकान पर पहुंची उपप्रमुख ने बिना कटौती के राशन वितरण कराने का आश्वाशन देकर लाभुकों को वापस जाने को कहा।

इस दौरान लाभुकों ने दूसरे दुकानदार के द्वारा राशन कटौती कर लाभुकों के बीच राशन वितरण होने की बात उप प्रमुख से बताई। साथ ही उक्त दुकान पर चलकर मामले की पड़ताल करने का उनसे निवेदन भी किया गया, लेकिन लाभुकों की बातों का उनपर तनिक भी असर नहीं हुआ। इसी बीच लाभुकों के द्वारा रिश्वतखोरी से लेकर कई तरह के उन्हें आलोचनात्मक शब्द भी कहे गये। उसके बाद वह दूसरी दुकान पर पहुंची और कटौती कर वितरण हो रहे राशन पर रोक लगाने की बात कही। तत्पश्चात लाभुकों के द्वारा उन्हें कहा गया कि सबों के लिए नियम एक जैसा होना चाहिए न कि अलग-अलग। इससे पहले उक्त दुकानदार के द्वारा लाभुकों के बीच वितरण किए चावल की मात्रा को उप प्रमुख के द्वारा तराजू पर तौल कर देखा गया जिसमें उसका वजन 1 किलो कम पाया गया।

दुकानदारों ने बताया कि उप प्रमुख की पहल सराहनीय है। उप प्रमुख ने कहा कि गरीबों के साथ अब अन्याय नहीं होगा। पूरे ब्लॉक में बिन कटौती के लाभुकों के बीच राशन वितरण कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जितने भी संपन्न लोग राशन का उठाव कर रहे हैं प्राथमिकता के आधार पर उनका राशन कार्ड कटवाया जाएगा। उसके बाद उक्त कार्डों को गरीब व्यक्तियों के बीच वितरण करा दिया जाएगा।

## जिले के हर जरूरतमंद को कराया जाएगा ब्लड उपलब्ध : विकास

# सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में 43 ने किया रक्तदान




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकाश दुबे के सहयोग से सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार सिंह, युवा समाजसेवी विकाश दुबे, वीबीडीए के अध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस मौके पर दुबे ने कहा कि रक्त एक अनमोल चीज है। इसका उत्पादन नहीं किया जा सकता है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि गढ़वा ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें हमारे सभी साथियों ने 43 यूनिट रक्तदान किया है। पिछले दिनों भी ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया था। आगे भी रक्त को कमी को देखते हुए लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 15 अगस्त को अपने जन्मदिन पर कांडी प्रखंड क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा। रक्तसेवक विवेक तिवारी ने बताया कि रक्त संकट को दूर करने में युवाओं की अहम भूमिका है और इसके लिए युवाओं एवं युवतियों को आगे आना होगा। हमारी टीम रक्त के जरूरतमंद को हर संभव रक्त उपलब्ध कराने का प्रयास करती है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ.अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि समाजसेवी विकास दुबे की ओर से काफी सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ब्लड बैंक में रक्त की काफी कमी थी गढ़वा जिले में रक्त की डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। समाजसेवी के बल पर ही ब्लड गढ़वा में लोगों को उपलब्ध हो सकेगा। समाजसेवी अरुण दुबे, योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विपुल दुबे, दीपू दुबे, आशीष दुबे, सोनू सिंह मौजूद थे।

## जीयर ने की आत्मदेव व उनकी पत्नी धुंधली के प्रसंग की चर्चा

# साधन-संसाधन का उपयोग करें, उपभोग नहीं : स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
साधन-संसाधन का उपयोग संस्कार, संस्कृति और धर्म के अनुसार होनी चाहिए। साधन और संसाधन का दुरुपयोग कतई नहीं होनी चाहिए। इनके उपयोग से धन, वैभव और प्रतिष्ठा बढ़ती है जबकि दुरुपयोग से धन ओर प्रतिष्ठा की हानि होती है। अपने साधन-संसाधन का दुरुपयोग करने वाले को समाज हेय भाव से देखता है।



श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आत्मदेव और उनकी पत्नी धुंधली के प्रसंग की चर्चा करते हुए जीयर स्वामी ने कहा कि गृहस्थ आश्रम पुत्र होना चाहिए लेकिन मैं पुत्र प्राप्ति नहीं होने पर जीवन निरर्थक नहीं समझना चाहिए। उन्होंने पाप की चर्चा करते हुए कहा कि जाने अनजाने में हुए पाप का सत संकल्प से मार्जन संभव है, लेकिन दुराग्रह के साथ किए गए पापों को अवश्य भोगना है। लोभ पाप का जन्मदाता है। जो मनुष्य रात-दिन पाप करता हो, निरंतर दुराचार सान्निध्य का संस्मरण करता हो और क्रोध की अग्नि में जलता हो, उसका भी उद्धार संभव है, बशर्ते वह सत सकल्प के साथ भागवत कथा का श्रवण करे और पुनः पाप न करे।

भागवत कथा अनुष्ठान से सुनने पर कल्याण होता है। कथा सुनने के समय संसारिकता से अलग एकाग्रचित्त होने पर फल प्राप्ति होती है। भगवान की कृपा होने पर पति-पत्नी में मधुरता रहती है। यदि पत्नी कर्कशा हो और घर में बच्चों की किलकारी भी नहीं हो, तो सुख-शांति नहीं रहती। उन्होंने कहा कि जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है। ब्राह्मण, गाय, परिजन और महापुरुषों की हत्या और विश्वासी के साथ विश्वासघात करना महापाप की श्रेणी में आता है। शराब पीने, जुआ खेलने, हत्या करने और न्यायालय में मुकदमा करने वाले की सम्पति प्रायः नष्ट हो जाती है। इन कारणों से प्राप्त गरीबी का समाज उपहास करती है, क्योंकि अपनी गरीबी और बेबसी का कारण भी ये स्वयं होते हैं। ऐसे लोगों के प्रति किसी का दयाभाव नहीं होता। ये साधन का दुरुपयोग और दुराग्रह युक्त पाप के भागी होते है। उन्होंने कहा कि मांस, मनुष्य के लिए उचित नहीं। मांस खाने के लिये परपोषी जीवों का कुतर्क नहीं देना चाहिए। मुनष्य के शरीर की संरचना परपोषी जीवों से अलग है। अगर मुनष्य छह माह कच्चा मांस खा ले तो चर्म रोग के साथ ही उसका पाचन तंत्र बुरी तरह कुप्रभावित हो जाएगा। अपने स्वार्थ और गलत इच्छा की पूर्ति के लिए कुतर्क का सहारा नहीं लेनी चाहिए।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**चिनिया।** थाना क्षेत्र के खूरी गांव से रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर चिनिया थाना परिसर लाया है। वहीं जब्त किया हुआ हरा रंग का ट्रैक्टर खूरी गांव निवासी राजन प्रसाद-पिता गोपाल प्रसाद का बताया गया। पूछे जाने पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि कनहर नदी से अवैध रूप से बालू ढूलाई किए जाने पर व गुप्त सूचना मिलने के बाद मौके से अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाना परिसर लाया गया है। इनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए खनन अधिनियम के तहत अंचलाधिकारी को रिपोर्ट कर दी गई है। मौके पर चिनिया थाना प्रभारी राजबालभ कुमार सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# बड़गड़ प्रखंड के खुर गांव के 12 घरों के लोग एनर्जी प्लांट के लाभ से वंचित

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**
प्रखंड अंतर्गत मदगढ़ी च पंचायत के खुरा गांव में जरेडा द्वारा लगाया जा रहा सोलर एनर्जी प्लांट के लाभ से 12 घरों के लोगों को वंचित किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उनके गांव में जरेडा के द्वारा सोलर एनर्जी प्लांट लगाया जा रहा है। उक्त प्लांट से गांव के 81 घरों तक सर्वे सूची के आधार पर कनेक्शन दिया जाना था, परंतु संवेदक के द्वारा प्लांट से कुछ दूरी पर स्थित गांव के एक टोले में, जहां बारह घरों में लगभग सत्तर लोग निवास करते हैं, उनके घरों तक सोलर एनर्जी प्लांट का कनेक्शन नहीं पहुंचाया जा रहा है। इस कारण उक्त टोले के लोगों में काफी नाराजगी है।





ग्रामीण संदीप तिर्की, संजय नागेसिया, चौठा किसान, बुधु किसान, बुधन किसान, मुन्ना किसान, कैलाश किसान, शरीफा किसान, राजू किसान, नन्हका किसान, राजेश टोप्पो, विगन उरांव आदि ग्रामीणों की शिकायत है कि उनके घरों तक कनेक्शन न पहुंचाकर गलत तरीके से आस पास के एक ही घर में दो से तीन कनेक्शन देकर निर्धारित संख्या पूरा कर ली जा रही है। खुरा गांव से सटे टोले में रहने वाले उपरोक्त ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि वे लोग लंबे समय से अंधेरे में जीवन बीता रहे हैं। टोले के लोग आज भी ढिबरी युग में जी रहे हैं, जिसे दूर करने के लिए गांव में रोशनी की जरूरत है। जिला उपायुक्त से उन्होंने मांग की है कि उनके टोले तक भी सोलर एनर्जी प्लांट का कनेक्शन पहुंचा कर हम सभी वंचित लोगों के घरों में रोशनी पहुंचाई जाए।

# अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से हो रही लोहा चोरी की हो ईडी जांच : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
भाजपा नेता सह प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने ट्वीट कर चंदवा प्रखंड स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से हो रही लोहा चोरी की घटना की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की है। ट्वीट कर शाहदेव ने कहा कि लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा के चकला स्थित दिवालिया हो गए अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से लगभग 100 करोड़ के स्क्रैप की डकैती हुई है। यह लूट अभी भी जारी है। एक संगठित सफेदपोशों के गिरोह के



द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से अभी भी लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। शाहदेव ने आगे लिखा है कि इस लूट के पैसे की बड़े पैमाने पर मनी लांड्रिंग की गई है। उन्होंने ईडी डायरेक्टर से आग्रह करते हुए कहा है कि बालूमाथ व चंदवा थाना में दर्ज लोहा चोरी की दर्जनों मामलों को टेकओवर करके जांच शुरू करें। लोहा चोरी को सरक्षंण देने वाले संगठित गिरोह के सदस्यों के कॉल डिटेल, वाट्सएप कॉल, मोबाइल लोकेशन की जांच करने से बड़े बड़े चौकाने वाले नाम सामने आएंगे। शाहदेव ने डीजीपी झारखंड को टैग करते हुए लिखा है कि मैंने पहले भी आपका ध्यान अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट में चल रहे महाचोरी की ओर आकर्षित कराया था लेकिन चोरी अबतक थमी नहीं है।

# टंकी फट जाने से बर्बाद हो रहा पेयजल, बच्चे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
राजकीय प्राथमिक विद्यालय मतनाग के प्रांगण में लगे जल मीनार की टंकी फट जाने से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा। बीते चार माह से विद्यालय परिसर में लगी टंकी के फट जाने से पानी बर्बाद हो रहा है। इसके कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे विद्यालय से दूसरे क्षेत्रों में जाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इसकी सूचना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को देते हुए टंकी को बदलवाने की मांग की है। इसके बावजूद टंकी बदलवाने की दिशा में किसी तरह की करवाई नहीं हो रही है। विद्यालय में पढ़ने वाले आदिम जनजाति परहिया समुदाय के बच्चे सुनील परहिया, सुभाष परहिया, सुबोध परहिया, शिवपूजन परहिया, नेहा कुमारी, सुनीता कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी समेत अन्य बच्चों ने बीडीओ राकेश सहाय, उपायुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## 10 बकायेदारों के काटे गए विद्युत कनेक्शन

**गिद्धौर(चतरा)।** विद्युत विभाग द्वारा रविवार को गिद्धौर प्रखंड के चिरैया गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार कर रहे थे। इस क्रम में 10 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। बताया गया कि 28000 से 56000 रुपये तक की बिजली बिल बकाया है। कहां गया कि अगर बकाया बिल जमा किए कनेक्शन जोड़ते हैं तो इसे विद्युत की चोरी समझा जाएगा। पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान में संतोष कुमार, पंकज कुमार व महावीर दांगी सहित अन्य शामिल थे।

# संघ पदाधिकारी पर हमले के विरोध में बाजार बंद, प्रशासन रहा अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
थाना क्षेत्र के घुरुआ गांव में एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा आरएसएस के जिला धर्म जागरण प्रमुख विवेक सोनी एवं एकल विद्यालय के प्रखंड अध्यक्ष ऋषि पांडेय पर शनिवार को जानलेवा हमले के विरोध में रविवार को मझिआंव के सभी व्यवसाइयों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी। इस दौरान अति आवश्यकता की दुकानें (दवा, शब्जी, फल)आदि की दुकानों को छोड़कर बाकी सभी दुकाने बंद देखी गईं, जबकि लंबी व मध्यम दूरी के छोटे बड़े सभी वाहनों का परिचालन पूर्व की भांति होता रहा। इधर सभी दुकानें बंद होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और वे आवश्यक सामानों की खरीददारी के लिए परेशान होकर घूमते देखे गए। साथ ही दुकानों की बंदी के कारण लोग चौक चौराहों पर इस घटना की चर्चा करते देखे गए। इस दौरान आरएसएस के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बैठक कर बाकी बचे सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इसी बीच भाजपा नेता व स्थानीय विधायक पुत्र डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने मझिआंव आकर व्यवसाइयों के बंद का समर्थन किया और कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाय वह कम है। इधर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव ने मझिआंव आकर व्यवसाइयों से वातार्लाप की और सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है बाकी को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने भी शांति व्यवस्था को लेकर पूरे शहर में भ्रमण करते रहे। इस दौरान पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार एवं थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे। वहीं शांति कायम रहे जिसको लेकर जिला से अतिरिक्त पुलिस बल भी बाजार क्षेत्र में लगाया गया था।

## आस्था | ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों ने किया सत्संग का आयोजन

# 'भक्त के लिए ईश्वर ही होते हैं सबकुछ'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बंदेपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से प्रातः कालीन विनती प्रार्थना, सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि भक्त का मन ईश्वर को प्राप्त करने के लिये बेहाल रहता है भक्त के लिये ईश्वर ही सबकुछ होते हैं। भक्त केवल अपने गुरु को ही प्राप्त करना चाहते हैं। ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने कहा कि मनुष्य को अपना कर्तव्य



अवश्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह पूर्ण सत्य है कि कर्ता ही पाने की जननी होती है। ठाकुर का दीक्षा ग्रहण कर उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना चाहिये। सत्संगी माला दास ने कहा कि ठाकुर का दीक्षा लेकर यजन, याजन, इष्टभृति करने से विशेष अनुभूति प्राप्त होती है। उस अनुभूति से मनुष्य को ज्ञान प्राप्त होता है। यह सभी सत्संगी वृंद के लिये आवश्यक है। अनिता सिन्हा ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को थान कुनी का पता खाली पेट खाकर पानी पीना चाहिये। इससे शरीर का विष उत्सर्जी अंगों द्वारा बाहर निकल जाता है तथा शरीर मे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है। इसके साथ-साथ सदाचार का पालन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सदाचार आध्यात्मिक, मानसिक व शारीरिक तीन प्रकार के होते हैं। तीनों सदाचार का पालन करने से मन व शरीर स्वस्थ रहता है। ऋत्विक शंकर सुमन दा ने कहा कि ठाकुर द्वारा प्रदत्त सत्संग व सतनाम का पालन अवश्य करना चाहिये। सत्संग में अनुयायियों द्वारा भक्ति मूलक भजन भी प्रस्तुत किया गया। सत्संग के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया। सत्संग में प्रसाद व भंडारा की व्यवस्था चेचरिया निवासी सतवंती देवी द्वारा की गई थी। सत्संग में ब्रजेश तिवारी, शक्तिदास सिन्हा, अखिलेश प्रसाद, राजकुमार, भोला प्रसाद, श्रीराम जायसवाल, संजय दा, अजय दा, माला देवी, निर्मला जायसवाल, तारा देवी, आशा देवी, पूजा कुमारी, राहुल कुमार, चंचला गुप्ता, वृंदा देवी, रेखा देवी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

## साहू बने रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक

**केतार (गढ़वा)।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा गढ़वा जिला कमिटी के संरक्षक राम विचार साहू को अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा का राष्ट्रीय संरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि यह गढ़वा जिला के लिए गर्व की बात है। साहू मिलनसार, अनुभवी के साथ समाज को जोड़ने का कार्य हमेशा कार्य करते हैं।

साहू को राष्ट्रीय संरक्षक बनने पर जिला कमेटी गढ़वा की ओर से जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद, दिनेश प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, सूर्यदेव प्रसाद, विकास प्रसाद, संजय प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद ने अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता ने बधाई दी है।

**आपके पास जो है, उसके लिए भगवान का शुक्रिया अदा करें और जो नहीं है, उसके लिए आज से ही मेहनत करना शुरू करें। सफलता आपके कदमों में होगी। - अज्ञात**



# पलामू की फिजा बदली

***झारखंड*** के पलामू की फिजा समय के अंतराल के साथ बदल रही है। एक सक्सेस स्टोरी यह कि यहां के किसान अब अपनी परम्परागत खेती से अलग हटकर कुछ कर रहे हैं। एक प्रकार से कह सकते हैं कि यहां खेती के तौर तरीके बदल रहे हैं। अब गेंहू, मक्का, धान जैसी अन्य पारंपरिक फसलों की खेती छोड़ पलामू प्रमंडल के किसान अब फूलों की खेती में जोर आजमा रहे हैं। लागत कम और मुनाफा अधिक होने की उम्मीद से किसानों ने पारंपरिक खेती के स्थान पर अन्य दूसरे फसलों में रूचि ले रहे हैं, ताकि वे आर्थिक रूप से सबल हो सकें और खेती-किसानी में उनका मान-सम्मान भी बना रहे। पलामू प्रमंडल के जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के कुछ किसानों ने फूलों की खेती कर अपनी पहचान बनाई है। किसान फूलों की खेती में न केवल संभावनाएं तलाश रहे हैं, बल्कि अधिक मुनाफा पाकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। फूलों की खेती का सुखद परिणाम भी सामने आये हैं। खेतों में फूलों की विभिन्न प्रजातियां अपनी खुशबू बिखेर रही है। किसानों की कड़ी मेहनत और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह सब संभव हो पाया है। पलामू प्रमंडल के 459 किसानों के बीच उद्यान विभाग की ओर से फूल के पौधे वितरित किये गये थे। कभी किसी जमाने में गांव के खलिहान सुने हो गये थे। ग्रामीण क्षेत्रों में उग्रवादियों की धमक से किसान काफी प्रभावित थे। लेकिन अब वैसी बात नहीं है। बहरहाल पलामू के चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कंकारी, बसरिया कला, सलतुआ, बंदुआ आदि पंचायत के 130 किसानों के बीच गेंदा एवं ग्लैडियोलस के पौधे उपलब्ध कराये गये थे। चैनपुर के बसरिया कला की ललिता देवी, मंजू देवी, सोकरा की रीतू देवी, मीना देवी सहित अन्य महिला किसानों ने छोटे-छोटे पैच में फूलों की खेती की। दूसरी तरफ लातेहार जिले में 20 किसानों को गेंदा और ग्लैडियोलस फूल के पौधे उपलब्ध कराये गये थे। चंदवा प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने 20 हेक्टेयर के क्षेत्रफल के लिए फूलों के पौधे विभाग से प्राप्त कर खेती की। मुख्य रूप से राजेन्द्र उरांव, निर्मला देवी, सगुना कुमारी आदि किसानों ने फूलों की खेती कर अपनी आमदनी बढ़ाई है। वहीं गढ़वा जिले के 60 किसानों को गुलाब, 74 किसानों को ग्लैडियोलस एवं 175 किसानों के बीच गेंदा फूल के पौधे वितरण हुए थे। जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत अरंगी पंचायत के बनखेता गांव निवासी आरमा कुशवाहा एवं केतार प्रखंड के वेलावार निवासी अलताफ अंसारी ने भी फूलों की खेती प्रारंभ की है। किसानों ने बताया कि अन्य पारंपरिक खेती की अपेक्षा फूलों की खेती से उन्हें काफी फायदा हुआ है। वेलावार के ही सकील अंसारी, केतार के जितेन्द्र कुमार मेहता, मकरी के नसरूदीन मियां, रंका के पिंटू मालाकार आदि ने भी फूल की खेती प्रारंभ की है। इसके अलावा करूआ कला, नगर उंटारी आदि विभिन्न प्रखंडों के गांवों में किसान फूलों की खेती में जोर आजमा रहे हैं। फूल के साथ-साथ वे माला बनाकर भी बेचते हैं। कृषि विभाग से उन्हें सहयोग मिला है। इसके पूर्व वे पारंपरिक खेती करते थे, लेकिन उतनी मुनाफा नहीं होती थी, जितनी मुनाफा फूल की खेती से हुई है। फूल के साथ-साथ माला बनाकर भी बेचते हैं। इससे अच्छी आमदनी हो रही है। फूलों की खेती में बहुत फायदा समझ में आ रहा है। कम लागत में ज्यादा मुनाफा हो रहा है। आसपास के किसान भी फूल की खेती देखने आते हैं और इसके संबंध में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में यहां के और हालात बदलने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। समय का तकाजा है कि सभी किसान बदलते दौर में अलग ढंग की खेती को अपनायें तो जरूर उनके हालात सुधरेंगे।

**किसानों की कड़ी मेहनत और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह सब संभव हो पाया है। पलामू प्रमंडल के 459 किसानों के बीच उद्यान विभाग की ओर से फूल के पौधे वितरित किये गये थे।**

# विदेशी मेहमानों को दिये जायेंगे मोटे अनाज के पकवान





मृत्युंजय दीक्षित

***मोटा*** अनाज और इसकी कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार ने कमर कस ली है। मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने के लिए इन अवसरों का भरपूर लाभ लिया जायेगा। सभी सम्मेलनों में कृषि मंत्रालय व खाद्य मंत्रालय तथा राज्य सरकारों के सहयोग से मोटे अनाजों से बने उत्पादों का ही प्रदर्शन किया जायेगा व देश विदेश से आ रहे सभी अतिथियों को मोटे अनाज से बने व्यंजन परोसे जायेंगे जिससे इनका डंका विश्व भर में बजना तय हो गया है। मोटे अनाज का प्रचलन बढ़ने से जनसामान्य सहित किसानों को लाभ मिलने की बड़ी संभावना है। एक ओर इससे कुपोषण की समस्या से निपटने का नया और सरल मार्ग मिलेगा। वहीं दूसरी ओर इससे किसानों की आय दोगुनी होने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। यही करण है कि मोटा अनाज वर्ष में एक ओर किसानों को इन अनाजों की खेती करने के लिए जागरूक किया जायेगा और दूसरी ओर लोगों को मोटे अनाज के महत्व से अवगत कराया जायेगा जिससे इनकी खपत बढ़े और किसान इनकी खेती में रूचि दिखाएं। इसके अतिरिक्त मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस वर्ष मोटे अनाज के समर्थन मूल्यों में भी वृद्धि कर दी है। एक समय था जब भारत की हर थाली में केवल ज्वार, बाजरा, रागी, चीना, कोदो, सांवा, कुटकी, कुटटू और चौलाई से बने हुए व्यंजन ही हुआ करते थे लेकिन फिर समय बदलता गया और आज स्थिति यह हो गयी है कि लोग इन अनाजों का महत्व तो दूर नाम भी भूल गये हैं। आज के वातावरण में जब घरों में बड़े बुजुर्ग इन अनाजों का नाम लेते हैं या नई पीढ़ी को इनका महत्व बताते हैं तो या तो वो अचरज से सुनती है या नाम सुनते ही मुंह बनाने लगती है। मोटा अनाज वर्ष के माध्यम से नई पीढ़ी के लोग भी इन अनाजों का वैज्ञानिक आधार पर महत्व समझेंगे और स्वीकार करेंगें और जब स्वीकार करेंगे तब वह भी इस इनकी खेती और इनसे बने नये व्यंजनों को बनाकर स्टार्टअप्स व नवाचार भी कर सकेंगे। पिछले कुछ दिनों की चर्चा से ही देश के कई युवा उद्यमियों ने ज्वार, बाजरा सहित अन्य मोटे अनाज से बनने वाले कई तरह के व्यंजनों पर नवाचार आरम्भ भी कर दिया है। ज्वार, बाजरा के आटेसे दोसा बन रहा है, लड्डू बन रहा है और पापड़ भी बन रहे हैं। दिसंबर 2022 में न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनियाभर के राजदूतों को मोटे अनाज से बने व्यंजनों की दावत दी, राजधानी दिल्ली में संसद सत्र के दौरान सभी सांसदों को मोटे अनाज से बने व्यंजन परोसे गये और उन्हें मोटा अनाज वर्ष के विषय में अहम जानकारी दी गई। अब मोटे अनाज की दावतों का सिलसिला सम्पूर्ण भारत ही नहीं वरन सम्पूर्ण विश्व में चल रहा है। 2018 में भारत सरकार ने मोटे अनाजों को पोषक अनाज की श्रेणी में रखते हुए इन्हें बढ़ावा देने की शुरूआत की थी तब से सरकार की ओर से उठाये गये कदमों का सकारात्मक प्रभाव अब सामने आने लगा है। वर्तमान समय में 175 स्टार्टअप इस दिशा में काम कर रहे हैं । मार्च 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा भारत की ओर से प्रस्तुत एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया जिसके अंतर्गत वर्ष 2023 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया। मोटा अनाज वर्ष का उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों में मोटे अनाज के पोषण और स्वास्थ्य लाभ और इसकी खेती के लिए उपयुक्तता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। मोटे अनाज में ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, कुटकी, कोदो, सांवा आदि शामिल है। हम सभी को यह भी पता होना चाहिए कि अप्रैल 2016 में संयुक्तराष्ट्र महासभा ने भूख को मिटाने और दुनियाभर में कुपोषण के सभी प्रकारों की रोकथाम की आवश्यकता को मान्यता देते हुए 2016 से 2025 तक पोषण पर संयुक्त राष्ट्र कार्रवाई दशक की भी घोषणा की थी। मोटा अनाज उपभोक्ता, उत्पादक व जलवायु तीनों के लिए अच्छा माना गया है। ये पौष्टिक होने के साथ कम पानी वाली सिंचाई से भी उगाए जा सकते हैं। विषेषज्ञों का मत है कि कुपोषण मुक्त और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिये मोटे अनाज की अहम भूमिका होगी और इसके लिए देशों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। मोटे अनाज को प्रोत्साहन वर्तमान समय की मांग भी है क्योंकि यह अनाज आधुनिक जीवन शैली में बदलाव के कारण सामने आ रही कई बीमारियों व कुपोषण को रोकने में सक्षम है। केंद्र सरकार ने मोटा अनाज वर्ष को सफल बनाने के लिए काफी समय पूर्व से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी थीं और अब यह सफलतापूर्वक धरातल पर उतरने को तत्पर हैं। मोटा अनाज वर्ष को सफल बनाने के लिए केंद्र सरकार कई योजनाएं लेकर आई है। राशन प्रणाली के तहत मोटे अनाजों के वितरण पर जोर दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी और मध्यान्ह भोजन योजना में भी मोटे अनाजों को शामिल कर लिया गया है। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रमों में मोटे अनाजों से बने व्यंजनों का उल्लेख करते रहते हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि अब 'मोटा अनाज, खाओ और प्रभु के गुण गाओ' का नारा खूब चलने वाला है। मोटा आनाज पोषण का सर्वश्रेष्ठ आहार कहा जाता है। मोटे अनाज में 7से12 प्रतिशत प्रोटीन,65 से 75 प्रतिशत काबोर्हाइड्रेट और 15 से 20 प्रतिशत डायटरी फाइबर तथा 5 प्रतिशत तक वसा उपलब्ध रहता है जिसके कारण यह कुपोषण से लड़ने में सक्षम पाया जाता है। मोटे अनाज का आयुर्वेद में भी बहुत महत्व है। भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही मोटे अनाज की खेती के प्रमाण मिलते हैं तथा विश्व 131 देशों में इनकी खेती होती है । मोटे अनाज के वैश्विक उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत और एशिया में 80 प्रतिशत है। ज्वार के उत्पादन में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है। भारत में ज्वार का सर्वाधिक उत्पादन महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु , आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में होता है। बाजरे के उत्पादन में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक आगे है।

**मोटे अनाज का प्रचलन बढ़ने से जनसामान्य सहित किसानों को लाभ मिलने की बड़ी संभावना है। एक ओर इससे कुपोषण की समस्या से निपटने का नया और सरल मार्ग मिलेगा।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

**सत्यनारायण व्रत चौथा अध्याय**

सचेत होने पर वणिकपुत्र चिन्तित हो गया। तब उसके दामाद ने इस प्रकार कहा - 'आप शोक क्यों करते हैं? दण्डी ने श्राप दे दिया है, इस स्थिति में वे ही चाहें तो सब कुछ कर सकते हैं, इसमें संशय नहीं। अतः उन्हीं की शरण में हम चलें, वहीं मन की इच्छा पूर्ण होगी।' दामाद की बात सुनकर वह साधु बनिया उनके पास गया और वहां दण्डी को देखकर उसने भक्तिपूर्वक उन्हें प्रणाम किया तथा आदरपूर्वक कहने लगा - आपके सम्मुख मैंने जो कुछ कहा है, असत्यभाषण रूप अपराध किया है, आप मेरे उस अपराध को क्षमा करें-ऐसा कहकर बारम्बार प्रणाम करके वह महान शोक से व्याकुल हो गया। दण्डी ने उसे रोता हुआ देखकर कहा - 'हे मूर्ख! रोओ मत, मेरी बात सुनो। मेरी पूजा से उदासीन होने के कारण तथा मेरी आज्ञा से ही तुमने बारम्बार दुख प्राप्त किया है।' भगवान की ऐसी वाणी सुनकर वह उनकी स्तुति करने लगा। साधु ने कहा - 'हे प्रभो! यह आश्चर्य की बात है कि आपकी माया से मोहित होने के कारण ब्रह्मा आदि देवता भी आपके गुणों और रूपों को यथावत रूप से नहीं जान पाते, फिर मैं मूर्ख आपकी माया से मोहित होने के कारण कैसे जान सकता हूं! आप प्रसन्न हों। मैं अपनी धन-सम्पत्ति के अनुसार आपकी पूजा करूंगा। मैं आपकी शरण में आया हूं। मेरा जो नौका में स्थित पुरा धन था, उसकी तथा मेरी रक्षा करें।' उस बनिया की भक्तियुक्त वाणी सुनकर भगवान जनार्दन संतुष्ट हो गये। भगवान हरि उसे अभीष्ट वर प्रदान करके वहीं अन्तर्धान हो गये। उसके बाद वह साधु अपनी नौका में चढ़ा और उसे धन-धान्य से परिपूर्ण देखकर 'भगवान सत्यदेव की कृपा से हमारा मनोरथ सफल हो गया' - ऐसा कहकर स्वजनों के साथ उसने भगवान की विधिवत पूजा की।

*(क्रमशः)*

# मोदी जी, कमाल के नौ साल, विकास पथ बेमिसाल




डॉ दिलीप अग्निहोत्री

***इस*** समय केवल देश ही नहीं, दुनिया में भी मोदी सरकार के बेमिसाल नौ साल की चर्चा है। इसमें उनकी कार्यशैली की झलक है। विरासत और विकास दोनों का सम्मान है। यहां नौ वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा आवश्यक नहीं है। नरेन्द्र मोदी के मात्र दो दिनों के कार्यक्रमों को देख कर उनकी कार्यशैली का अनुमान लगाया जा सकता है। यह मात्र बानगी की तरह हैं। उनका प्रत्येक दिन इसी तरह कार्य करते हुए व्यतीत होता है। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर आज तक नरेन्द्र मोदी ने कोई अवकाश नहीं लिया। वह विदेश की व्यस्त यात्रा से भले ही कितनी देररात नई दिल्ली लौटें, सुबह होते ही अधिकारियों, मंत्रियों और पार्टी के लोगों आदि के साथ बैठक करते हैं। विदेश में भी उन्हें यह पूरी जानकारी रहती है कि देश में क्या चल रहा है। फिर भी वह आते ही पूछते हैं कि देश में क्या चल रहा है। अमेरिका से लौटने के बाद भी उन्होंने अपने इस चिर परिचित अंदाज में यही प्रश्न किये। मोदी विरोधी कुछ पत्रकारों ने इसे ही मुद्दा बना दिया। कुछ घटनाओं को जोड़कर यह दिखाने का प्रयास किया कि चार दिन में देश की स्थिति बहुत खराब हो गई। इसी अंदाज में विपक्षी दल भी मोदी का विरोध करते हैं। मोदी विरोधी मीडिया और विपक्षी पार्टियां नौ वर्ष से यही कर रहीं हैं। लेकिन मोदी अपने अंदाज मे आगे बढ़ते जा रहे हैं। सात और आठ जुलाई को नरेन्द्र मोदी ने चार राज्यों के पांच शहरों के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इनमें उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान शामिल हैं। यहां करीब पचास हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को सौगात दी। सात जुलाई को छत्तीसगढ़ के रायपुर से उनका कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर के छह लेन परियोजना की आधारशिला रखी। इसके बाद वो गोरखपुर पहुंचें। गोरखपुर में वह गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल हुए। तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने गोरखपुर स्टेशन पहुंचे। गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने काशी में बारह हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोरखपुर यात्रा के दौरान विकास और विरासत दोनों का संदेश दिया। कुछ दिन पहले कांग्रेस ने गीता प्रेस को सम्मान देने का विरोध किया था। नरेन्द्र मोदी ने यहां विचार का गौरव के साथ उल्लेख किया। उन्होंने कहा- गीता प्रेस ट्रस्ट नहीं जीवन की आस्था है। जहां गीता है, वहां कृष्ण हैं। जहां कृष्ण हैं, वहां करुणा और कर्म है। सब कुछ वासुदेव से है। सब कुछ वासुदेव में हैं। गीता प्रेस भारत को जोड़ती है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस अवसर के साक्षी बन रहे हैं। गीता प्रेस ट्रस्ट संतों की कर्मस्थली रही है। गीता प्रेस का कार्यालय किसी मंदिर से कम नहीं। हमारी सरकार ने गांधी शांति सम्मान दिया है। सौ वर्ष पूर्व गीता प्रेस के रूप में जो आध्यात्मिक ज्योति प्रज्ज्वलित हुई, आज उसका प्रकाश पूरी मानवता का मार्गदर्शन कर रहा है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी का गीता प्रेस से भावानात्मक जुड़ाव था। एक समय में गांधी जी 'कल्याण' के माध्यम से गीता प्रेस के लिए लिखा करते थे। गांधी जी ने सुझाव दिया था कि 'कल्याण' पत्रिका में विज्ञापन न छापे जाएं। गीता प्रेस, गांधी जी के उस सुझाव का शत-प्रतिशत अनुसरण कर रहा है। गीता प्रेस जैसी संस्था, सिर्फ धर्म व कर्म से नहीं जुड़ी है, बल्कि इसका एक राष्ट्रीय चरित्र भी है।

**सात और आठ जुलाई को नरेन्द्र मोदी ने चार राज्यों के पांच शहरों के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इनमें उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान शामिल हैं।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया



**फेसबुक वॉल से**




# प्राकृतिक आपदा में अली वार्निंग सिस्टम की बढ़ती विश्वसनीयता



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***इसमें*** कोई दोराय नहीं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते प्राकृतिक आपदाएं अब अधिक होने लगी है। आये दिन दुनिया के किसी न किसी कोने में कोई न कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा देखने को मिल जाती है। समुद्री तूफान, जंगलों में दावानल व भूकंपों की फ्रिक्वेंसी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में आज अर्ली वार्निंग सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ी है। कुछ दिन पहले बिपरजॉय चक्रवात से हम रूबरू हो चुके हैं। सबसे अच्छी बात यह रही कि बिपरजॉय चक्रवात के आने का समय, उसकी चाल और गति से लेकर उसके फैलाव व प्रभाव क्षेत्र की पूर्व जानकारी मिलने से जनहानि लगभग शून्य रही है। प्राकृतिक आपदा के प्रबंधन का इससे बेहतर उदाहरण देखने में लगभग नहीं के बराबर है। आखिर यह सब इसलिए संभव हो पाया कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा समय पर सटीक जानकारी दी गई और इस जानकारी के आधार पर आपदा प्रबंधन के व्यवस्थित व योजनावद्ध प्रयास हो सके जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए और जनहानि से बचाने में बड़ी सफलता प्राप्त हो सकी। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि एक समय था जब आपदा प्रबंधन के हालात अच्छे नहीं होने के कारण जनहानि अधिक होती थी। फिर धनहानि की तो भरपाई की जा सकती है पर जलहानि की भरपाई किसी भी तरीके से संभव नहीं है। देश में 2013 के फैलिना तूफान से लेकर, हुदहुद, वरदा, फैनी, अम्फान, ताउते व बिफरजॉय तूफान तक 11 बड़े चक्रवती तूफान आ चुके हैं। दरअसल बिफरजॉय तूफान के सुपर साइक्लोन होने के कारण भारी जन-धन हानि होने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। यही कारण है कि करीब एक लाख लोगों को गुजरात के तटीय इलाकों खासतौर से मांडवी व आसपास के क्षेत्र से सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। लोगों को सचेत किया गया। पल-पल की जानकारी साझा की जाती रही। लगभग 100 ट्रेनों के फेरे रद्द किये गये या उनकी राह बदली गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्र सरकार के मंत्रीगण, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत न केवल स्थिति पर नजर रखे रहे अपितु उच्चस्तरीय बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते रहे। हांलाकि कुछ साल पहले मौसम विभाग के पूर्वानुमानों को मजाक के रूप में लिया जाता था। चाइनीज उत्पादों को लेकर यह मान्यता है कि चले तो चले, नहीं तो शाम तक भी चले तो कोई बड़ी बात होगी। लगभग यही छवि मौसम विभाग के पूर्वानुमानों को लेकर होती थी। पर आज हमारे मौसम विभाग ने पूर्वानुमानों के आकलन की सबसे बेहतरीन आकलन माना जा सकता है। पिछले दो-तीन साल से मौसम विभाग ने अपनी छवि को न केवल बेहतर बनाया है अपितु मौसम विभाग के पूर्वानुमान खरे उतर रहे हैं। देश में पिछले दो-तीन साल में आये चक्रवाती तूफानों की मिनट-मिनट की सटीक जानकारी ने जनहानि को इस साल शून्य स्तर तक पहुंचा दिया है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि बिपरजॉय में दो लोगों की जान गई पर उसके कारण आपदा प्रबंधन न होकर कोई अन्य कारण रहे। दरअसल विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारत के संदर्भ में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान सटीक होने से बड़ा लाभ मिला है। हालांकि जब तेज तूफान आते हैं तो बिजली व अन्य पोल, पुरानी बिल्डिंग, पेड़-पौधों और अन्य संरचनात्मक ढांचों का नुकसान होना स्वाभाविक है।

**आये दिन दुनिया के किसी न किसी कोने में कोई न कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा देखने को मिल जाती है। समुद्री तूफान, जंगलों में दावानल व भूकंपों की फ्रिक्वेंसी लगातार बढ़ती जा रही है।**

**आपदा**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

## मामूली विवाद में चचेरे भाई ने भाभी, भाई की कर दी हत्या

**कानपुर देहात।** जनपद के मंगलपुर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात में एक युवक ने विवाद के चलते अपनी भाभी और भाई की लाठी डण्डे से पिटाई कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुँचे पुलिस अधीक्षक ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।मंगलपुर क्षेत्र के चिरखिरी में रहने वाले राम प्रकाश शर्मा (70) तथा उनकी पत्नी मालती देवी (68) की उनके चचेरे भाई मोहन लाल शर्मा ने लाठी. डंडा से मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचे गई। घटनास्थल पर जानकारी हुई कि देर रात दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ था। इसमें रात में डायल 112 की पुलिस मौके पर आई थी और उसने समझा कर मामला शांत करा दिया था। पुलिस के जाने के बाद फिर से मामला बढ़ गया। इसमें उसी दौरान मोहन लाल ने अपने चचेरे भाई और भाभी की पीट-पीट कर हत्या कर दी।

इसमें तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने फील्ड यूनिट व अन्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने हत्यारोपित की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर तलाश की जारी करवा दी है।

## रायपुर : घरेलू नल कनेक्शन के लिए लगभग 24 करोड़ की राशि स्वीकृत

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के निर्देश पर राज्य के ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति की जा रही है।

इसी कड़ी में बिलासपुर जिले के 22 गांवों में शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने के लिए 23 करोड़ 90 लाख 14 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिसके अंतर्गत बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पौंसरा (केकरापारा) में 201, पौंसरा (रेवधापारा) 402, चकरभाठा 580, कोरमी (आवासपारा) 533, लिमहा 488, गढ़वट 284, गिधौरी 336, मजुरपहरी (बम्हनीखुर्द) 200, मगरउछला 275, सेलर 719, गतौरी 409 और सरवनदेवरी ग्राम के 292 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जाएंगे।


इसी प्रकार कोटा विकासखण्ड के ग्राम केन्दा में 309, रिगरिगा 506, आमागोहन 458, खैरा 366, कलमीटार 343, लूफा (भदरापारा) 104, कोंनचरा ग्राम पंचायत के जरगा में 153, पोड़ी (सलखा) 271, तेंदुआ (बगबुड़वापारा) 81 और परसदा ग्राम के 239 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जाएंगे।

## खंती में पिकअप वैन पलटने से दो किसानों की मौत

**हरदोई।** मंडी में मूंगफली बेचने जा रहा पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गया। हादसे में उस पर सवार दो किसानों की मौत हो गई। माधौगंज कोतवाली क्षेत्र के मटियामऊ मार्ग पर रविवार दोपहर को सेलापुर गांव के निकट सिंधी भट्ठा के पास मूंगफली से भरी हुई पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप में बैठे संतोष पाल (45) निवासी पट्टी थाना इंदरगढ़, कन्नौज और उसका रिश्तेदार नितिन पाल (27) निवासी ग्राम पटिया जनपद इटावा बोरों के नीचे दब गए। उनको एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया, जहां पर डॉ. सत्यानंद ने उन्हें मृत घोषित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा है। थानाध्यक्ष ध्रुव कुमार ने बताया कि पिकअप बृजेंद्र चला रहा था। डाला में आगे चार लोग बैठे थे, वह सुरक्षित हैं। वहीं, मृतक बोरों के ऊपर बैठे थे। पिकप के पलटने पर खंती में भरे पानी में दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

### बाबा मस्तनाथ जी की समाधि पर पहुंचे सीएम योगी की पूजा, कहा

# देश, धर्म के लिए अपना योगदान दें



**एजेंसी। रोहतक**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरियाणा के रोहतक स्थित बोहर में बाबा मस्तनाथ जी की समाधि पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। श्री बाबा मस्तनाथ मठ स्थल पहुंचे मुख्यमंत्री यहां हरण पूजा में सम्मिलित हुए। योगी आदित्यनाथ ने गुरु महाराज महंत पीर चांदनाथ योगी की स्मृति में आयोजित होने वाले आठ मान भंडारा, शंखडाल व देश मेला की तिथि को सुनिश्चित करने के लिए देशभर से पधारे नाथ संप्रदाय के योगेश्वर संतों के साथ मंत्रणा की। इस अवसर पर दिये गये उद्बोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नाथ संप्रदाय देश का सबसे प्राचीन संप्रदाय है। पूज्य संतों, सिद्धों और योगेश्वरों की लंबी श्रृंखला ने हर कालखंड में लोककल्याण और समाज के अध्यात्मिक उन्नयन के लिए अपना सर्वस्व त्याग किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरे क्षेत्र में पूज्य महंत मस्तनाथ महाराज की कृपा बरसती है। हम सब यहां पूज्यमहंत चांदनाथ योगी जी की स्मृति में आयोजित हरण पूजा मे शामिल होने आए हैं। मुझे पूज्य महंत चांदनाथ जी महाराज के सानिध्य में लंबा समय गुजारने का अवसर प्राप्त हुआ है। आज वे हमारे बीच भौतिक रूप से नहीं हैं, मगर सूक्ष्म रूप से उनकी उपस्थिति यहां पर सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी के भव्य समाधि के रूप में देखने को मिलती है। हम यहां पूज्य महंत चांदनाथ जी के आठ मान भंडारा, शंखडाल व देश मेला की तिथि को सुनिश्चित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन आदर्शों के लिए नाथ संप्रदाय को आगे बढ़ाने के लिए पूज्य महंत जी ने अपना पूरा जीवन समर्पित किया था। उनसे प्रेरणा लेकर हम भी अपने स्तर पर योगदान देश और धर्म के लिए दें, ये आज की सबसे बड़ी आवश्यक्ता है। कश्मीर से लेकर सुदूर दक्षिण तक और पूर्वोत्तर के राज्यों में नाथ संप्रदाय के अनुयायी भरे पड़े हैं। सभी अनुयायियों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना। ये देखना कि कोई सनातन धर्म का उल्लंघन न करे और नाथ सम्प्रदाय की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारे। महंत चांदनाथ ने राजस्थान और हरियाणा में नाथ संप्रदाय को आगे बढ़ाया था। उन्होंने अपने जीवन में मनसा, वाचा, कर्मणा के धर्म को निभाया था। आज उन्हीं की प्रेरणा से योगी बालकनाथ आम जनमानस की सेवा के कार्य में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर देशभर से आए बड़ी संख्या में नाथ संप्रदाय से जुड़े हुए श्रीमहंत, पीर और योगेश्वर उपस्थित रहे।

## इमरजेंसी रिस्पांस में फिर बिहार टॉपर बना बेगूसराय

**बेगूसराय।** बिहार सरकार द्वारा जनता की सुरक्षा एवं आपातकालीन समस्या से निबटने की त्वरित कार्रवाई करने के लिए बनाए गए इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस) के कर्तव्य निर्वहन में बेगूसराय राजधानी पटना को काफी पीछे छोड़ दिया है। मुख्यालय द्वारा जारी रिपोर्ट में एक बार फिर बेगूसराय ने पूरे बिहार में सबसे जल्दी मौके पर पहुंचने में प्रथम स्थान हासिल किया है। बेगूसराय में डायल 112 की गाड़ी सूचना मिलने के 6 मिनट 44 सेकंड में पहुंच रही है। जबकि नवादा में 9 मिनट 42 सेकंड, सारण में 11 मिनट 9 सेकंड, किशनगंज में 11 मिनट 47 सेकंड और गया में 12 मिनट 49 सेकंड में पहुंच रही है। जबकि, राजधानी पटना में सूचना मिलने के 24 मिनट 56 सेकंड में पहुंच रही है। सबसे लेट पहुंचने वाले पांच जिलों की सूची में बक्सर सबसे ऊपर है। यहां 1 घंटा 3 मिनट 11 सेकंड में डायल 112 की गाड़ी पहुंचती है। जबकि, बांका में 34 मिनट 11 सेकंड, अररिया में 30 मिनट 57 सेकंड, सिवान में 30 मिनट 11 सेकंड एवं गोपालगंज में 29 मिनट 18 सेकंड में पहुंच रही है।

# केंद्रीय बलों के तैनाती की नहीं थी पूरी जानकारी: गुलेरिया




**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए शनिवार को हुई वोटिंग के दौरान 17 लोगों की हत्या और कई जगहों पर हिंसा की दिल दहलाने वाली तस्वीरें सामने आईं। इसे लेकर के राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा, सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से मंत्री शशि पांजा और कुणाल घोष ने सीधे तौर पर केंद्रीय बलों को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन अब केंद्रीय बलों के कोऑर्डिनेशन के लिए नियुक्त किए गए बीएसएफ के डीआईजी एसएस गुलेरिया ने बताया कि उन्हें मतदान के पहले तक केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए विस्तृत जानकारी बार-बार मांगने के बावजूद दी ही नहीं गई थी। डीआईजी गुलेरिया ने कहा कि जहां भी केंद्रीय बलों की तैनाती थी, वहां किसी तरह की कोई हिंसा नहीं हुई। किसी ने हिंसा की कोशिश भी की तो हमने उसे पूरी तरह से बेअसर कर दिया। जहां भी मारपीट और हत्या की घटनाएं हुई हैं वहां केंद्रीय बलों की तैनाती ही नहीं थी। उन्होंने बताया कि पांच जून से ही बीएसएफ की ओर से लगातार राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा को पत्र लिखे जा रहे थे और संवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी मांगी जा रही थी। कहां-कहां केंद्रीय बलों को तैनात किया जाना है उसकी भी पूरी जानकारी मांगी जा रही थी, लेकिन अंतिम समय तक केवल मतदान केंद्रों की संख्या और किस जिले में कितने मतदान केंद्र हैं यह बताया गया। लोकेशन क्या है, मतदान केंद्र का नाम क्या है, कहां कितनी संख्या में केंद्रीय बलों को भेजा जाना है, इस बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं मिली। ऐसे में बलों की तैनाती पर संशय के बादल छाए रहे। गुलेरिया ने बताया कि चुनाव आयोग ने कहा कि जिला प्रशासन आप लोगों की तैनाती करेगा, लेकिन जब हम लोग वहां पहुंचे तो हमें केवल बता दिया गया कि कहां कितने लोगों को लेकर जाना है।

# तेजस्वी यादव को फंसाने की साजिश रच रहा केंद्र : चक्रपाणि

**एजेंसी। भागलपुर**

बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु ने रविवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि केंद्र सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को साजिश के तहत फंसाने का षड़यंत्र रच रही है। देश के प्रधानमंत्री सीबीआई एवं ईडी का दुरुपयोग कर तेजस्वी यादव को फंसाने की साजिश कर रहे है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने संप्रदायिक शक्तियों के साथ कभी हाथ नहीं मिलाया। वे युवा छात्र एवं मजदूर किसान की बात करते हैं। देश में शांति सद्भाव एवं भाईचारा बने इसके लिए लगे रहते हैं। डॉ चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि देश निजीकरण के दौर से गुजर रहा है।



सरकारी संपत्ति को अडानी और अंबानी के हाथों में बेचकर देश के सरकारी कर्मचारी को हटाया जा रहा है। देश में संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। आजादी के बाद पहली बार देश में सुप्रीम कोर्ट के चार न्यायाधीश ने कहा कि संविधान खतरे में है। पुलवामा हमला में शहीद सैनिकों का जांच नहीं हुई कि आर डी एस विस्फोटक कैसे आया और कहां से आया। मोदी जी के सभी के खाते में 15 लाख रुपए देने के और 2 करोड़ प्रत्येक साल नौकरी देने के वादे कहां गए। देश में महंगाई चरम सीमा पर है। टमाटर, मिर्ची, डीजल पेट्रोल एवं रसोई गैस का दाम आसमान छू रहा है। देश आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है।

श्री हिमांशु ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी भ्रष्टाचारी को जेल भेजना का वादा किया है। सारे भ्रष्टाचारी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में कैसे भ्रष्टाचार पर रोक लग सकता है। मोदी जी देश में सांसद और विधायक को खरीद कर सरकार बनाने में लगे हैं। जिससे लोकतंत्र पर खतरा उत्पन्न हो गया है। केंद्र सरकार किसान विरोधी है। किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है।

# नई शिक्षा नीति से आने वाले समय में देखने को मिलेंगे सुखद परिणाम : बृजेश पाठक

**एजेंसी। कानपुर**

नई शिक्षा नीति को लेकर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय शिक्षाविदों के महाकुम्भ को संबोधित करते हुए उप्र के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा नई शिक्षा नीति आने वाले समय में सुखद परिणाम देंगे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा की प्रगति को लेकर राज्यपाल के निवेदन पर जो कार्यक्रम आज विश्वविद्यालय में आयोजित गया है, यह बहुत ही अच्छा है। पूरे देश भर के प्रोफेसर शिक्षक गण एक स्थान एवं मंच पर एकत्र होकर हर विषयों पर गहन चिंतन कर रहें हैं। इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ग्रेडिंग में उप्र के कई शिक्षण संस्थान सफलता पाने में काम हुए हैं। राज्यपाल



आनंदीबेन पटेल इस ओर बहुत गंभीरता से काम कर रही हैं, जो कि पहले कभी नहीं हुआ। युवा साथी किस तरह से अच्छी शिक्षा को ग्रहण कर खुद को एक बेहतर नागरिक बना सकें, अब इस पर चिंतन किया जा रहा है। हम एक मंच पर आकर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि यह समागम एक बहुत अच्छा परिणाम देगा। शिक्षाविदों के समागम कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर योगेश सिंह ने कहा कि सेमेस्टर परीक्षाओं के होने से शिक्षा में काफी बड़ा बदलाव हुआ है। जब भी कोई नया परिवर्तन किया जाता है तो लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बदलाव तभी किया जाता है, जब कुछ अच्छा होना होता है। हम बदलाव करेंगे तभी शिक्षा का स्तर बढ़ा सकते हैं। योगेश सिंह ने कहा कि जब कोई नई चीज लागू हो और उसे करना पड़े तो वह थोड़ा सा दुख देती है लेकिन कुछ समय बाद जब हम उसे सीख लेते हैं तो उसी में ही हमें मजा आने लगता है। शिक्षकों को थोड़ा सा जागरूक होना पड़ेगा, क्योंकि बेहतर बनने के लिए हमें आधुनिक युग की तरफ जाना है। शिक्षकों की कमी पहले भी थी। क्लासरूम पहले भी गड़बड़ थे। हमको इसमें ही बेहतर करके दिखाना होगा।

योगेश सिंह ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय के पास संसाधन है लेकिन उन्हें कब और किस समय पर प्रयोग करना है, यह किसी को नहीं मालूम या फिर वह वहां तक सोचते नहीं है। हमें अपने संसाधनों का प्रयोग कब करना है और कहां करना है। इसका चयन करना बहुत जरूरी है। इसका फायदा बच्चों को मिलना चाहिए, तभी वह आगे बढ़ पाएंगे। प्रो. योगेश सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति सत्र के दौरान कहा कि इस पॉलिसी से लोगों को बहुत उम्मीदें हैं। हमें अपनी क्वालिटी मैनपावर को मजबूत बनाना है। उसे कैसे बढ़ाना है, यह हमको अपने स्तर से सोचना पड़ेगा।

# केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने होने वाली जी-20 की बैठक की तैयारियों की समीक्षा

**एजेंसी। इन्दौर**

मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में आगामी 19, 20 और 21 जुलाई को जी-20 समूह के एंप्लॉयमेंट वर्किंग ग्रुप की बैठक का आयोजन होने जा रहा है। इसी सिलसिले में केन्द्रीय श्रम और रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव रविवार को इंदौर पहुंचे। यहां उन्होंने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में जी-20 की बैठक के संदर्भ में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। केन्द्रीय मंत्री यादव इसके पश्चात 56 दुकान पहुंचे और यहां अतिथियों के प्रस्तावित भ्रमण



के संदर्भ में तैयारियों को देखा। इसके पश्चात वे ग्रैंड शेरेटन होटल बायपास भी पहुंचे और यहां प्रस्तावित डिनर और सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर प्रदेश के श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा, कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी, नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

अधिकारियों ने बताया कि भारत की अध्यक्षता वाले जी-20 के इस जमावड़े के शुरूआती दो दिनों में रोजगार कार्य समूह की चौथी बैठक होगी, जबकि तीसरे दिन इस समूह के देशों के श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक होगी। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने तैयारी की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में जी-20 के जमावड़े के दौरान मेहमानों के सामने मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वन्य विरासत की छटा पेश की जाए।उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि जी-20 की आगामी बैठक में शहरवासियों का वैसा ही उत्साह देखने को मिलेगा, जैसा उत्साह प्रवासी भारतीय सम्मेलन और जी-20 के कृषि कार्य समूह की बैठक के पिछले आयोजनों में देखने को मिला था। इंदौर कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया कि शहर में जी-20 की

# बंगाल पंचायत चुनाव में घायल मतदान कर्मियों के लिए मुआवजे का ऐलान

**एजेंसी। कोलकाता**

चुनाव आयोग ने कहा है कि बंगाल पंचायत चुनाव में घायल हुए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी और अन्य कर्मचारियों को मुआवजा दिया जाएगा। शनिवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में मतदान अधिकारियों पर हमले की कई रिपोर्टें सामने आईं, उन जगहों पर जहां चुनाव संबंधी झड़पें और हिंसा बड़े पैमाने पर हुई थी। कई मतदानकर्मियों को रोते हुए देखा गया, कुछ को अस्पताल में भर्ती कराया गया और कुछ हिंसा को देखने के बाद पूरी तरह से सदमे में थे। मतदान अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने कहा




कि वे भविष्य में मतदान संबंधी कार्यों में भाग नहीं लेंगे। पर्यवेक्षकों का मानना है कि प्रभावित मतदान अधिकारियों और कर्मचारियों को मुआवजा देने का निर्णय आयोग और राज्य सरकार के खिलाफ उनकी बढ़ती शिकायतों को कम करने के लिए लिया गया है क्योंकि उनमें से कई ने आरोप लगाया था कि सशस्त्र बलों की तैनाती न होने कारण ऐसा हुआ है। राज्य सरकार के कर्मचारियों के संयुक्त मंच ने मतदान अधिकारियों की दुर्दशा के लिए राज्य चुनाव आयोग के घोर कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। संयुक्त मंच के संयोजक भास्कर घोष ने कहा, हम शुरू से ही दावा करते रहे हैं कि केंद्रीय सशस्त्र बलों की उचित तैनाती के बिना मतदान अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। लेकिन मतदान के दिनों में केंद्रीय बलों की मौजूदगी मुश्किल से ही दिखी। हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार मतदान अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आयोग बुरी तरह विफल रहा है।

**चिंता** | देश में अल-नीनो बढ़ा सकता है किसानों के लिए परेशानी

# गंगा के मैदानी क्षेत्रों में थम सकती है वर्षा

**एजेंसी। कानपुर**

अल-नीनो की वजह से आगामी 10 से 15 दिनों में भारतीय प्रायद्वीप में हुए मानसूनी बदलाव का असर दिखाई देने लगेगा। देश के उत्तर-पूर्व मध्य एवं तटीय भागों में वर्षा में कमी आ सकती है। ऐसा चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विज्ञान विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिकों का मानना है। यह जानकारी रविवार को विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडे ने दी। डॉ. पांडे का अनुमान है कि अल-नीनो किसानों की खेती में समस्या उत्पन्न कर सकता है। जून माह के अंतिम सप्ताह एवं जुलाई के प्रथम सप्ताह से देशभर में जारी लगातार भारी वर्षा की रफ्तार बहुत जल्द थमने वाली है। तीन महीने का औसत इंडेक्स बता रहा है कि प्रशांत महासागर में अल-नीनो के सक्रिय हो जाने का खतरा 98 प्रतिशत तक बढ़ गया है। भारतीय प्रायद्वीप में मानसूनी वर्षा के पैटर्न पर अगले 10 से 15 दिनों में ही इसका असर दिखने लगेगा। देश के उत्तर-पूर्व, मध्य एवं तटीय भागों में वर्षा में कमी आ सकती है। यह स्थिति पूरे अगस्त और सितंबर के पहले पखवाड़े तक जारी रहेगी। स्पष्ट है कि इससे खरीफ की फसलें भी प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि पूरी तरह सूखे की स्थिति नहीं रहेगी। बीच-बीच में वर्षा होती रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों को पहले से ही 2023 को अल-नीनो प्रभावित होने का अंदेशा था। भारतीय मौसम विभाग ने सामान्य




वर्षा का अनुमान व्यक्त किया था, लेकिन अल-नीनो के खतरे से कभी इनकार नहीं किया था। प्रशांत महासागर में अल नीनो की स्थितियां बनने लगी हैं। कई मॉडल 90 प्रतिशत से भी ज्यादा की आशंका दिखा रहे हैं। 15 जुलाई तक अच्छी वर्षा के संकेत हैं, लेकिन इसके बाद से असर दिखने लगेगा। गंगा के मैदानी क्षेत्र में प्रभाव दिखेगा। कानपुर मंडल उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, दिल्ली, पंजाब एवं हरियाणा समेत कुछ राज्यों में वर्षा की औसत मात्रा थोड़ी कम हो जाएगी। कृषि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जुलाई के पहले पखवाड़े में अच्छी वर्षा के चलते पूरे महीने नदी-नाले एवं तालाबों में पानी की कमी नहीं रहेगी। तब तक बुआई हो चुकी होगी। फसल एक बार लग जाने के बाद अगर बीच-बीच में थोड़ी-थोड़ी वर्षा होती रहेगी तो असर ज्यादा नहीं पड़ेगा, लेकिन पठारी एवं ऊपरी इलाकों की फसलों को पानी की आवश्यकता पड़ सकती है। अल नीनो के असर से भारत पहले भी दो-चार हो चुका है। वर्ष 2015 में भी इसके चलते मानसूनी वर्षा में 15 प्रतिशत तक की कमी देखी गई थी। गंगा के मैदानी हिस्सों में 25 प्रतिशत तक कम वर्षा हुई थी। कुछ राज्यों में खरीफ की फसलों को भारी नुकसान हुआ था। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने प्रशांत महासागर की सतह के अध्ययन के बाद भारत समेत कई देशों को अल नीनो को लेकर सतर्क किया है। भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर की सतह के तापमान में वृद्धि होने पर अल-नीनो की स्थिति बनती है। ऐसा तब होता है जब सतह का पानी औसत से 0.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक गर्म हो जाता है। अल-नीनो इंडेक्स बता रहा है कि औसत तापमान इससे बहुत ऊपर जा चुका है। इससे खतरा बेहद मजबूत हो गया है। आईएमडी का आकलन है कि तीन महीने का औसत नीनो इंडेक्स जून के अंतिम तक 0.47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इस महीने के अंत तक इसे बढ़कर 0.81 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने की आशंका है।

## तेज रफ्तार पिकअप वैन ने वृद्ध को मारी ठोकर, मौत

**जशपुर।** जिले के नारायणपुर थानांतर्गत तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने शौच के लिये जा रहे एक 62 वर्षीय वृद्ध को जोरदार ठोकर मार दी, जिसका उपचार के दौरान कुनकुरी अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग 5 बजे पिकअप में दो लोग सवार होकर नारायणपुर थाना क्षेत्र के हस्तिनापुर के करीब पहुंचे थे। जहां शौच जा रहे वृद्ध शिवशंकर नायक (62) को ठोकर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन को तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक चलाया जा रहा था, जिससे घटना घटित हुई। ग्रामीणों की मदद से बुजुर्ग को कुनकुरी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके से भाग रहे तस्करों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा जबकि एक आरोपित भागने में सफल रहा।

NEWS इन ब्रीफ

## फाइनल में जोकोविच से भिड़ना चाहते हैं कार्लोस अल्काराज



**लंदन।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज विंबलडन में निकोलस जैरी की कड़ी चुनौती से बचने के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और संभावित फाइनल में नोवाक जोकोविच से भिड़ना चाहते हैं। सेंटर कोर्ट पर, स्पैनियार्ड ने चौथे सेट में ब्रेक डाउन के बाद वापसी करते हुए 6-3, 6-7(6), 6-3, 7-5 से जीत हासिल की और लगातार दूसरे साल चौथे दौर में वापसी की। अल्काराज ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इस मैच ने आज मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। मैं उस कोर्ट पर वास्तव में सहज महसूस करता हूं। मुझे लगता है कि (मेरे पास) अभी बहुत आत्मविश्वास है। अल्काराज ने अपने प्रतिद्वंद्वी के स्तर को एटीपी रैंकिंग के शीर्ष 10 में जगह पाने के योग्य माना।

## उरुग्वे के गोलकीपर रोशेट इंटरनेशियल मूव के लिए तैयार



**रियो डी जेनेरो।** उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने मोंटेवीडियो क्लब नेशनल छोड़ दिया है, जिससे उनके ब्राजील के इंटरनेशियल में जाने का रास्ता साफ हो गया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल ने सोशल मीडिया पर एक बयान में रोशेट के जाने की पुष्टि की। बयान में कहा गया, नेतृत्व, विनम्रता, प्रतिभा और नेशनल के लिए प्यार के बारे में हमें दिखाने के लिए धन्यवाद। रोशेट, जिन्हें उरुग्वे की राष्ट्रीय टीम के लिए 13 बार कैप किया गया है, ने 2019 में तुर्की के सिवास्पोर से हटने के बाद नेशनल के लिए 136 मैच खेले।

# कनाडा ओपन : सेन फाइनल में, सिंधू सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं

**एजेंसी। कालगैरी**

राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने यहां जापान के केंटा निशिमोटो पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश किया। सेन ने जापान के 11वीं रैंकिंग के खिलाड़ी को 21-17 21-14 से हराकर अपने दूसरे सुपर 500 फाइनल में जगह बनाई। यह एक साल में उनका पहला बीडब्ल्यूएफ फाइनल भी होगा। सत्र के शुरू में सेन फॉर्म में नहीं थे जिससे रैंकिंग में 19वें नंबर पर खिसक गए।

2021 विश्व चैम्पियनशिप में इस 21 साल के खिलाड़ी ने कांस्य पदक जीता था। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना चीन के लि शि फेंग से होगा जिनके खिलाफ उनका जीत का रिकॉर्ड 4-2 का है। सेन ने कहा, काफी खराब शुरूआत हुई, मैं शटल पर अच्छी तरह नियंत्रण नहीं बना पाया। जैसे ही मैं लय में आय तो बेहतर होता गया। 'परफेक्ट नेटप्ले' अहम रहा और हम दोनों ऐसा ही करने की कोशिश कर रहे थे।' उन्होंने कहा, आखिर में मैंने नेट पर नियंत्रण बना लिया और स्मैश भी अच्छे रहे। तकनीकी रूप से





काफी अच्छा मैच खेला। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं।' वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकीं और महिला एकल के सेमीफाइनल में जापान की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची से 14-21 15-21 से हार गईं। रैंकिंग में छठे स्थान पर रह चुके सेन ने पिछला फाइनल पिछले साल अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में खेला था। वह यहां सेमीफाइनल के शुरू में 0-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन जल्द ही उन्होंने 8-8 से बराबरी हासिल की।

ब्रेक तक निशिमोटो 11-10 से बढ़त बनाए थे लेकिन जल्द ही भारतीय खिलाड़ी ने अपने पसंदीदा स्मैश और तेज रिटर्न से वापसी की और अपने प्रतिद्वंद्वी के लांग शॉट से गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में दोनों ने एक दूसरे को बराबरी की टक्कर दी लेकिन सेन की सतर्कता निशिमोटो पर भारी पड़ी। एक समय 2-2 के समान स्कोर के बाद दोनों 9-9 की बराबरी पर थे। ब्रेक तक सेन ने दो अंक की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद सेन 19-11 से आगे थे और निशिमोटो के फिर से नेट पर शॉट लगाने से भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबला जीत लिया। सेन ने कहा, स्टेडियम में काफी भारतीय समर्थक थे, वे पहले दिन से ही आ रहे हैं इसलिये यहां खेलना अच्छा है।

# टी 20 : भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

### हरमनप्रीत ने लगाया अर्धशतक

**एजेंसी। मीरपुर**

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नए अंतरराष्ट्रीय सत्र की शुरूआत अर्धशतक (नाबाद 54 रन) जड़कर की जिससे भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश पर सात विकेट की आसान जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारतीय स्पिनरों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए बांग्लादेश को पांच विकेट पर 114 रन ही बनाने दिये। इसके बाद हरमनप्रीत (35 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और उप कप्तान स्मृति मंधाना (34 गेंद में 38 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़कर लक्ष्य 16.2 ओवर में ही हासिल कर लिया।

हरमनप्रीत ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाया जो उन्हें बायें हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर की गेंदबाजी में मिले। मंधाना ने भी अपनी पारी के दौरान पांच चौके लगाये। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद उसके गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बल्लेबाजों को यह आसान लक्ष्य हासिल करने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। सलामी



बल्लेबाज शेफाली वर्मा हालांकि अपने खराब फुटवर्क के कारण पगबाधा आउट हुई। जेमिमा रोड्रिग्स (11 रन) सुल्ताना खातून की ऑफ ब्रेक गेंद पर बोल्ड हुईं। जिसके बाद हरमनप्रीत और मंधाना ने टीम को आसान जीत की ओर अग्रसर किया।

मंधाना के आउट होने के बाद यास्तिका भाटिया क्रीज पर उतरीं जिन्होंने नाबाद 09 रन बनाये। इससे पहले अनुभवी दीप्ति शर्मा (चार ओवर में 14 रन) की अगुआई वाले स्पिन आक्रमण ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की योजना को बहुत अच्छी तरह मैदान पर उतारा। स्पिन विभाग में अनुषा बारेड्डी (चार ओवर में 24 रन) और मीनू मणी (तीन ओवर में 21 रन देकर एक विकेट) ने उनका बखूबी साथ निभाया। बांग्लादेश की शीर्ष स्कोरर सोर्ना अख्तर (28 गेंद में 28 रन) द्वारा लगाया गया एक छक्का छोड़ दें तो लेग स्पिनर शेफाली वर्मा (तीन ओवर में 18 रन देकर एक विकेट) ने भी अच्छी गेंदबाजी की। बांग्लादेश की बल्लेबाजों को भारतीय गेंदबाजों की रणनीति से काफी मुश्किल हुई। डेब्यू कर रही मणी ने अपना पहला विकेट शमीमा सुल्ताना (17 रन) के रूप में लिया जो स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में जेमिमा रोड्रिग्स को स्क्वायर लेग पर कैच दे बैठीं। पूजा वस्त्राकर ने फिर शाथी रानी (22 रन) को शार्ट गेंद से आउट किया। अनुभवी निगार सुल्ताना (02) रन आउट हुई, फिर शेफाली ने शोभना मोस्त्री (33 गेंद में 23 रन) का विकेट झटका। बांग्लादेश ने 62 डॉट गेंद खेली जो उनकी आधी पारी से भी अधिक हैं। उनकी पारी में आठ चौके और तीन छक्के लगे। इसमें से दो सोर्ना ने लगाये जिससे टीम 100 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रही।

### पृथ्वी शॉ ने दिया बड़ा बयान, कहा

# मैं पुजारा तरह बल्लेबाजी नहीं कर सकते

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अपने करियर की शानदार शुरूआत के बाद पृथ्वी शॉ अब भारतीय टीम में निचले क्रम पर खिसक गए हैं, लेकिन मुंबई के इस युवा खिलाड़ी ने शनिवार को कहा कि वह रन बनाने और राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह वापस हासिल करने के लिए अपने स्वाभाविक 'आक्रामक' खेल पर भरोसा कर रहे हैं। शॉ आखिरी बार भारत के लिए जुलाई 2021 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ टी20कमैच में दिखाई दिए थे। पृथ्वी शॉ ने कहा, व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि मुझे अपना खेल बदलने की जरूरत नहीं है, लेकिन मैं जितना हूं उससे थोड़ा अधिक स्मार्ट हूं। मैं पुजारा सर की तरह बल्लेबाजी नहीं कर सकता। बल्लेबाज या पुजारा सर मेरी तरह बल्लेबाजी नहीं कर सकते।"अलूर में सेंट्रल जोन के खिलाफ वेस्ट जोन के दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के बाद शॉ ने कहा, ₹तो, मैं जो करने की कोशिश कर रहा हूं वह वे चीजें हैं जो मुझे यहां तक लेकर आई हैं, उदाहरण के लिए, आक्रामक बल्लेबाजी, मैं इसे बदलना पसंद नहीं करता। शॉ ने कहा कि वह अपने करियर के इस चरण में अधिक से अधिक मैच खेलना चाह रहे हैं। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वापसी के प्रयास में प्रत्येक रन उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। शॉ ने कहा, मुझे लगता है





कि इस समय मेरे लिए जो भी खेल है वह उतना ही महत्वपूर्ण है। भले ही मैं दलीप ट्रॉफी या अपना मुंबई मैच खेल रहा हूं, मुझे लगता है कि मेरे लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रद र्शन करना बहुत महत्वपूर्ण है। शॉ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में बड़ी पारी खेलना पसंद करते, लेकिन वह अपनी 25 और 26 रन की पारी को प्रभावशाली पारियों में नहीं बदल सके। शॉ ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी कठिन थीं लेकिन उन्होंने रन बनाने की योजना बनाई। शॉ ने कहा, ऐसा नहीं है कि आप हमेशा परफेक्ट हो सकते हैं, लेकिन इस तरह की चीजें होने (रन नहीं बनने) के बाद मैं और अधिक मेहनत करने की कोशिश करता हूं। टी20 थोड़ा अधिक स्लैशिंग है, लेकिन एक समान मानसिकता है।"

उन्होंने कहा, मुझे गेंदबाजों के साथ खेलने की कोशिश करनी चाहिए, उनका ध्यान भटकाना चाहिए और उन्हें वह गेंद देने के लिए मजबूर करना चाहिए जो आप चाहते हैं, न कि वह गेंद जो वे फेंकना चाहते हैं।₹ हालांकि, शॉ को पिछले रणजी सीजन में अपने फॉर्म में आशा की किरण दिखी। उन्होंने मुंबई के लिए छह मैचों में 59.50 की औसत से 595 रन बनाए थे। अब शॉ लाल गेंद क्रिकेट के अपने फॉर्म को अन्य प्रारूपों में भी जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल से ही लाल गेंद क्रिकेट में सब कुछ अच्छा चल रहा है, जब मैंने 370 (असम के खिलाफ 379) रन बनाए थे। सफेद गेंद के साथ, खासकर आईपीएल में, मुझे लगता है कि सब कुछ विपरीत हो रहा है। बल्लेबाजी के बारे में सोचने के लिए आपके पास बस 20 ओवर हैं। मैं सौरव (गांगुली) सर, रिकी (पोंटिंग) सर और प्रवीण (आमरे) सर (दिल्ली कैपिटल्स में) से बात करता हूं।"

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023

# सुमित अंतिल, मरियप्पन और अन्य पेरिस में मजबूत प्रदर्शन के लिए तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। पैरालंपिक भाला फेंक चैंपियन सुमित अंतिल के नेतृत्व में 48 सदस्यीय भारतीय दल शनिवार से शुरू हुई पेरिस 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मजबूत प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। पुरुषों की भाला एफ64 श्रेणी में प्रतिस्पर्धा कर रहे अंतिल के साथ अनुभवी और पैरालंपिक सितारे थंगावेलु मरियप्पन और शरद कुमार (दोनों पुरुषों की ऊंची कूद टी63), युवा ऊंची कूद खिलाड़ी प्रवीण कुमार (टी64) और निशाद कुमार (टी47) के अलावा होनहार योगेश कथुनिया (चक्का फेंक ?फ56) भी शामिल हैं।



अंतिल के लिए, टोक्यो 2020 पैरालंपिक में उनके रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के बाद यह उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी। उन्होंने हालिया फेडरेशन कप सहित कुछ राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लिया है, जहां उन्होंने एक प्रभावशाली विश्व रिकॉर्ड बनाया है। दुबई में 2019 पैरा विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले दो वर्षों से अपनी फिटनेस और प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया है और पेरिस में अपने पदक का रंग बदलने का लक्ष्य रखा है। टीम के अन्य शीर्ष नामों में अनुभवी स्टार एकता भ्यान, महिलाओं के डिस्कस थ्रो में एशियाई पैरा गेम्स चैंपियन, और ट्रैक और फील्ड स्पधाओं में उभरती एथलीट सिमरन शर्मा और निमिषा सी.एस. शामिल हैं।

## हरारे हरिकेंस, बुलावायो ब्रेव्स 20 को टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेंगे

**हरारे।** हरारे हरिकेंस और बुलावायो ब्रेव्स 20 जुलाई को जिम एफ्रो टी10 के उद्घाटन संस्करण के पहले मैच में भिड़ेंगे, आयोजकों ने रविवार को पांच टीमों के टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए इसकी पुष्टि की। ज़िम एफ्रो टी10 जिम्बाब्वे में फ्रेंचाइजी क्रिकेट का पहला प्रवेश है और इसका आयोजन जिम्बाब्वे क्रिकेट और टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। पांच निजी स्वामित्व वाली टीमें हरारे हरिकेंस, डरबन कलंदर्स, केप टाउन सैम्प आर्मी, बुलावायो ब्रेव्स और जोहान्सबर्ग बफेलोज हैं। आयोजकों के अनुसार, ज़िम एफ्रो टी10 के एक्ट 1 में 20 जुलाई को हरारे में एक शानदार उद्घाटन समारोह होगा, जिसके बाद टूर्नामेंट के पहले मैच में हरारे हरिकेंस और बुलावायो ब्रेव्स का आमना-सामना होगा।

# स्वर्ण पदक विजेता कोनेरू हम्पी करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बार की स्वर्ण पदक विजेता कोनेरू हम्पी और कांस्य पदक विजेता द्रोणावल्ली हरिका 23 सितंबर को हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में 10 सदस्यीय भारतीय शतरंज टीम की अगुवाई करेंगी। पुरुष वर्ग में विदित गुजराती और युवा अर्जुन एरिगैसी और महिला वर्ग में हम्पी और हरिका व्यक्तिगत श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। पुरुष टीम में ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, गुजराती, एरिगैसी, पी हरिकृष्णा और आर प्रगानानंद शामिल हैं जबकि महिला टीम में हंपी, हरिका, आर वैशाली, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री टीम स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी। सभी



खिलाड़ी हाल ही में ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में मुश्किल चुनौती का सामना कर के आ रहे है। इस स्पर्धा में उन्हें दुनिया के कुछ महानतम शतरंज खिलाड़ियों से शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा, जिसमें नॉर्वे के पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन भी शामिल थे। टीम की घोषणा रविवार को कानपुर में अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की आम सभा की बैठक के दौरान की गई, जिसकी अध्यक्षता इसके अध्यक्ष संजय कपूर ने की। छत्तीस साल की हंपी टीम की सबसे अनुभवी खिलाड़ी है। उन्होंने 2006 के दोहा एशियाई खेलों में महिला व्यक्तिगत और मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता था। टीम में अन्य एशियाई खेलों की पदक विजेता हरिका हैं, जिन्होंने ग्वांगझोउ में 2010 सत्र में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था। शतरंज 2014 इंचियोन और 2018 जकार्ता खेलों का हिस्सा नहीं था।

## एशियाई ओलंपिक परिषद अध्यक्ष ने हांगचो एशियाड की सफलता पर विश्वास जताया

**बीजिंग।** नये निर्वाचित एशियाई ओलंपिक परिषद ( ओसीए) के अध्यक्ष शेख टलाल फहद अल शाबाह ने शनिवार को बताया कि उनको विश्वास है कि हांगचो एशियाड शानदार होगा। ध्यान रहे, शेख टलाल उस दिन बैंकॉक में आयोजित 42वें ओसीए के पूर्णाधिवेशन पर नये अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने सम्मेलन के बाद बताया कि वे हांगचो एशियाड में भाग लेंगे। उनको पक्का विश्वास है कि हांगचो पूरी तरह तैयार है। यह एक शानदार एशियाड होगा। उन्होंने कहा कि चीन ने पहले कई बड़े खेल समारोहों का सफल आयोजन किया है। इस बार हांगचो एशियाड पहले की तरह असाधारण होगा। हांगचो एशियाड आयोजन समिति ने उस दिन ओसीए के पूर्णाधिवेशन पर तैयारी कार्य की रिपोर्ट की।

### वर्ल्ड कप 2023 | खेल मंत्री अहसान मजारी ने दी गीदड़भभकी

# भारत नहीं आएगी पाकिस्तान क्रिकेट टीम!

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप पांच अक्टूबर से लेकर 19 नवंबर तक भारत में खेला जाना है। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। इसके अलावा पाकिस्तान को अपने लीग के 8 मैच चार शहरों हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में खेलना हैं। लेकिन, वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम के भाग लेने पर संशय है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शेड्यूल जारी होने के बाद कहा था कि वो सरकार से अनुमति मिलने के बाद अपनी टीम को भारत भेजेगा। अब पाकिस्तान के खेल मंत्री अहसान मजारी ने भारत को गीदड़भभकी दी है। मजारी ने कहा कि अगर भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से बचता है, तो उनका देश वर्ल्ड





कप के लिए भारत नहीं आएगा। पाकिस्तान के खेल मंत्री एहसान मजारी ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि भारत भी एशिया कप मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने की मांग को छोड़े वरना हम भी वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भारत नहीं जाएंगे।' मजारी का बयान पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर से हाई लेवल कमेटी बनाने के एक दिन बाद आया है। यह कमेटी ही वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर फैसला करेगी।

अहसान मजारी ने कहा, 'प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की अध्यक्षता में 14 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। उसमें मेरे साथ कुल 11 मंत्री हैं। पाकिस्तान को भारत जाकर क्रिकेट खेलना चाहिए कि नहीं, हम इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे और अपनी सिफारिश प्रधानमंत्री को भेजेंगे। उसी के आधार पर प्रधानमंत्री वर्ल्ड कप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के भेजने का अंतिम फैसला लेंगे।'

## शहबाज शरीफ ने गठित की है कमेटी

**शहबाज** शरीफ की ओर से गठित कमेटी में विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी, खेल मंत्री अहसान मजारी, मरियम औरंगजेब, असद महमूद, अमीन उल हक, कमर जमान कैरा और पूर्व राजनयिक तारिक फातमी शामिल हैं। संबंधित मंत्रियों ने पीसीबी को पहले ही संकेत दे दिए हैं कि एक उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत भेजा जाएगा, जो उन वेन्यू का निरीक्षण करेगा जहां पाकिस्तान को मैच खेलने हैं।



# रूसी ने भारत को दिये कच्चे तेल पर छूट की दर कम की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूक्रेन युद्ध के बाद से भारत को रूस से कच्चे तेल की खरीद पर जो छूट या रियायत मिल रही थी, अब वह काफी घट गई है। वहीं दूसरी ओर रूस द्वारा इस तेल के परिवहन के लिए जिन इकाइयों की व्यवस्था की गई है, वे भारत से सामान्य से काफी ऊंची दर वसूल रही हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय रिफाइनरी कंपनियों से रूस पश्चिम द्वारा लगाए गए 60 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा से कम की कीमत वसूल रहा है लेकिन वह कच्चे तेल के परिवहन के लिए 11 से 19 डॉलर प्रति बैरल की कीमत वसूल रहा है। यह बाल्टिक और काला सागर से पश्चिमी तट तक डिलिवरी के लिए सामान्य शुल्क का दोगुना है। मामले की जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों ने कहा कि रूसी बंदरगाहों से भारत तक परिवहन की लागत 11-19 डॉलर प्रति बैरल बैठ रही है। यह



तुलनात्मक रूप से फारस की खाड़ी से रॉटरडम तक के परिवहन शुल्क से कहीं ऊंची है। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूसी तेल पर यूरोपीय खरीदारों और जापान जैसे एशिया के कुछ देशों ने प्रतिबंध लगा दिया था। इसके चलते रूसी यूराल्स कच्चे तेल का कारोबार ब्रेंट कच्चे तेल यानी वैश्विक बेंचमार्क कीमत से काफी कम दाम पर होने लगा। हालांकि, रूसी कच्चे तेल पर जो छूट पिछले साल के मध्य में 30 डॉलर प्रति बैरल थी, वह अब घटकर चार डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। भारतीय रिफाइनरी कंपनियां कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदलती हैं। अभी ये कंपनियां रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार हैं। इस मामले में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। अर्थव्यवस्था में सुस्ती और वाहनों के बड़े पैमाने पर विद्युतीकरण के चलते चीन का रूस से कच्चे तेल का आयात काफी घट गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### पेरिस में 107 साल बाद बैस्टिल डे परेड में शामिल होगी पंजाब रेजिमेंट

**नई दिल्ली।** अब भारतीय सेना की पंजाब रेजिमेंट पैरिस में मार्च करने को तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब रेजिमेंट के सैनिक 14 जुलाई को होने वाली पेरिस में बैस्टिल डे परेड में भाग लेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार यह 107 वर्षो के बाद फिर यह ऐतिहासिक क्षण दोहराया जाएगा। दरअसल, भारतीय सेना में पंजाब रेजिमेंट की सैनिको के शौर्य की गाथा से शायद ही कोई अपरिचित रहा होगा। पंजाब सिख रेजिमेंट के सैनिको की दहाड़ से ही दुश्मन के पैर कांप जाते हैं। विश्व युद्ध रहा हो या पाकिस्तान से लड़ाई दोनों समय में सिख रेजिमेंट ने अपनी युद्ध कला का लोहा मनवाया। इस साल की परेड इसलिए भी अहम हो जाती क्योंकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को फ्रांसीसी राष्ट्रीय दिवस पर सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### साल 2022 में भारत में आए 5जी नेटवर्क के कवरेज में आई कमी

**नई दिल्ली।** भारत में 5जी सर्विस अक्टूबर, 2022 में पेश की गईं, लेकिन वे अभी भी देश भर में व्यापक रूप से उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते नेटवर्क कवरेज में कमी आई है। इसके अलावा, काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, इस्तेमाल के मामलों में जागरूकता की कमी और 10,000 रुपये और उससे कम कीमत वाले कुछ 5जी हैंडसेट के चलते देश में बड़े पैमाने पर 5जी अपनाने में देरी हो सकती है। काउंटरप्वाइंट के रिसर्च डायरेक्टर तरूण पाठक ने कहा, ₹अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है, खासकर नेटवर्क कवरेज के मामले में।

### अडाणी ने रेलवे टिकट बुकिंग मंच ट्रेनमैन में 30% हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने रेलवे टिकट बुकिंग से जुड़ी कंपनी स्टार्ट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (एसईपीएल) की लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। एसईपीएल रेलवे टिकट की ऑनलाइन बुकिंग करने वाले मंच ट्रेनमैन की संचालक कंपनी है। एसईपीएल ने वित्त वर्ष 2022-23 में 4.51 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। अडाणी एंटरप्राइजेज ने पिछले महीने एसईपीएल की समूची हिस्सेदारी खरीदने के लिए समझौता करने की घोषणा की थी। अडाणी एंटरप्राइजेज ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी अडाणी डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड ने 3.56 करोड़ रुपये में 29.81 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है।

### एफपीआई ने जुलाई में अबतक भारतीय शेयरों में 22,000 करोड़ रुपए डाले




**नई दिल्ली।** अनिश्चित वृहद वैश्विक परिदृश्य के बीच घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,000 करोड़ रुपए डाले हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ह्यह्यअगर यह रुख जारी रहती है, तो जुलाई में एफपीआई का निवेश मई और जून से अधिक हो जाएगा। मई में एफपीआई का शेयरों में निवेश 43,838 करोड़ रुपए और जून में 47,148 करोड़ रुपए रहा था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई मार्च से लगातार भारतीय शेयर बाजार में लिवाल रहे हैं। इस महीने सात जुलाई तक उन्होंने शेयरों में 21,944 करोड़ रुपए डाले हैं। मार्च से पहले विदेशी निवेशकों ने जनवरी और फरवरी में शेयरों से कुल मिलाकर 34,626 करोड़ रुपए निकाले था।

### जीएसटी में गड़बड़ी करने वालों पर अब ईडी कसेगा शिकंजा




**नई दिल्ली।** सरकार ने जीएसटी में चोरी को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। अब सरकार ने गुड्स एंड सर्विसेट टैक्स नेटवर्क को पीएमएलए के तहत लाने का फैसला किया है, जिसके लिए अधिसूचना जारी की गई है। इसका मतलब है कि अब जीएसटी से जुड़े मामलों में ईडी सीधा दखल दे सकेगी। ईडी जीएसटी चोरी करने वालों फर्म, व्यापारी या संस्था के खिलाफ सीधे कार्रवाई कर सकेगी। इनडायरेक्ट टैक्स और कस्टम टैक्स चोरी को रोकने के लिए सरकार की ओर से एक और कदम उठाया गया है। सरकार की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, जीएसटी नेटवर्क का डाटा की पूरी सूचना ईडी को दी जाएगी। अधिसूचना पीएमएलए की धारा 66 (I)(III) के तहत ईडी और जीएसटीएन के बीच जानकारी साझा करने के संबंध में है। पीएमएलए को आतंकी फंडिंग और नशे के पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए लाया गया था। जीएसटीएन के तहत बहुत संवेदनशील जानकारी होती है, जिसके तहत जांच में सहायता हो सकती है। एक्सपर्ट ने कहा कि ईडी को इससे जांच में ज्यादा मदद मिल सकेगी।

### भारत तंजानिया के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को तंजानिया के साथ संबंधों को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए यहां अपने समकक्ष के साथ बातचीत की। जयशंकर ने भारत-तंजानिया संयुक्त आयोग की 10वीं बैठक में तंजानिया के विदेश मामलों और पूर्वी अफ्रीकी सहयोग मंत्री डॉ. स्टरगोमेना टैक्स से मुलाकात की। उन्होंने बैठक में अपनी शुरूआती टिप्पणी में कहा, हमारे लिए, तंजानिया अफ्रीका में चौथा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। यह महाद्वीप में सबसे बड़ा विकास भागीदार है, और मुझे वास्तव में खुशी है कि वर्तमान गति अब बढ़ते सहयोग में विकसित हो रही है।

## टॉप 6 कंपनियों का मार्केट कैप 1.19 लाख करोड़ बढ़ा

# रिलायंस,आईटीसी को अधिक लाभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,19,763.25 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 561.89 अंक या 0.86 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सात जुलाई को सेंसेक्स ने 65,898.98 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 57,338.56 करोड़ रुपए बढ़कर




17,83,043.16 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 21,291.04 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 5,82,602.46 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 18,697.06 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5,29,898.83 करोड़ रुपए और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसज (टीसीएस) की 9,220.81 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 12,16,890.72 करोड़ रुपए रही। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 8,998.26 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 6,62,702.30 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने सप्ताह के दौरान 4,217.52 करोड़ रुपए जोड़े और उसकी बाजार हैसियत बढ़कर 6,33,532.04 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,926.37 करोड़ रुपए घटकर 9,28,657.99 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी के मूल्यांकन में 9,782.7 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 5,12,585.94 करोड़ रुपए पर आ गया।

## विदेश

# पाकिस्तानी लड़की ने अपने पिता से ही रचा ली शादी

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटी ने अपनी ही पिता के साथ शादी कर ली है। सोशल मीडिया पर दोनों की शादी चर्चा का विषय बन गई है। मजेदार बात यह है कि बेटी ने खुद कबूल किया है कि उसने अपने पिता से शादी की है, जिसके बाद वह चौथी पत्नी बन गई है। दोनों का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। ये वीडियो पाकिस्तान से किस जगह का है, इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है। लोग भी इस वीडियो पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। हेमीर देसाई नाम के एक ट्विटर हैंडल ने इस वीडियो को शेयर किया है और वायरल हो रहे वीडियो में ेल्ल ळश इ'ङ्क का वॉटरमार्क आ रहा है। इसे किसी मॉल या एयरपोर्ट के लाउंज में रिकॉर्ड किया लग रहा है। वीडियो में कैमरे के पीछे खड़ी महिला सवाल पूछती है कि आप चौथी बीबी हैं। आपको पता है कि



राबिया अरबी जुबान में अरबउ (कुछ ऐसा ही शब्द) से निकला है और इसका मतलब ही चार है। आप इनकी चौथी बीबी हैं, यह कैसा इत्तेफाक है। सवाल के जवाब में लड़की कहती है कि क्योंकि मैंने सुना ये था कि राबिया नाम की लड़कियां होती हैं, वो चौथी बेटियां होती हैं। फिर मैंने सोचा कि चौथी बेटी तो मैं नहीं हूं क्योंकि मैं दूसरे नंबर पर हूं, इसलिए मैंने कहा कि चलो नाम का मतलब ही चौथे पर फिट होना है तो चौथी शादी ही कर लेती हूं। तो मैं चौथी बीबी बन जाती हूं। वीडियो को देखने के बाद कई यूजर्स ने इस पर आश्चर्य जताया है।

# इस्राइल में न्यायिक सुधार विधेयक पर मतदान से पहले देश में प्रदर्शन

**एजेंसी। तेल अवीव**

इस्राइल के न्यायिक सुधार विधेयक पर मतदान होने से पहले ही देशभर में विरोध-प्रदर्शन तेज हो गया है। तेल अवीव सहित अन्य शहरों में प्रदर्शन किए गए। लोकल मीडिया के मुताबिक, हजारों लोग अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि न्यायिक सुधार कानून न्यायिक प्रणाली को खत्म करने की सरकार की योजना है। इस्राइल में डेढ़ लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इनमें से एक लाख 40 हजार लोग अकेल तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में पहली बार लोग बाहर आए हैं। यह विरोध ऐसे समय में हुआ है, जब सोमवार को नेतन्याहू सरकार की न्यायिक सुधार नीति के तहत कोर्ट की शक्तियां काफी कम करने वाले



विधेयक को राष्ट्रीय विधायिका नेसेट में पढ़ा जाना है। केंद्र, वामपंथी और यहां तक कि दक्षिणपंथी नागरिकों, सैन्य रिजर्व और राजनीतिक दलों द्वारा छह महीने से कड़ा विरोध जताया जा रहा है। विरोध को देखते हुए इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने न्यायिक सुधार को पारित करने के अपने प्रयासों को नवीनीकृत किया है। जून के अंत में, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अपनी सरकार के प्रस्तावित न्यायिक सुधार के सबसे विवादास्पद पहलुओं में से एक नेसेट को सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को पलटने की अनुमति देने वाला प्रावधान हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अलावा नेसेट की शक्ति पर इस्राइल का कोई नियंत्रण नहीं है।

# पाक में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन में मारा गया सेना का मेजर

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, खैबर के शकस जिले में एक इंटेलिजेंस-आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) के दौरान पाकिस्तानी सेना के एक मेजर की मौत हो गई। सेना की मीडिया विंग के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इलाके में 5-6 जुलाई की रात को ऑपरेशन शुरू किया। सेना के मेजर की पहचान कोहाट के 33 वर्षीय निवासी मेजर शाह के रूप में की गई। अफ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार जब आतंकवादियों के भागने से रोकने के लिए अवरोधक लगाने का काम चल रहा तो ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे मेजर अब्दुल्ला ने आतंकवादियों के एक दल को देखा । जब बलों ने उनके काम हस्तक्षेप कर रहे आंतकियों



को रोकने की कोशिश तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप सेना के मेजर की मौत हो गई। एआरवाई न्यूज के अनुसार, सेना की मीडिया विंग ने कहा कि बाद में, सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों और उनके मददगारों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि क्षेत्र में और आतंकवादियों को खत्म करने के लिए एक स्वच्छता अभियान चल रहा था। क्रढफ ने कहा, ₹पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं और हमारे सैनिकों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।

## सहायता — श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारेगा भारत

# अपने पड़ोसी देश की मदद करना रखेगा जारी

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका इस समय इतिहास के सबसे बुरे आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। भारत अपने पड़ोसी देश को संकट से उबारने के लिए लगातार सहायता प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में, एक बार फिर भारत ने श्रीलंका के कठिन समय को पार करने के प्रयासों का समर्थन करने में अपनी भूमिका निभाने की इच्छा दोहराई है। कोलंबो में निर्माण, बिजली और ऊर्जा एक्सपो 2023 का शुक्रवार को उद्घाटन समारोह हुआ। भारत के उप उच्चायुक्त विनोद के जैकब ने कहा कि हाल के वर्षों ने भारत-श्रीलंका के बीच दोस्ती और सर्वांगीण सहयोग को मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि श्रीलंका की आर्थिक मदद करने के लिए अगर कोई सबसे पहले सामने आया तो वो भारत था। इस साल जनवरी में, श्रीलंका के वित्तपोषण और ऋण पुनर्गठन के लिए अपना समर्थन पत्र अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को सौंपने वाला पहला देश भारत ही था। उन्होंने कहा कि भारत आगे भी जापान और पेरिस



क्लब के साथ ऋणदाता समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में रचनात्मक भूमिका निभाना जारी रखेगा। इस साल मई में, ऋण देने वाले 17 देशों ने ऋण से निपटने के लिए श्रीलंका के अनुरोध पर चर्चा करने के लिए भारत, जापान और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में एक आधिकारिक ऋणदाता समिति का गठन किया। बता दें, पेरिस क्लब प्रमुख ऋणदाता देशों के अधिकारियों का एक समूह है, जिसका काम कर्ज देने वाले देशों के सामने आने वाली भुगतान कठिनाइयों का स्थायी समाधान खोजना है। जैकब ने कहा कि भारत की श्रीलंका को 4 अरब डॉलर की वित्तीय और मानवीय सहायता आईएमएफ की कुल निधि सुविधा से कहीं अधिक है। गौरतलब है, विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी के कारण श्रीलंका पिछले साल अपने सबसे बुरे आर्थिक संकट की चपेट में आ गया। सन् 1948 में ब्रिटेन से आजादी के बाद पहली बार सबसे खराब स्थिति से देश गुजर रहा है। ऐसे में, भारत ने अपनी नेबरहुड फर्स्ट नीति के अनुरूप पिछले साल लगभग 4 अरब डॉलर की सहायता प्रदान की। जैकब ने कहा कि पिछले तीन वर्षों ने भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को प्रदर्शित किया है। इस साल जनवरी में विदेश मंत्री एस जयशंकर की श्रीलंका की सफल यात्रा ने बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में निवेश के माध्यम से आगे सहयोग के रास्ते खोले हैं। उन्होंने कहा कि भारत 2022 में श्रीलंका का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था।

### बांग्लादेशी विदेश मंत्री मोमेन ने कहा-'चीन का 'पिछलग्गू' नहीं हमारा देश

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. ए.के. अब्दुल मोमेन ने शनिवार को कहा कि देश संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करता है और वह किसी भी देश के अधीन नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका देश चीन का पिछलग्गू नहीं है। मोमेन ने यह भी कहा कि निकटतम पड़ोसी भारत के साथ बांग्लादेश के संबंध बहुत मजबूत हैं और हम भारत के साथ अपने संबंधों में एक सुनहरे अध्याय में हैं।" मोमेन ने यहां विदेश सेवा अकादमी में डिप्लोमैटिक रिपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के सदस्यों के साथ बातचीत में कहा, कुछ लोग सोचते हैं कि हम चीन की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन (वास्तव में) हम किसी की ओर नहीं जा रहे हैं। उन्होंने चीन को विकास भागीदार बताया, लेकिन ऐसी किसी भी संभावना से इनकार किया कि बांग्लादेश को चीनी ऋण जाल में फंसाया जा सकता है जैसा कि कुछ समूहों या 'पंडितों' द्वारा प्रचारित किया जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश किसी भी देश के अधीन नहीं है और विशेष रूप से ढाका का झुकाव कभी भी चीन की ओर नहीं रहा क्योंकि वह संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति रखता है।

## जैक मा की कंपनी को बड़ा झटका

# चीन ने लगाया एक अरब डॉलर का जुर्माना

**एजेंसी। लंदन**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन सिक्योरिटीज रेगुलेटरी कमीशन, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना और नेशनल फाइनेंशियल रेगुलेटरी एडमिनिस्ट्रेशन ने एक संयुक्त बयान में कहा, एंट ग्रुप ने बैंकिंग और बीमा, भुगतान, मनी लॉन्ड्रिंग और फंड बिक्री में व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित नियमों को तोड़ा है। वहीं, एंट ग्रुप ने जुमार्ने की शर्तों का पालन करने की बात कही है। ग्रुप का कहना है कि वह अपने अनुपालन प्रशासन को और बढ़ाएगा। एंट ग्रुप ई-कॉमर्स दिग्गज अलीबाबा का सहयोगी है, जिसकी स्थापना भी मा ने की है। अलीबाबा के शेयरों में शुक्रवार को तेजी दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी तीन साल पहले ही जांच के घेरे में आ गई थी, जब रिकॉर्ड तोड़ पेशकश की गई थी। साल 2020 के अंत में कंपनी ने 37 अरब डॉलर का आईपीओ लाने का फैसला टाल दिया था। कहा जा रहा था कि यह इतिहास में सबसे बड़ी शेयर बिक्री बनने की राह पर



था। इसके सामने आने पर देश के निजी उद्यम पर अंकुश लगाने के लिए चीनी सरकार द्वारा एक व्यापक अभियान की शुरूआत की गई थी। उसके बाद से चीन के डोमेस्टिक टेक्नोलॉजी सेक्टर पर दो साल तक सरकार ने शिकंजा कस दिया और एंट को अपने बिजनेस में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ा। चीनी सेंट्रल बैंक और सिक्योरिटीज रेगुलेटर ने एक बयान में कहा कि टेक दिग्गज कंपनियों में सुधार लाने के अपने कैपेंन में आगे बढ़ रहे हैं और अब उनका ध्यान सामान्य देखरेख की तरफ है। एंट के इस सेक्टर में उभरने को भी देश की वित्तीय स्थिति के लिए चुनौती के तौर पर देखा गया था। बता दें, अप्रैल 2021 में, एकाधिकारवादी की तरह व्यवहार करने के लिए अलीबाबा पर 2.5 अरब डॉलर का जुमार्ना लगाया गया था, जो चीन के लिए एक रिकॉर्ड है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना में कम्युनिस्ट पार्टी के बॉस गुओ शूकिंग ने जनवरी में बताया कि सरकार की कार्रवाई अनिवार्य रूप से खत्म हो गई है क्योंकि उन्हें आर्थिक विकास, नौकरियों और विदेशों में चीन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की उम्मीद है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# चाइल्डलाइन को राज्य सरकारों के सुपुर्द किया जाएगा : स्मृति ईरानी

**एजेंसी। भोपाल**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को कहा कि अब देशभर में चाइल्डलाइन को प्रदेश की सरकारों के सुपुर्द किया जाएगा, ताकि मुसीबत के वक्त फोन कर गुहार लगाने वाले बच्चों की समस्याओं का स्थानीय प्रशासन त्वरित समाधान कर सके। मंत्री ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा भोपाल के रविन्द्र भवन में बाल संरक्षण, सुरक्षा तथा कल्याण पर आयोजित ह्यवत्सल भारतह्ल क्षेत्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। चाइल्डलाइन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक सेवा है, जो 26 साल पहले शुरू की गई है। चाइल्डलाइन 1098 भारत के गैर सरकारी संगठन चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित दूरभाष सहायता सेवा है। बच्चों के हितों की रक्षा के लिए सातों दिन चौबीसों घंटे चलने वाली यह भारत की पहली निःशुल्क दूरभाष सेवा है जो अनाथ और निराश्रित बच्चों की सहायता करती है। उन्होंने कहा, जेजेबी (किशोर न्याय बोर्ड) हों अथवा चाइल्ड वेल्फेयर कमेटी हों, आप में से कई लोगों ने सुझाव दिया कि अगर फोन गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के पास जाता है तो ऐसी विषम परिस्थिति में गहमागहमी यह होती है कि प्राथमिकी कहां दर्ज हो। ईरानी ने कहा, आपकी इसी चिंता को देखते हुए अब चाइल्डलाइन देशभर में प्रदेश की सरकारों के सुपुर्द किया जाएगा, ताकि बच्चा अगर मुसीबत में हो तो त्वरित रूप से वहां के थाने प्रशासन के पास वो फोन कॉल पहुंचे और त्वरित उसे स्थानीय प्रशासन उस बच्चे को समाधान दे। इस कार्यक्रम में तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के बाल कल्याण समितियों के प्रतिनिधियों, किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी), ग्राम बाल संरक्षण समिति सदस्यों और आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर इरानी के अलावा केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो भी उपस्थित थे।




## NEWS इन ब्रीफ

### भूमि घोटाला मामले में नेपाल के संचार सचिव गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में भूमि घोटाला मामले में संचार मंत्रालय के सचिव कृष्ण बहादुर राउत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने रविवार को त्रिभुवन हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। सीआईबी ने राउत की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन पर भूमि घोटाले में संलिप्तता का आरोप है। यह भूमि घोटाला ललिता निवास मामले के नाम से जाना जाता है। इस मामले में नेपाल के पूर्व मंत्रियों, पूर्व सचिवों के अलावा दो सौ से अधिक पूर्व एवं वर्तमान कर्मचारियों और व्यवसायियों को गिरफ्तार करने के लिए सीआईबी नें वारंट जारी किया है। इससे पहले पुलिस ने भूटानी शरणार्थियों के मामले में पूर्व उप प्रधानमंत्री, पूर्व मंत्री और सचिव समेत 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार एक के बाद एक भ्रष्टाचार और अपराध की बड़ी घटनाओं की फाइलें खोल रही है और कार्रवाई कर रही है।

### भारत-तंजानिया द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर सहमत

**दार अस सलाम।** भारत और तंजानिया अपने द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी साझा की है। दोनों देश कारोबार, निवेश, कृषि, रक्षा एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान कर इसका एक खाका तैयार करेंगे। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को यहां तंजानिया की विदेश मामलों एवं पूर्व अफ्रीकी सहयोग मंत्री स्टरगोमेना टैक्स से यहां 10वें भारत-तंजानिया संयुक्त आयोग बैठक में मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच इस संयुक्त आयोग में सार्थक बातचीत हुई। आयोग ने हमें अपने संबंधों पर नए सिरे से गौर करने का एक मौका दिया। हम उन क्षेत्रों में भी अपना सहयोग मजबूत करने पर सहमत हुए, जिन पर पहले से काम कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत को दोनों देशों के बीच जल साझेदारी पर गर्व है। जल साझेदारी में लगभग एक अरब डॉलर का आसान ऋण शामिल है, जो परियोजनाएं पूरी होने पर 80 लाख तंजानियावासियों को सुरक्षित पेयजल प्रदान करेगा।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 15 मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के रामेश्वरम के 15 मछुआरों को गिरफ्तार किया है, जो रविवार की सुबह नेदुनथीवु के पास मछली पकड़ रहे थे। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि मछुआरे दो मशीनीकृत नावों में थे। वे नेदुनथीवु के पास मछली पकड़ रहे थे जब उन्हें गिरफ्तार किया गया। श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया है। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों को कांकेसंतुरई हार्बर में श्रीलंकाई नौसेना अड्डे पर ले जाया गया। गौरतलब है कि श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के कई मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उन्हें रिमांड पर लिया था। उन्होंने उनकी मछली पकड़ने वाली मशीनीकृत नौकाओं को जब्त कर लिया था। मछुआरों को कुछ सप्ताह जेल की सजा काटने के बाद रिहा कर दिया जाता है जबकि नावें जब्त कर ली जाती हैं। जब्त की गई महंगी मशीनीकृत नौकाओं ने तमिलनाडु के मछुआरों की बस्तियों में बड़ी समस्याएं पैदा कर दी है। राज्य में मछुआरा संघ इसके समाधान के लिए सभी दरवाजे खटखटा रहा है।

## आंध्र प्रदेश में कार-ट्रक की टक्कर से 6 की मौत, एक घायल

**तिरूपति।** आंध्र प्रदेश के तिरूपति जिले में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल हुआ है। यह दुर्घटना तब हुई जब श्रीकालाहस्ती में मित्तकांड्रिगा के पास एक एसयूवी ट्रक से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार महिलाओं सहित दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया, जिसे श्रीकालाहस्ती एरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में दर्शन के बाद सात लोग एसयूवी में तिरुपति से श्रीकालाहस्ती जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि पीड़ित एनटीआर जिले के विजयवाड़ा के रहने वाले हैं। मृतकों की पहचान रमेश, नरसिम्हा मूर्ति, राज्यलक्ष्मी, श्रीलता, अक्षय और वेंकट रामनम्मा के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि पीड़ित श्रीकालाहस्ती रामलिंगेश्वर स्वामी मंदिर की यात्रा कर रहे थे, तभी मित्तकांड्रिगा के पास उनकी कार विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जापान भारतीय छात्रों व उनके स्टार्टअप की वेलकम के लिए तैयार : कोइके युरिको

**नई दिल्ली।** जापान भारतीय छात्रों और उनके स्टार्टअप को वेलकम करने के लिए तैयार है। टोक्यो की गवर्नर कोइके युरिको ने भारत में आईआईटी की अपनी यात्रा पर कहा, हम विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय छात्रों और स्टार्टअप का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।कोइके युरिको ने भारत में गहन तकनीकी नवाचारों पर काम कर रहे स्टार्टअप संस्थापकों के साथ बातचीत की और आईआईटी गांधीनगर में कुछ उन्नत प्रयोगशालाओं का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सिंगापुर के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल भी था। टोक्यो की गवर्नर ने कहा कि टोक्यो भारतीय छात्रों, स्टार्टअप, और व्यवसायों का टोक्यो में काम करने और अपने उत्पादों को विकसित करने के लिए स्वागत करना चाहेगा।

चर्चित एसडीएम ज्योति के खिलाफ

## अमिताभ ठाकुर व भीम आर्मी ने खोला मोर्चा

**नवेन्दु सिंह। लखनऊ**

अपने पति आलोक मौर्य से कानूनी लड़ाई और होमगार्ड कमांडेंट से नजदीकी को लेकर देश भर में चर्चित बरेली में तैनात पीसीएस अफसर ,एसडीएम ज्योति मौर्य की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब तक वसूली के आरोपों में ज्योति मौर्य के विरूद्ध जांच शुरू न होने का तर्क देकर पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने लोकायुक्त से शिकायत करने की चेतावनी दी है। इधर भीम आर्मी ने जातिसूचक टिप्पणी को लेकर ज्योति के विरूद्ध अलग मोर्चा खोल दिया है। पूर्व नौकरशाह अमिताभ ठाकुर ने बयान में कहा है कि महिला अधिकारी के पति की ओर से उपलब्ध कराए गए डायरी के कागजों के आधार पर मामला सीधे तौर पर वसूली का लग रहा था। उन्होंने 21 जून को मुख्यमंत्री योगी को इसकी शिकायत भेजी थी। अब तक इस मामले में कोई जांच नहीं हुई है जो दुखद स्थिति है। इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री को दोबारा शिकायत भेजी है। अगर सात दिनों में महिला अधिकारी की भूमिका को लेकर जांच नहीं की जाती है तो आजाद अधिकार सेना इस मामले को लोकायुक्त के समक्ष ले जाएगी।इधर, भीम आर्मी ने भी महिला अधिकारी पर कार्रवाई कराने को आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन मंडल अध्यक्ष विकास बाबू एडवोकेट ने एसएसपी कार्यालय में ज्ञापन देकर बताया है कि पीसीएस अधिकारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह जातिसूचक शब्द कहती नजर आ रही हैं। इससे जातीय वैमनस्यता फैल रही है। वाल्मीकि समाज के साथ ही वंचित वर्ग अपमान महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारी के खिलाफ एससी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। उन्हें जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। अगर तय समय में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तो भीम आर्मी आंदोलन करेगी। मालूम हो कि बरेली की एसडीएम ज्योति मौर्य के पति आलोक मौर्य ने होमगार्ड मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी का गाजियाबाद के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अफेयर चल रहा है ।पति आलोक ने दावा है कि साल 2020 में उन्होंने लखनऊ के एक होटल में रंगे हाथ ज्योति और मनीष को पकड़ा था, जहां ज्योति ने कबूल किया था कि उसका अफेयर मनीष दुबे के साथ है। और दोनों उनकी (आलोक)हत्या कराने की साजिश रच रहे हैं। उनकी शिकायत पर डीजी होमगार्ड वीके मौर्य ने प्रयागराज के डिप्टी कमांडेंट जनरल संतोष कुमार को जांच सौंपी है।

## राजद के संपर्क में हैं जदयू के 40 फीसदी विधायक : संजय जायसवाल

**एजेंसी। पटना**

बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संजय जायसवाल ने दावा किया कि ललन सिंह के नेतृत्व में जदयू के 40 फीसदी विधायक राजद में शामिल हो सकते हैं और तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बना सकते हैं। ललन सिंह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। भाजपा नेता संजय जयसवाल का बयान महागठबंधन के नेताओं के बीच भ्रम पैदा कर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार को अस्थिर करने का प्रयास हो सकता है। जायसवाल ने कहा, आजकल बिहार में जदयू का अस्तित्व नहीं है। ललन सिंह के नेतृत्व में पार्टी के 40 फीसदी नेता राजद में शामिल होकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बना सकते हैं और ललन सिंह उपमुख्यमंत्री बनेंगे। जयसवाल ने कहा, जदयू के लगभग 60 प्रतिशत नेता भाजपा के संपर्क में हैं। वे नीतीश कुमार के महागठबंधन में शामिल होने के फैसले से खुश नहीं थे। उन्होंने राजद के खिलाफ चुनाव लड़े और अब सरकार में हिस्सेदारी कर रहे हैं।



## सहयोगी दलों को साधने के लिए एनडीए की बैठक 18 जुलाई को


**आरएनएम। नई दिल्ली**

आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों की तैयारी के मद्देनजर भाजपा संगठन में कुछ फेरबदल करने के बाद अब 18 जुलाई को एनडीए की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में महाराष्ट्र से एनसीपी (अजित पवार गुट) और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के नेता भी शामिल होंगे। बिहार से लोकतांत्रिक जनता पार्टी के चिराग पासवान सहित दूसरे दलों के नेता भी शामिल हो सकते हैं। जिनमें वीआईपी ,हम व अन्य कुछ फुटर दलों के नेताओं के आने की संभावना है। पहले सहयोगी रहे लेकिन बाद में छुट्टा - छुट्टी हो जाने के बाद अब फिर तेलुगु देशम और शिरोमणि अकाली दल से भी प्यार जताते हुए साथ मिल अगला लोकसभा चुनाव लड़ने को हंसकर ऑफर दिया जाने लगा है। जो तैयारी चल रही है उसके चलते कई केंद्रीय मंत्रियों को हटाये जाने का भय हो गया है। इस दौरान कई सांसद जो बीते नौ वर्ष के दौरान मंत्री नहीं बने उनको लगता है कि बड़े साहब की उन पर कृपा हो जाएगी। यह भी कहा जा रहा है कि सहयोगी दलों के कुछ सांसदों को भी मंत्री बनाया जा सकता है। चुनावी तैयारी के लिए सभी राज्यों में जिला स्तर पर भी नई टीमों का गठन करने, नए चेहरों को पद देने, पुराने चेहरों को प्रदेश स्तर पदोन्नति करने की योजना बन रही है।

## FILMY हलचल

### अक्षय कुमार ने 'ओएमजी 2' से भगवान शिव के रूप की अपनी झलक की शेयर

**2011** की फिल्म 'ओह माई गॉड' के सीक्वल का काफी इंतजार किया जा रहा है, और दर्शकों को अब आखिरकार फिल्म की पहली झलक देखने को मिलेगी। 'ओएमजी 2' का पहला टीजर 11 जुलाई को रिलीज होगा। अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने रविवार को फिल्म से अपनी भूमिका की एक झलक साझा की। अपनी एक छोटी सी क्लिप के साथ टीजर की घोषणा करते हुए, अक्षय कुमार ने कैप्शन दिया, 'ओएमजी 2 का टीजर 11 जुलाई को आएगा। फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।अक्षय कुमार लंबे उलझे हुए बाल, मोतियों की माला और माथे पर त्रिपुंड के साथ शिव की शक्तिशाली सुंदरता को धारण करते हुए नजर आ रहे है। फैंस ने फिल्म के लिए अपना उत्साह दिखाया है।



### अभिनेत्री काजोल के बयान पर क्यों हो रहा घमासान



बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री काजोल इन दिनों विवादों में घिरी हुई है इस का कारण उनके द्वारा देश के नेताओं दिया गया एक बयान है। जिस पर बवाल मच रहा है. सोशल मीडिया यूजर्स एक्ट्रेस को उनके वायरल कमेंट पर जमकर ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, एक इंटरव्यू में काजोल ने देश के नेताओं की पढ़ाई और स्लो ग्रोथ पर कमेंट कर दिया, जिसपर लोगों को गुस्सा फूट रहा है। देश के नेताओं पर किया गया काजोल का ये बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। हालांकि काजोल ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा मैं केवल शिक्षा और उसके महत्व के बारे में बात कर रही थी। मेरा उद्देश्य किसी भी राजनीतिक नेता को नीचा दिखाना नहीं था।

### 'बिग बॉस' में वही रह सकता है, जो राजनीति का आदी हो : आरती सिंह

**'बिग बॉस** 13' की कंटेस्टेंट रह चुकी आरती सिंह ने शो में रहने के लिए एक आसान जगह नहीं होने पर अपने विचार साझा किए हैं। हाल ही के एक एपिसोड के दौरान, साइरस ब्रोचा ने कहा कि वह 'बिग बॉस ओटीटी 2' के घर के अंदर रहने के दबाव से नहीं निपट सकते और उन्होंने बिग बॉस के साथ-साथ होस्ट सलमान खान से उन्हें चल रहे रियलिटी शो से बाहर निकलने की अनुमति देने का आग्रह किया।

हालांकि, सलमान और बिग बॉस ने उनसे कहा कि जब तक दर्शक उन्हें शो से बाहर नहीं कर देते, तब तक उनके पास यह विकल्प नहीं है, आरती सिंह ने साइरस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बिग बॉस का घर वास्तव में लोगों को बर्बाद कर सकता है, खासकर उन लोगों को जो राजनीति में माहिर नहीं हैं या उनमें धैर्य की कमी है। उन्होंने कहा, "यह उन लोगों के लिए बहुत थका देने वाला हो सकता है जो राजनीति के आदी नहीं हैं और उनमें धैर्य की कमी है। वे फंसा हुआ महसूस कर सकते हैं और छोड़ना चाहते हैं। हालांकि हार न मानने में ही उनकी ताकत है।" उन्होंने कहा, "उन्हें किसी को कुछ भी साबित नहीं करना है, यह उनकी अपनी यात्रा है। यहां तक कि मुझे भी पैनिक अटैक का सामना करना पड़ा है, लेकिन किसी भी स्थिति से अधिक मजबूत होना होगा। मुझे यकीन है कि वह इससे लड़ेंगे।" 'बिग बॉस ओटीटी 2' जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होता है।



विवाद

मंत्री समूह को आम सहमति बनाने की जिम्मेदारी

# यूसीसी पर सरकार जल्दबाजी में नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करना भाजपा का मुख्य एजेंडा रहा है, जिनमें से दो उसने पूरा कर लिया है जबकि यूसीसी मसौदे को अंतिम रूप देने के प्रयास जारी हैं। सरकार और भाजपा यूसीसी मुद्दे पर जल्दबाजी नहीं कर रही है क्योंकि इसका असर मुसलमानों के साथ-साथ ईसाइयों और सिखों सहित अन्य समुदायों पर भी पड़ेगा। यहां तक कि हिन्दू भी इससे प्रभावित होंगे; विशेषकर अनुसूचित जनजातियों के साथ-साथ विभिन्न रीति-रिवाजों और परंपराओं को मानने वाले दलितों पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। कई दशकों के लगातार प्रयासों के बाद अब भाजपा पूर्वोत्तर के कई राज्यों में सरकार चला रही है और अगर यूसीसी को पूरे देश में लागू किया जाता है तो निस्संदेह आदिवासी बहुल पूर्वोत्तर पर इसका बड़ा असर होगा। यही वजह है कि भाजपा इस मुद्दे पर ज्यादा से ज्यादा चर्चा को बढ़ावा दे रही है ताकि सभी वर्ग के लोगों की राय सामने आ सके। यूसीसी पर चल रहे विवाद के बीच यह भी स्पष्ट करने की कोशिश की जा रही है कि इसका मकसद सभी पर एक जैसा कानून या नियम थोपना नहीं है। दावा किया जा रहा है कि यूसीसी में सभी की आस्था का पूरा सम्मान किया जाएगा। हाल ही में भाजपा के राज्यसभा सांसद और यूसीसी मुद्दे पर संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष सुशील मोदी ने भी प्रस्तावित यूसीसी से आदिवासियों और उत्तर-पूर्व को बाहर रखने की वकालत की थी। यह भी साफ दिख रहा है कि सरकार सभी पक्षों को ध्यान में रखकर ही यूसीसी पर आगे बढ़ना चाहती है। हाल ही में यूसीसी से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की अध्यक्षता में अनौपचारिक रूप से गठित मंत्रियों के समूह को यूसीसी पर विभिन्न वर्गों के साथ परामर्श करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। मंत्री समूह में रिजिजू आदिवासियों से संबंधित मुद्दों पर परामर्श करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जी. किशन रेड्डी और अर्जुन राम मेघवाल क्रमशः महिलाओं के अधिकारों, पूर्वोत्तर और कानूनी पहलुओं से संबंधित मुद्दों पर गौर करेंगे। इसके अलावा, भाजपा यूसीसी के बारे में फैलाई जा रही गलतफहमियों को लेकर भी काफी सतर्क है। विधि आयोग द्वारा यूसीसी पर लोगों से सुझाव और राय मांगने के साथ ही देश भर में एक राष्ट्रीय बहस शुरू हो गई है। भाजपा के अलावा आरएसएस से जुड़े मुस्लिम राष्ट्रीय मंच और विश्व हिंदू परिषद जैसे अन्य संगठन भी देश के विभिन्न हिस्सों में यूसीसी के बारे में लगातार चर्चा और संवाद कर रहे हैं ताकि मुसलमानों सहित समाज का हर वर्ग खुलकर अपने सुझाव और विचार सामने रख सके। जनता और उसके आधार पर सरकार अपनी आगे की रणनीति तय कर सकती है।

